कार्तिक कृष्ण पक्ष अष्टमी 01:58 उपरांत नवमी विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

गुरुवार, 24 अक्टूबर 2024
वर्ष 5, अंक 339, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 6 रुपये

# अमृत विचार

बरेली

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com



कनाडा के आसमान में जलकर खाक हो गया क्षुद्रग्रह 16

सोनम बनीं डिओर की नई ब्रांड एम्बेसडर 15

पाँच पीढ़ी की विश्वसनीय हींग परम्परा
सर्वमंगल मांगल्ये शिवे सर्वार्थ साधिके। शरण्ये त्र्यंबके गौरी नारायणी नमोस्तुते॥
हर समझदार गृहणी की पसन्द
एम. के. बन्धानी हींग
51/71, नारायन प्लाजा, नयागंज, कानपुर
फोन: 9519456555, 9695416555

# भारत युद्ध का नहीं, आपसी संवाद और कूटनीति का समर्थक : प्रधानमंत्री

**ब्रिक्स शिखर सम्मेलन**

## मोदी ने युद्ध, आर्थिक संकट, आतंकवाद, जलवायु परिवर्तन जैसी चुनौतियों पर जताई चिंता, कहा-आतंकवाद से निपटने के लिए दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए

कजान, एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रूस-यूक्रेन विवाद का समाधान शांतिपूर्ण वार्ता के माध्यम से करने का स्पष्ट रूप से आह्वान करते हुए बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि भारत युद्ध का नहीं बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करता है।

अपने संबोधन में मोदी ने युद्ध, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन और आतंकवाद जैसी चुनौतियों पर चिंता जताई और कहा कि ब्रिक्स विश्व को सही रास्ते पर ले जाने में सकारात्मक भूमिका निभा सकता है। उन्होंने कहा कि हम युद्ध का नहीं, बल्कि संवाद और कूटनीति का समर्थन करते हैं। और जिस तरह हम एक साथ मिलकर कोविड जैसी चुनौती से पार पाने में सक्षम हुए, उसी तरह हम भावी पीढ़ियों के वास्ते सुरक्षित, मजबूत और समृद्ध भविष्य सुनिश्चित करने के लिए नए अवसर पैदा करने में निश्चित रूप से सक्षम हैं। रूस के कजान शहर में 22 से 24 अक्टूबर तक 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। शिखर सम्मेलन में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन और उनके चीनी समकक्ष शी जिनपिंग सहित ब्रिक्स देशों के शीर्ष नेता भाग ले रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी ने आतंकवाद से निपटने के लिए ठोस वैश्विक प्रयासों की भी वकालत की और कहा कि इस खतरे से लड़ने में कोई दोहरा मापदंड नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा आतंकवाद और इसके वित्तपोषण का मुकाबला करने के लिए, हमें सभी के एकनिष्ठ, दृढ़ समर्थन की आवश्यकता है। इस गंभीर मामले पर दोहरे मानदंडों के लिए कोई जगह नहीं है। समूह के देशों को युवाओं में कट्टरपंथ को रोकने के लिए सक्रिय कदम उठाने की आवश्यकता है।



कजान में 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, रूसी राष्ट्रपति पुतिन और चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग। ● एजेंसी

### सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में भी हो सुधार

प्रधानमंत्री ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद और अन्य वैश्विक निकायों में सुधार की भी वकालत की। उन्होंने कहा कि हमें संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद, बहुपक्षीय विकास बैंकों और विश्व व्यापार संगठन जैसे वैश्विक संस्थानों में सुधारों पर समयबद्ध तरीके से आगे बढ़ना चाहिए। मोदी ने कहा कि जब हम ब्रिक्स में अपने प्रयासों को आगे बढ़ा रहे हैं, तो हमें यह सुनिश्चित करने के लिए सतर्क रहना चाहिए कि इस संगठन की छवि ऐसी न बने कि यह वैश्विक संस्थानों को बदलने की कोशिश कर रहा है, बल्कि यह समझा जाए कि यह संगठन उन्हें सुधारने की इच्छा रखता है। मोदी ने यह भी तर्क दिया कि ग्लोबल साउथ के देशों की आशाओं, आकांक्षाओं और अपेक्षाओं को भी ध्यान में रखा जाना चाहिए।

### आपसी विश्वास भारत-चीन संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे

कजान। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को यहां ब्रिक्स शिखर सम्मेलन से इतर चीन के राष्ट्रपति शी चिनफिंग के साथ द्विपक्षीय वार्ता की और भारत-चीन संबंधों को क्षेत्रीय व वैश्विक शांति तथा स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा कि आपसी विश्वास, सम्मान और संवेदनशीलता दोनों देशों के द्विपक्षीय संबंधों का मार्गदर्शन करेंगे। मई 2020 में पूर्वी लद्दाख सीमा विवाद उत्पन्न होने के बाद दोनों देशों के बीच शीर्ष स्तर पर यह पहली संरचित बैठक थी। बैठक की तस्वीरें एक्स पर साझा करते हुए मोदी ने कहा कि राष्ट्रपति शी जिनपिंग से मुलाकात की। भारत-चीन संबंध हमारे देशों के लोगों के लिए और क्षेत्रीय और वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए महत्वपूर्ण हैं।

## एक नजर

### तमिलनाडु के पूर्व मंत्री के आवास पर ईडी का छापा

**तंजावुर।** तमिलनाडु में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारियों ने धनशोधन मामले में तंजावुर जिले के उरंथरायनकुडिकाडु गांव में अन्नाद्रमुक के पूर्व मंत्री एवं ओराथानाड विधायक आर .वैथिलिंगम के आवास पर बुधवार को छापेमारी की। चेन्नई में एमएलए हॉस्टल में उनके कमरे, दो घरों और परिवार के स्वामित्व वाले एक शैक्षणिक संस्थान की भी तलाशी ली गई।

### झूठी निकली जया बच्चन के मां के निधन की खबर

**नई दिल्ली।** फिल्मी सितारों के फैमिली को लेकर बुरी खबरों के आने का सिलसिला खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। हाल ही में कन्नड़ सुपरस्टार किच्चा सुदीप की मां ने इस दुनिया को अलविदा कहा था। इस बीच हिंदी सिनेमा की दिग्गज अभिनेत्री रहीं जया बच्चन की मां और अमिताभ बच्चन की सास इंदिरा भादुड़ी के निधन की खबर आई, जो गलत निकली।

### पांच लाख रिश्वत लेने में इंजीनियर गिरफ्तार

**खरगोन।** मध्यप्रदेश के खरगोन जिले के कसरावद में एक सब इंजीनियर को लोकायुक्त पुलिस ने पांच लाख रुपये की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया। उसने लंबित बिलों के भुगतान के लिए 15 लाख 50 हजार रुपये की मांग की थी। इंदौर लोकायुक्त डीएसपी दिनेश पटेल ने बताया कि ओमप्रकाश पाटीदार निवासी ग्राम साटकुर तहसील कसरावद जिला खरगोन ने शिकायत की थी।

### यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव 7 नवंबर से

**नई दिल्ली।** यूरोपीय संघ फिल्म महोत्सव के 29वें संस्करण का आयोजन नई दिल्ली, कोलकाता और हैदराबाद में सात से 16 नवंबर के बीच किया जाएगा। यूरोपीय सिनेमा के इस वार्षिक महोत्सव में 31 भाषाओं में 26 पुरस्कार विजेता फिल्में प्रदर्शित की जाएंगी, जिनमें यूरोप महाद्वीप के समाज और संस्कृति की झलक देखने को मिलेगी।

# लाखों राज्यकर्मियों को मिलेगा बोनस, बंपर मनेगी दीपावली

## वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- दैनिक वेतनभोगी भी होंगे लाभान्वित मुख्यमंत्री ने की एक्स पर घोषणा

**अमृत विचार:** राज्य कर्मचारियों को दिवाली से पहले वेतन दे देने की अच्छी खबर के बाद बोनस दिए जाने की खुशखबरी भी राज्य सरकार ने दी है। अधिकतम बोनस 7000 रुपये दिया जाना है। इससे लगभग 8 लाख अराजपत्रित कर्मचारी, शिक्षक और दैनिक वेतनभोगी लाभान्वित होंगे। बुधवार को अपर मुख्य सचिव दीपक कुमार ने इसकी घोषणा की। ऐसे कर्मचारियों को वर्ष 2022-23 के लिए 30 दिन के तदर्थ बोनस भुगतान के आदेश जारी किए गए हैं।

हाल ही में दिवाली से एक दिन पहले 30 अक्टूबर को वेतन देने का आदेश राज्य सरकार ने जारी किया था। उस आदेश से 26 लाख कर्मचारियों और पेंशनरों को बड़ी राहत मिलेगी। ताजा शासनादेश के मुताबिक जिन कर्मचारियों का वेतन मैट्रिक्स लेवल-8 (47600-151100) तक है, उन्हें 30 दिन का तदर्थ बोनस दिया जाएगा। इसकी अधिकतम राशि 7000 रुपये तय की गई है। 31 मार्च 2024 को मासिक परिलब्धियां 7000 रुपये से ज्यादा होने पर निश्चित फार्मूले के आधार पर 6908 रुपये बोनस मिलेगा। बोनस की जद में आने वाले सभी कर्मचारियों का इस राशि का 75 प्रतिशत भविष्य निधि खाते में जमा किया जाएगा। जबकि 25 प्रतिशत का नगद भुगतान किया जाएगा। जो कर्मचारी भविष्य निधि खाते के सदस्य नहीं होंगे, उन्हें यह धनराशि नेशनल सेविंग सर्टिफिकेट (एनएससी) के रूप में दी जाएगी। 31 मार्च 2024 के बाद और 30 अप्रैल 2025 तक रिटायर होने वाले कर्मचारियों को पूरा बोनस नगद दिया जाएगा।

वहीं मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से भी इस बारे में सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर बुधवार को जानकारी साझा की गई है। इसके अनुसार मुख्यमंत्री ने राज्य के सभी पूर्णकालिक अराजपत्रित राज्य कर्मचारियों, राज्य निधि से सहायता प्राप्त शिक्षण और प्राविधिक शिक्षण संस्थाओं, स्थानीय निकायों, जिला पंचायतों और राजकीय विभागों के कार्य प्रभारित अधिष्ठान के कर्मचारियों के साथ ही दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों को भी 2023-2024 के लिए बोनस देने का फैसला किया है। मुख्यमंत्री ने इससे पहले पुलिस स्मृति दिवस पर पुलिसकर्मियों के वर्दी भत्ते में 70 प्रतिशत की वृद्धि के साथ-साथ बैरक में रहने वाले कॉन्स्टेबल और हेड कॉन्स्टेबल के एकोमोडेशन अलाउंस में 25 प्रतिशत की वृद्धि की घोषणा की थी।



### ऐसे दैनिक वेतनभोगियों को मिलेगा बोनस

ऐसे दैनिक वेतनभोगी कर्मचारी, जिन्होंने सप्ताह में छह दिन कामकाज वाले कार्यालय में तीन वर्ष या उससे ज्यादा लगातार काम किया होगा और हर साल कम से कम 240 दिन कार्यरत रहे होंगे, उन्हें सुविधा मिलेगी। दैनिक वेतनभोगियों के बोनस की गणना 1184 रुपये महीना तय की गई है।

### ऐसे कर्मचारियों को बोनस का लाभ नहीं

वर्ष 2023-24 में जिन कर्मचारियों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई हुई हो या आपराधिक मुकदमे में दंडित हों, उन्हें बोनस नहीं मिलेगा। वहीं जिन कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच चल रही है या किसी अदालत में आपराधिक मुकदमा लंबित है, उन्हें दोषमुक्त होने पर ही बोनस मिलेगा। तब तक राशि स्थगित रहेगी।

# अफवाहों को न रोकना तो जुर्म को बढ़ावा देना हुआ

- विमान धमकियों के मामले में सरकार का एक्स-मेटा से सवाल

**नई दिल्ली।** विमानों को बम धमकियों के मामले में बुधवार को आईटी मिनिस्ट्री ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स, मेटा और एयरलाइन कंपनियों के साथ वर्चुअल मीटिंग की। सरकार ने पूछा कि आपने इन खतरनाक अफवाहों को फैलने से रोकने के लिए क्या किया। जो हालात हैं, उनसे जाहिर होता है कि आप जुर्म को बढ़ावा दे रहे थे।

मीडिया रिपोर्ट्स में सूत्रों के हवाले से इस मीटिंग के बारे में जानकारी दी गई है। पिछले 9 दिनों में ही 170 से ज्यादा विमानों को धमकियां दी गई हैं। देश में यात्री विमानों को मिल रही धमकी का सिलसिला लगातार जारी है। मंगलवार को भी 50 से ज्यादा फ्लाइट्स को बम से उड़ाने की धमकी मिली थी। इसमें एयर इंडिया और इंडिगो की 13-13 उड़ानों, अकासा एयर की 12 से अधिक उड़ानों और विस्तारा की 11 उड़ानों को धमकी मिली थी। मामले में सरकार ने सख्ती का फैसला लिया है। ऐसी धमकी देने वालों के नाम 'नो फ्लाई लिस्ट' में शामिल किए जा सकते हैं।

# राज्यों को हर तरह की शराब पर कर लगाने का अधिकार

नई दिल्ली, एजेंसी

- नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने 8:1 के बहुमत से दिया फैसला
- सिर्फ केंद्र सरकार के नियंत्रण के अधिकार को किया खारिज

उच्चतम न्यायालय ने राज्यों के राजस्व की दृष्टि से एक महत्वपूर्ण निर्णय देते हुए हर प्रकार की शराब पर कर लगाने के उनके अधिकार को बरकरार रखा है। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ की अध्यक्षता वाली नौ सदस्यीय संविधान पीठ ने इस मामले में बुधवार को 8:1 के बहुमत से यह फैसला सुनाया और सात न्यायाधीशों की पीठ के पहले के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें व्यवस्था दी गई थी कि औद्योगिक अल्कोहल के उत्पादन के नियंत्रण का अधिकार केंद्र सरकार को है। इस मामले को नौ न्यायाधीशों की संविधान पीठ के समक्ष वर्ष 2010 में रखा गया था।



राज्यों के अधिकार के पक्ष में फैसला देने वाले न्यायमूर्ति चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति हृषिकेश रॉय, न्यायमूर्ति अभय एस ओका, न्यायमूर्ति जेबी पारदीवाला, न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा, न्यायमूर्ति उज्ज्वल भुईया, न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह ने कहा कि औद्योगिक कार्यों में इस्तेमाल होने वाली अल्कोहल राज्य सूची की प्रविष्टि 08 के तहत 'मादक स्प्रिट' के अर्थ में आती है, इसलिए राज्य इसे विनियमित कर सकते हैं और कर लगा सकते हैं।

पीठ ने बहुमत के फैसले में कहा कि औद्योगिक शराब और उसे तैयार करने वाले कच्चे माल सहित सभी प्रकार की शराब पर कर लगाने का अधिकार राज्यों को है। शीर्ष अदालत का यह फैसला राज्य सरकारों के राजस्व में बड़ी वृद्धि करने वाला है। दूसरी ओर, न्यायमूर्ति बीवी नागरत्ना ने पीठ के अन्य सदस्यों के फैसले से असहमतिपूर्ण निर्णय दिया। शीर्ष अदालत ने कहा कि प्रविष्टि 08 के तहत मादक स्प्रिट (लिकर) को पीने योग्य शराब तक सीमित नहीं किया जा सकता। संविधान की सातवीं अनुसूची की 52वीं प्रविष्टि में संसद को उन उद्योगों के सम्बन्ध में कानून बनाने का अधिकार दिया गया है जो लोक हित में उचित हो। पीठ ने कहा कि दोनों प्रविष्टियों के बीच कहीं-कहीं दोहराव (ओवरलैप) हो सकता है ।

# जब कानून ही शक्तिहीन तो कोई पालन क्यों करेगा

नई दिल्ली, एजेंसी

- सुप्रीम कोर्ट ने पराली जलाने को लेकर की केंद्र सरकार की खिंचाई

उच्चतम न्यायालय ने पर्यावरण संबंधी कानून को शक्तिहीन बनाने के लिए बुधवार को केंद्र की खिंचाई की और कहा कि पराली जलाने पर जुर्माने से संबंधित वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग (सीएक्यूएम) अधिनियम के प्रावधानों को लागू नहीं किया जा रहा है।

न्यायमूर्ति अभय एस. ओका, न्यायमूर्ति अहसनुद्दीन अमानुल्ला और न्यायमूर्ति ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने कहा कि राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र और निकटवर्ती क्षेत्रों में वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग अधिनियम, 2021 (सीएक्यूएम अधनियम) को वायु प्रदूषण पर अंकुश लगाने के लिए कानून के क्रियान्वयन को लेकर आवश्यक व्यवस्था किए बिना ही लागू कर दिया गया। केंद्र की ओर पेश हुईं अतिरिक्त सॉलिसिटर जनरल ऐश्वर्या भाटी ने कहा कि सीएक्यूएम अधिनियम की पराली जलाने के लिए जुर्माने से संबंधित निर्देश 10 दिन में जारी कर दिए जाएंगे। पीठ ने कहा कि आपके नोटिस को कौन गंभीरता से ले रहा है, क्योंकि कानून के तहत इसकी प्रक्रिया का प्रावधान नहीं है।

# 4.50 करोड़ की नकली दवाइयां पकड़ी गयीं

**आगरा।** आगरा में सिकंदरा थानाक्षेत्र के शास्त्रीपुरम में पुलिस और एंटी नारकोटिक्स टॉस्क फोर्स (एएनटीएफ) ने नकली दवा बनाने वाली फैक्ट्री का भंडाफोड़ किया। एएनटीएफ ने बताया कि उसे वहां साढ़े चार करोड़ रुपये की नकली और नशे की दवाएं एवं 3.50 करोड़ रुपये का कच्चा माल एवं मशीनरी मिली हैं। एएनटीएफ के अधिकारी इरफान नासिर खान ने बताया कि फैक्ट्री से दस लोगों को पकड़ा गया है तथा साढ़े चार करोड़ की दवाएं एवं साढ़े तीन करोड़ की मशीनें बरामद किया गया है। देश के अलावा बांग्लादेश, पाकिस्तान, नेपाल, वर्मा, भूटान तक इन दवाओं की तस्करी हो रही थी।

# होटल में थूक लगाकर बनाता था रोटी, गिरफ्तार

रामनगर/सूरतगंज (बाराबंकी)

- वीडियो वायरल होने पर पुलिस ने दबोचा, सील किया होटल

**अमृत विचार :** कस्बा सुढ़ियामऊ के एक होटल पर थूक लगाकर रोटी तंदूर में सेंकने का वीडियो वायरल होने पर खाद्य सुरक्षा विभाग और पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। वहीं एफएसडीए की टीम ने होटल को सील करवा दिया है।

फतेहपुर कोतवाली क्षेत्र के नवीगंज मजरे अल्लापुर रानीमऊ निवासी मो. इरशाद, मो. सैफ व मो. तनवीर रामनगर क्षेत्र के कस्बा सुढ़ियामऊ पूर्व माध्यमिक विद्यालय के सामने हाफिज जी के नाम से होटल चलाते हैं। सोमवार शाम को इरशाद का एक वीडियो वायरल हुआ जिसमें इरशाद रोटी पर थूककर तंदूर में सेंकता दिख रहा है। मंगलवार शाम फतेहपुर क्षेत्र की खाद्य सुरक्षा निरीक्षक पल्लवी तिवारी टीम के साथ होटल पर पहुंची और होटल संचालन न किए जाने की नोटिस चस्पा कर दी। इस संबंध में रामनगर थाना प्रभारी निरीक्षक अजय त्रिपाठी ने बताया कि होटल सील है, होटल संचालक इरशाद को गिरफ्तार कर लिया गया है। एसपी उत्तरी चिरंजीव सिन्हा ने कहा कि आरोपी के खिलाफ सख्त कार्यवाही होगी।

# प्रियंका ने वायनाड से किया नामांकन

- राहुल गांधी, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे रहे मौजूद
- रोड शो में उमड़ी भीड़, राहुल बोले-अब वायनाड से दो सांसद

वायनाड, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने 13 नवंबर को होने वाले वायनाड लोकसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को अपना नामांकन दाखिल किया।

कांग्रेस अध्यक्ष मलिकार्जुन खरगे, राज्यसभा सदस्य एवं कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी, विपक्ष के नेता राहुल गांधी और एआईसीसी के संगठन सचिव केसी वेणुगोपाल मौजूद रहे। बाद में रॉबर्ट वाड्रा और इंडियन यूनियन मुस्लिम लीग के प्रदेश अध्यक्ष पनक्कड़ शिहाबली थंगल भी कलेक्ट्रेट पहुंचे। नामांकन से पहले रोड शो किया जिसमें हजारों की भीड़ उमड़ी।

प्रियंका ने नामांकन से पहले कलपेट्टा में एक जनसभा में कहा कि मैंने 1989 से लेकर पिछले 35 सालों तक पिता राजीव गांधी, मां सोनिया गांधी और भाई राहुल गांधी के लिए प्रचार किया है, लेकिन पहली बार अपने लिए प्रचार कर रही हूं। राहुल गांधी ने कहा कि वायनाड निर्वाचन क्षेत्र से दो सांसद हैं, एक आधिकारिक और दूसरा अनौपचारिक होगा। उन्होंने आश्वासन दिया कि प्रियंका गांधी और वह दोनों मिलकर काम करेंगे और लोकसभा में वायनाड के लोगों के मुद्दों को उठाएंगे।



नामांकन के दौरान प्रियंका गांधी के साथ मौजूद राहुल, सोनिया और कांग्रेस अध्यक्ष खरगे।

# गर्लफ्रेंड से शादी को बीबीए के छात्र ने रची अपने ही अपहरण की कहानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- भाई को फोन करा दो लाख रुपये फिरौती मांगी, 40 हजार वसूले
- छात्र समेत तीन गिरफ्तार, फिरौती के पैसों से करना चाहता था व्यापार

**अमृत विचार :** बीबीए के छात्र ने गर्लफ्रेंड से शादी करने के लिए दो दोस्तों संग मिलकर अपने ही अपहरण की कहानी रच डाली। छात्र ने भाई को फोन करा दो लाख की फिरौती मांगी और 40 हजार रुपये वसूल भी लिए। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार कर लिया। खुलासा हुआ तो परिजन दंग रह गए।

मीरानपुर कटरा के मोहल्ला मुगलान निवासी संजीव कुमार त्यागी उर्फ संजू (22) बरेली के भोजीपुरा स्थित सिद्धि विनायक कॉलेज में बीबीए का छात्र है। संजीव 21 अक्टूबर को पूर्वाह्न 11 बजे कॉलेज के लिए निकला, लेकिन वापस नहीं आया। सूचना पर पुलिस ने तलाश शुरू की। मंगलवार को किसी ने संजीव के बड़े भाई अखिल त्यागी को फोन किया कि संजीव का अपहरण कर लिया है, दो लाख रुपये चाहिए। पहली किस्त 40 हजार रुपये लेकर बुलाया। अखिल बताए गए स्थान पर रुपये लेकर पहुंचे जहां दो युवकों गुरशान सिंह निवासी गांव कथौला बेनीराम थाना भोजीपुरा और मंगेश यादव उर्फ छोटू निवासी गांव नवदिया कल्याणपुर थाना फरीदपुर ने रुपये ले लिए और दूसरी किस्त लेकर बुधवार सुबह बुलाया। बुधवार सुबह 9: 45 बजे संजीव और उसके दोनों साथी कटरा क्षेत्र में बहगुल नदी के पुराने पुल के नीचे पहुंचे। पुलिस ने तीनों को दबोच लिया। संजीव ने बताया कि वह गर्लफ्रेंड से शादी करना चाहता है। नौकरी नहीं मिली तो व्यापार करने की सोची और पैसों के लिए अपने अपहरण की साजिश रच डाली। वह चाहता था कि अच्छा व्यापार करे ताकि गर्लफ्रेंड के परिवार की नजर में खुद को लायक दिखा सके।

> बीबीए के छात्र ने अपने ही अपहरण की कहानी पैसों के लिए रची थी। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। **-अमित चौरसिया,** सीओ तिलहर।

**अखिल भारतीय कार्यकारिणी मंडल की बैठक के मुद्दों की प्रचार प्रमुख ने दी जानकारी, संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार सहित अभी तक हुए कार्यों की समीक्षा भी होगी**

# पंच परिवर्तनों के साथ शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार करेगा संघ

गजेंद्र चौहान, मथुरा

**अमृत विचार:** मथुरा स्थित गऊग्राम परखम के दीनदयाल उपाध्याय गोविज्ञान एवं अनुसंधान केंद्र पर राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की वार्षिक अखिल भारतीय कार्यकारी मण्डल की बैठक में सर संघचालक के पंच परिवर्तन विचारों, उनके संबोधन के महत्वपूर्ण विषयों के अनुपालन के लिए योजनाओं के अलावा अन्य विषयों पर चर्चा हो रही है। संघ के शताब्दी वर्ष में कार्य विस्तार की रूपरेखा भी बैठक में बनाई जाएगी। इसमें सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत समेत संघ के सभी बड़े पदाधिकारी शामिल रहेंगे। यह जानकारी बुधवार को गऊ ग्राम परखम में संघ के अखिल भारतीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर ने पत्रकारों को दी।

उन्होंने बताया कि विजयादशमी पर सरसंघचालक ने अपने संबोधन में जिन विषयों को उठाया वे बहुत ही महत्वपूर्ण हैं। उनके अनुवर्तन के लिए योजनाओं के साथ-साथ देश में चल रहे सम सामयिक विषयों पर व्यापक चर्चा बैठक में की जा रही है। मार्च में अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा में निर्धारित वार्षिक योजना की समीक्षा और संघ कार्य के विस्तार का वृत्तांत भी इस बैठक में लिया जाएगा। विशेष कर संघ शताब्दी के लिए सुनिश्चित संगठनात्मक लक्ष्यों को विजयादशमी 2025 तक पूर्ण करने के संबंध में विचार-विमर्श किया जाएगा। सुनील आंबेकर ने बताया कि अगली विजयादशमी पर संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूरे हो जाएंगे। आगामी विजयादशमी स्वयंसेवकों के लिए महत्वपूर्ण है। इस दौरान देश भर में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। बताया कि विजयादशमी पर अपने संबोधन में सर संघचालक डॉ. मोहन भागवत ने कई विषयों की ओर ध्यान दिलाया। इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव ,समाज में शान्ति का भाव, परस्पर सौहार्द आदि विषयों पर बैठक में चर्चा होगी। आंबेकर ने बताया कि सरसंघचालक द्वारा दिए गए पंच परिवर्तन (सामाजिक समरसता, कुटुम्ब प्रबोधन, पर्यावरण, स्व आधारित जीवन शैली और नागरिक कर्तव्य) को शताब्दी वर्ष में समाज में ले जाने का कार्य किया जाएगा। प्रेस ब्रीफिंग में पश्चिमी उत्तर प्रदेश क्षेत्र संघचालक सूर्यप्रकाश टोंक, अखिल भारतीय सह प्रचार प्रमुख नरेन्द्र ठाकुर एवं प्रदीप जोशी, क्षेत्र प्रचार प्रमुख पदम सिंह एवं सह प्रांत प्रचार प्रमुख कीर्ति कुमार उपस्थित रहे।



संघ के राष्ट्रीय प्रचार प्रमुख सुनील आंबेकर और पश्चिम उप्र के संघ चालक सूर्य प्रकाश।

### मोहन भागवत, दत्तात्रेय होसबोले बैठक में रहेंगे

सुनील आंबेकर ने कहा कि बैठक में सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत, सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, सह सरकार्यवाह डा. कृष्ण गोपाल, डा. सीए मुकुन्दा, अरुण कुमार, रामदत्त चक्रधर, आलोक कुमार और अतुल लिमये, कार्य विभाग प्रमुख एवं कार्यकारिणी के सदस्यों सहित 393 कार्यकर्ता उपस्थित रहेंगे।

### डीएम ने डिस्ट्रिक्ट इन्फोर्समेंट टीम गठित कर कराया गहन निरीक्षण

# जांच टीम को कोचिंग सेंटर्स के निरीक्षण में मिलीं अव्यवस्थाएं

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- जिला स्तरीय अधिकारियों की टीम ने पंजीकृत 11 संस्थानों का किया आकस्मिक निरीक्षण
- व्यवस्थाएं दुरुस्त कराने को डीआईओएस को दिए नोटिस जारी करने के निर्देश

**अमृत विचार :** पिछले दिनों राजधानी दिल्ली की एक कोचिंग में घटी अप्रिय घटना से सचेत रहते हुए डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह ने डिस्ट्रिक्ट इन्फोर्समेंट टीम का गठन कर कोचिंग सेंटर्स का बुधवार को गहन निरीक्षण कराया। टीम में जिला स्तरीय अधिकारियों को शामिल किया गया है। निरीक्षण के दौरान कई कोचिंग में अव्यवस्थाएं सामने आईं। निरीक्षण रिपोर्ट संतोषजनक नहीं मिलने पर डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिए हैं कि सभी कोचिंग संचालकों को नोटिस जारी कर व्यवस्था तत्काल सुधारवाना सुनिश्चित करें।

डीएम के निर्देश पर बुधवार को नगर निगम क्षेत्रांतर्गत संचालित 11 पंजीकृत कोचिंग सेंटरों का टीम द्वारा आकस्मिक निरीक्षण किया गया। टीम के सदस्यों ने एसएसवी स्टडी सर्किल बृज बिहार कॉलोनी, विश्वास कॉमर्स एकेडमी रोशनगंज, विद्या मैथमैटिक्स क्लोसेस महमंदगढ़ी, एमए खान क्लासेस खलीलशर्की, न्यू ट्रु सल्यूशन स्टडी पवाइंट हुंडालखेल, इन्नोवेटिव क्लासेस ताजूखेल, न्यू ट्रु टेंपिल आफ एजूकेशन सेंटर बीबीजई हद्दफ, अभिषेक केमेस्ट्री क्लासेस घंटाघर, पाल मैथ क्लासेस शास्त्रीनगर कलोनी, लंडन एकेडमी चमकनी बहादुरगंज और विज्ञान गुरुकुल विवेकानंद हाईस्कूल बृज बिहार कलोनी का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने कोचिंग संस्थानों में पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं से कोचिंग की व्यवस्थाओं समेत अन्य समस्याओं के बारे में गहनता से जानकारी ली। जिन कोचिंग में वेंटिलेशन अथवा अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं में कमी पायी गई, उनके संचालकों को व्यवस्था में सुधार करने के निर्देश दिए गए। वहीं, जांच रिपोर्ट का संज्ञान लेते हुए डीएम ने डीआईओएस को निर्देश दिए कि वह अव्यवस्था वाले कोचिंग संस्थानों को नोटिस भेजकर तत्काल सभी व्यवस्थाएं दुरुस्त कराना सुनिश्चित करें।

**आपात स्थिति में राहत पंहुचाने के लिए देखा संपर्क मार्ग**

कोचिंग संस्थानों में सुरक्षा की दृष्टि से लगे सीसीटीवी कैमरों, अग्निशमन यंत्रों तथा आपात स्थिति में बचाव एवं राहत पंहुचाने के लिए संपर्क मार्ग, छात्र–छात्राओं के लिए अलग–अलग शौचालय, शुद्ध पेयजल, वेंटिलेशन, पंखे आदि की आवश्यक व्यवस्था की भी जांच की गई। जांच टीम के सदस्यों ने सभी कोचिंग संचालकों को सामान्य सुविधाओं एवं व्यवस्थाओं को सुनिश्चित कराने के निर्देश दिए।

## प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता से लौटे खिलाड़ी पुरस्कृत

कार्यालय संवाददाता शाहजहांपुर



खिलाड़ियों को पुरस्कृत करते प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब। • अमृत विचार

- इस्लामिया इंटर कॉलेज में हुआ कार्यक्रम का आयोजन

**अमृत विचार :** इस्लामिया इंटर कॉलेज में प्रदेश स्तरीय वॉलीबाल प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने वाले छात्रों को मेडल पहना कर पुरस्कृत किया गया।

बुधवार को स्कूल में आयोजित कार्यक्रम में प्रधानाचार्य लेफ्टिनेंट मोहम्मद अयूब ने खिलाड़ियों की प्रशंसा करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कॉलेज के क्रीड़ा अध्यक्ष तस्दीक खां ने कहा कि कॉलेज के खिलाड़ी वॉलीबाल में अपना विशेष योगदान देते आ रहे हैं। भविष्य में निश्चित रूप से खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर पर पहचान स्थापित करेंगे। पुरस्कृत होने वाले छात्रों में बिलाल, मिल्हान खां और अब्दुल अजीम शामिल रहे। इन तीनों छात्रों ने मंडलीय टीम में स्थान पक्का किया था। इस अवसर पर मोहम्मद अफरोज खां, तौहीद आलम खां, अब्दुल हलीम, तस्लीम अहमद, मोहम्मद हारुन खां, आदिल फारुक, फैसल रियाज खां, सगीर अहमद, इश्तियाक अली आदि शिक्षक मौजूद रहे।

### एक नजर

**प्रधान से अभद्रता पड़ी भारी सफाई कर्मी निलंबित**

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** ब्लॉक के मुनव्वरगंज बरेंडा में तैनात सफाई कर्मचारी सर्वेश कुमार द्वारा ग्राम प्रधान से अभद्रता, गांव में सफाई न करना, लगातार बगैर दिए अनुपस्थित रहना और सहायक विकास अधिकारी पंचायत कांट के कार्यालय में जाकर गाली–गलौज किए जाने को लेकर डीपीआरओ घनश्याम सागर ने सफाई कर्मचारी सर्वेश कुमार को निलंबित कर दिया है। डीपीआरओ ने बताया कि प्रकरण की जांच को सहायक विकास अधिकारी पंचायत भावलखेड़ा को जांच अधिकारी नामित किया गया है। निलंबन की अवधि में सफाई कर्मी खंड विकास अधिकारी कार्यालय कांट से संबद्ध रहेगा।

**युवक को बेल्ट से पीटकर किया घायल**

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** चौक कोतवाली के मोहल्ला सिंजई निवासी सुजल वर्मा ने बताया कि सोमवार की शाम बाजार में कपड़ा खरीदने के लिए जा रहा था। मोहल्ले का अभिषेक गली में शराब के नशे में खड़ा था। आरोपी उसे गाली देने लगा और विरोध करने उसे बेल्ट से पीटकर घायल कर दिया। जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। पुलिस ने आरोपी अभिषेक के खिलाफ विभिन्न धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# ऊंची व लंबी कूद में रहमान, निखत, संदीप और खुशी प्रथम

### जेवां प्राथमिक विद्यालय में हुईं खेलकूद प्रतियोगिताएं, बच्चों ने दिखाया दमखम, उत्कष्ट प्रदर्शन पर मिला पुरस्कार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



प्रतियोगिता के विजयी बच्चे और गुरुजन। • अमृत विचार

- खो खो व कबड्डी में बढ़ौरा और महमदपुर सैंजनिया की टीम को मिला पहला स्थान

**अमृत विचार :** प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालय के छात्र-छात्राओं की न्याय पंचायत स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिताओं का आयोजन बुधवार को जिले के कई स्कूलों में किया गया। जिसमें बच्चों ने अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर पुरस्कार जीते।

**पुवायां।** जेवां प्राथमिक विद्यालय में हुआ। जिसमें प्राथमिक स्तर पर बालक वर्ग में 50 मीटर दौड़ में रहमान, अमर, अर्पित, 100 मीटर में विशाल, अमर, रेहान, 200 मीटर में क्रमशः रहमान, अमर, विपिन, गौरव ने प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर में सचिन, हर्षित, जितिन, 200 मीटर में संदीप, विशाल, ताविसनूर, 400 मीटर में संदीप, रामू, सुधांशु प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में प्राथमिक स्तर पर 50 मीटर दौड़ में नैन्सी, काजल, राधिका, 100 मीटर में सिद्धि, कंचन, उजमा, 200 मीटर में माही, काजल, निशा ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर 100 मीटर में साजवी, नेहा, पलक, 200 मीटर में दिव्या, निशा, पलक 400 मीटर में खुशी, नंदनी, निशा ने प्रथम द्वितीय व तृतीय स्थान प्राप्त किया।

ऊंची व लंबी कूद में रहमान, निखत, संदीप और खुशी ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। खो खो व कबड्डी में प्राथमिक स्तर पर बढ़ौरा की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। उच्च प्राथमिक स्तर पर महमदपुर सैंजनिया की टीम ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। प्रधान विनय प्रताप सिंह ने विजेता बच्चों को मेडल पहनाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस अवसर पर नोडल शिक्षिका पल्लवी, सर्वेश सिंह, महेंद्र प्रसाद, अफरोज, मुकेश, प्रणवीर क्रांति, कृष्णपाल, राजीव यादव, धर्मेंद्र , अवनीश, राजीव वर्मा, दिनेश, श्रेयश, अमर सिंह, अंजीव, दीपक, आलोक, सचिन, रजनी, पारुल, दीपक मित्रा, प्रतिभा, सत्यपाल, उपेंद्र, प्रेमलता, आशीष, पूर्णेन्दु पाल, विजय आदि उपस्थित रहे। अंत में प्राथमिक विद्यालय जेवा के शिक्षक शंभू सिंह ने आभार व्यक्त किया।

**दौड़ में रिशु और लंबी कूद में इस्माइलपुर के अंशिम रहे प्रथम**

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** शिवमंगल सिंह पीजी कॉलेज में बुधवार को न्याय पंचायत स्तरीय खेल–कूद प्रतियोगिता में बालक– बालिकाओं ने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। विजेताओं को क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष कृष्ण कुमार सिंह पप्पू भैया ने सम्मानित किया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि केके सिंह ने कहा कि हमारा देश कर्म प्रधान देश है। खेल मैदान में प्रतिभा दिखा रहे नौनिहाल देश का भविष्य है। इस भविष्य को संवारने में अभिभावक और अध्यापक दोनों को सहयोग देना चाहिए। उन्होंने सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं देते हुए उनका उत्साह वर्धन कर विजेताओं को पुरस्कृत किया। खेल कूद प्रतियोगिता में 50 मीटर दौड़ बालक में प्राथमिक विद्यालय इस्माइलपुर के रिशु प्रथम, प्राथमिक विद्यालय कम्मरपुर आशीष द्वितीय तथा निरांशु ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। लंबी कूद यूपीएस में इस्माइलपुर के अंशिम प्रथम, भुर्जिया के नागेश्वर द्वितीय, दीपांशु तृतीय स्थान पर रहे। यूपीएस कबड्डी बालक में कुनिया शाह नजीरपुर की टीम विजेता रही। इस अवसर पर करणी सेना जिलाध्यक्ष सूर्य प्रताप सिंह,रामवीर सिंह वर्मा, सत्येंद्र मोहन, रत्ना शर्मा, महेश्वरी, नम्रता कमल, पूजा सिंह , अवनीश कुमार, सुशील कुमार, मंगलेश तिवारी आदि उपस्थित रहे।



विजेताओं को पुरस्कृत करते क्षत्रिय महासभा के जिलाध्यक्ष केके सिंह। • अमृत विचार

## फसल अवशेष मिट्टी में बढ़ाते हैं जीवों की सक्रियता

- फसल अवशेष जलाने से रोकने के लिए लाधौली में हुआ जागरुकता कार्यक्रम

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** कृषि विज्ञान केंद्र की ओर से भावलखेड़ा के अंगीकृत ग्राम लाधौली में फसल अवशेष प्रबंधन जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन बुधवार को किया गया। इस अवसर पर केंद्र प्रभारी डॉ. एनसी त्रिपाठी ने किसानों को फसल अवशेष प्रबंधन के बारे में जागरूक किया।

डॉ. त्रिपाठी ने कहा कि फसल अवशेष मिट्टी में मिलने से कार्बनिक पदार्थ व अन्य तत्व बढ़ते हैं, जिससे सूक्ष्म जीवों की सक्रियता बढ़ जाती है। भूमि संरक्षण अधिकारी आरपी राणा ने विभागीय कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए फसल अवशेष प्रबंधन के लाभ और अवशेष जलाने के नुकसान से संबंधित जानकारी दी। नोडल अधिकारी डॉ. एनपी गुप्ता ने उन्नत कृषि यंत्रों द्वारा फसल अवशेष प्रबंधन परियोजना तथा बायो डी कंपोजर के बारे में तथा डॉ. महेश कुमार ने सब्जियों की खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को जागरूक किया। इस मौके पर डॉ. विमल कुमार आदि ने फसलों को कीटों से बचाने के उपाय भी समझाए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में क्षेत्रीय किसान मौजूद रहे।

## वॉलीबॉल प्रतियोगिता: नेशनल स्तर पर खेलेगा पुवायां का हसन



छात्र को सम्मानित करते प्रधानाचार्य जेपी मौर्य व शिक्षक। • अमृत विचार

संवाददाता, पुवायां

- पुवायां इंटर कॉलेज में दसवीं का छात्र है खिलाड़ी

**अमृत विचार :** पुवायां इंटर कॉलेज में पढ़ने वाले दसवीं के छात्र का वॉलीबॉल में नेशनल स्तर पर खेलने के लिए चयन किया गया। चयन पर स्कूल के स्टाफ ने बुधवार को छात्र को सम्मानित किया।

कॉलेज में कक्षा 10 के छात्र हसन खां पुत्र हमजा खां करनापुर गांव का निवासी है। अंडर 14 में जिला और प्रदेश लेवल पर खेलने के बाद उसका चयन नेशनल लेवल पर हुआ है। नेशनल लेवल की प्रतियोगिता बनारस में होगी। कॉलेज के प्रधानाचार्य जेपी मौर्य व शिक्षक संजीव कुमार मिश्रा ,जमुना प्रसाद, भुवनेश कुमार ,विनोद कुमार, धर्मपाल ,सीटू शर्मा आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।

**64 ग्राम ग्राम पंचायतों में जनचौपाल आज : शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम धर्मेंद्र प्रताप सिंह द्वारा प्रत्येक गुरुवार को ग्राम पंचायतों में एक जन–चौपाल का आयोजन किए जाने के निर्देश है। जिसके क्रम में आज जनपद की 64 ग्राम पंचायतों में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जाएगा। चौपाल में जन सामान्य की शिकायतों एवं समस्याओं को सुना तथा विकास कार्यों का निरीक्षण भी किया जाएगा।

# साइबर क्राइम होने पर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर करें संपर्क

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- वीआईपी ग्रुप की ओर से बीएस स्कूल में जागरुकता गोष्ठी का आयोजन
- सीओ और साइबर क्राइम प्रभारी ने विद्यार्थियों को दी उपयोगी जानकारी



जागरुकता गोष्ठी में मौजूद छात्र–छात्राएं और विशिष्टजन। • अमृत विचार

**अमृत विचार :** सामाजिक संगठन वीआईपी ग्रुप विद हैल्पिंग हैंड्स के तत्वावधान में मिशन शक्ति के अंतर्गत बीएस पब्लिक स्कूल में बुधवार को छात्र-छात्राओं को साइबर अपराध, महिला उत्पीड़न, सड़क सुरक्षा आदि के प्रति जागरूक करने को गोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि सीओ ज्योति यादव ने कार्यक्रम के उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए छात्राओं को आत्मनिर्भरता, शिक्षा और सामाजिक अधिकारों के बारे में जानकारी दी।

सीओ ज्योति यादव ने महिला थाना समेत अन्य उपयोगी हेल्पलाइन नंबर 112, 1091 आदि के संबंध में जानकारी देते हुए उनका उपयोग करना सिखाया। साथ ही साइबर क्राइम और महिला सुरक्षा से जुड़े पहलुओं पर भी गहन चर्चा की। साइबर क्राइम प्रभारी रोहित कुमार ने कहा कि किसी भी छात्र या छात्रा को साइबर क्राइम अथवा अन्य कोई उत्पीड़न संबंधी शिकायत है, तो वह बिना किसी संकोच के अपने नजदीकी साइबर सेल या पुलिस स्टेशन से संपर्क कर सकता है, या फिर साइबर क्राइम हेल्पलाइन नंबर 1930 या राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल पर भी शिकायत दर्ज करा सकता है। ग्रुप उपाध्यक्ष एवं स्कूल की डायरेक्टर शालिनी अग्रवाल ने अतिथियों को सम्मानित करते हुए आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में स्कूल के उप प्रबंधक गगन अग्रवाल, प्रधानाचार्य एससी राय, उपप्रधानाचार्य अखिलेश सिंह, हेमा अग्रवाल, ज्योति गुप्ता, अभिनय गुप्ता आदि ग्रुप के सदस्य मौजूद रहे।



बीएस स्कूल में क्राइम के प्रति विद्यार्थियों को जागरूक करतीं सीओ ज्योति यादव।

**छात्राओं को बताए अधिकार और कानून**

इसी क्रम में वन स्टॉप सेंटर की प्रबंधक नमिता यादव ने छात्राओं को महिला सुरक्षा, उनके अधिकारों और कानूनों के बारे में जागरूक करते हुए कन्या सुमंगला योजना की जानकारी दी। संगठन के वरिष्ठ सदस्य सचिन बाथम, जिला प्रभारी नीतू गुप्ता आदि ने भी छात्र–छात्राओं को आत्मरक्षा के लिए जरूरी प्रशिक्षण लेने और मिशन शक्ति के बारे में महत्वपूर्ण जानकारी दी।



ऑपरेशन मुक्ति जागरुकता कार्यक्रम में जुटे लोग। • अमृत विचार

**धनवंतरि जूनियर हाईस्कूल में हुआ जागरुकता कार्यक्रम**

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** डीएम, सीडीओ के निर्देशन एवं जिला प्रोबेशन अधिकारी गौरव मिश्रा के मार्गदर्शन में मिशन शक्ति विशेष अभियान फेस 5 के अंतर्गत महिला और बालिकाओं के लिए जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बुधवार को महिला कल्याण विभाग की ओर से धनवंतरि जूनियर हाईस्कूल, अजीजगंज में जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। चाइल्ड हेल्पलाइन से सुधीर कुमार सुपरवाइजर ने बच्चों को बालश्रम व बाल विवाह के संबंध में जागरूक किया। वन स्टॉप सेंटर से अर्चा मिश्रा ने विभागीय योजनाओं मुख्यमंत्री बाल सेवा, मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला, निराश्रित महिला पेंशन आदि की जानकारी दी। चाइल्ड हेल्पलाइन केस वर्कर दिवाकर मिश्रा ने चाइल्ड हेल्पलाइन टोल फ्री नंबर 1098, एवं अन्य टोल फ्री नंबर 112, 1090, 181, 108 की जानकारी दी। स्कूल प्रधानाचार्य राजपाल सिंह आदि मौजूद रहे।




## पूर्वांचल महासभा कल लगाएगी मेडिकल कैंप

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** पूर्वांचल महासभा सेवा समिति की बुधवार को हुई बैठक में 25 अक्टूबर को सुबह 10 से अपराह्न दो बजे तक साउथ सिटी में निःशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण एवं परामर्श शिविर लगाने का निर्णय लिया गया। समिति अध्यक्ष सतीश चंद्र मिश्र ने बताया कि शिविर में स्वास्थ्य परीक्षण के बाद निःशुल्क दवाइयां भी वितरित की जाएंगी। शिविर में मुख्य रूप से सामान्य चेकअप, ब्लड प्रेशर, शुगर, हिमोग्लोबिन, आंखों और दांतों की जांच कराई जाएगी। बैठक में महामंत्री विपुल प्रसाद सिंह, डॉ. जीएन गुप्ता, शैलेंद्र कुमार सिंह, डॉ. एसएन त्रिपाठी, अर्जुनपुरी, धनीराम यादव, रत्नेश जायसवाल, त्रिवेणी मिश्रा, वीरेंद्र नाथ राय, उपेश रावत, अनिल मौर्य, शम्भू शरण शुक्ला, सुरेंद्र सिंह, माया शंकर दुबे, सुभाष राय, सुनील तिवारी, अशोक उपाध्याय, कामेश्वर सिंह, रणधीर ठाकुर, वंशराज सिंह, कमलेश यादव, रमण उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

# हमें तो सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है . . .

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर



मंदिर में प्रभातफेरी के बाद भजनों पर झूमते श्रद्धालु। • अमृत विचार

- श्री कृष्णा नगर मंदिर में प्रभातफेरी के बाद भजनों पर झूमे श्रद्धालु

**अमृत विचार :** कृष्णानगर के श्री कृष्णा मंदिर से कार्तिक मास में निकाली जा रही प्रभात फेरी का सातवें दिवस बुधवार को दलेलगंज में पुष्प वर्षा के साथ स्वागत किया गया। मुख्य यजमान राजेंद्र गुप्ता और घनश्याम गुप्ता आदि ने लड्डू गोपाल व राधा रानी का स्वागत कर वापस मंदिर लेकर आए, जहां बड़ी संख्या में मौजूद श्रद्धालुओं ने भजनों का आनंद लिया।

भजनोत्सव में अनिल कक्कड़ ने गणपति वंदना प्रस्तुत की। इसके बाद मंदिर समिति के कार्यवाहक प्रधान हरीश बजाज ने सांवरे से मिलने का सत्संग ही बहाना है, रविंद्र मिश्रा ने मेरे श्याम तुझपे सदके, मनमोहन अरोरा ने आजा आजा रे कन्हाई तेरी याद आयी, नितिन शर्मा ने राधा राधा नाम की धुन लगायी, पार्थ सचदेवा ने कन्हैया घर आजा रे सांवरिया, देवेंद्र खुराना ने बिन पिये नशा हो जाता है, जो राधे राधे गाता है, अंकित सचदेवा ने दयालु दया कृपालु कृपा करो, नवीन सचदेवा ने बन जाऊं प्यारी तेरी, तुझे प्यार करते करते भजन सुनाए। भजनों पर महिलाओं और पुरुषों ने मस्ती में झूमते हुए खूब नृत्य किया। समापन पर फूलों की होली खेली गई।

मंदिर कमेटी की ओर से प्रेम नारंग, सुनील गुप्ता और विवेक सहगल ने आशीर्वाद स्वरूप भेंट आयोजकों को भेंट की। इस अवसर पर डॉ. सत्यप्रकाश मिश्रा, डॉ. अनुज गोयल, डॉ. देशबंधु, पार्षद विपिन यादव, विपुल गुप्ता, सतीश वर्मा, दीप गुप्ता समेत बड़ी संख्या में भक्तजन मौजूद रहे।

## एक नजर

### चोरी की रिपोर्ट दर्ज, शक की सुई परिवार पर

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** सैनिक कॉलोनी में हुई 70 हजार रुपये की चोरी के मामले में पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस की शक की सुई परिवार वालों के इर्द-गिर्द घूम रही है। सदर बाजार थाना क्षेत्र के मोहल्ला सैनिक कॉलोनी निवासी रतिराम ने थाने पर दी तहरीर में बताया कि उसने ओसीएफ रामलीला मैदान में दुकान लगाई थी। उसने अलमारी में मेले में हुई आमदनी के 70 हजार रुपये थैले में रखे थे। रविवार की रात रतिराम मकान के दो मंजिल पर परिवार के साथ सो रहा था। उसका बेटा विनोद नीचे सो रहा था। दो बदमाश मकान में घुस आए और उसके बेटे के गर्दन पर चाकू रख दिया। बदमाशों ने अलमारी की चाबी ले ली। बदमाश अलमारी से 70 हजार रुपये लेकर मुख्य दरवाजे से निकल गए। प्रभारी निरीक्षक रवींद्र सिंह ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस की विवेचना में परिवार वालों पर शक की सुई घूम रही है। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि चोरी का खुलासा शीघ्र होगा।

### घर के बाहर से बाइक चोरी

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा थाना क्षेत्र के गांव डीगरपुर निवासी आदिल ने बताया कि 20 अक्टूबर की सुबह आठ बजे वह दूसरे मकान में हथौड़ा में आया। उसने घर के बाहर बाइक खड़ी कर दी। वह घर के अंदर चला गया। वह लौटकर आया तो बाइक गायब मिली। उसने तलाश किया लेकिन बाइक नहीं मिली। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस बाइक की तलाश कर रही है।

### ट्रेन की चपेट में आकर महिला की मौत

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रोजा में रेलवे स्टेशन के निकट रेलवे लाइन पार करते समय एक महिला ट्रेन से कटकर मौत हो गयी। जीआरपी मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लिया। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक रेहान खां ने बताया कि बुधवार की शाम सात बजे कानपुर-जम्मू तवी अप लाइन पर आ रही थी। रेलवे स्टेशन के निकट रेल लाइन पार करते समय ट्रेन की चपेट में आकर कटकर मौत हो गयी। मृतका रिति(35) निवासी गुरुद्वारा रेलवे कॉलोनी थाना रोजा की है।

### मेड़ के विवाद में दो पक्षों में मारपीट, तीन घायल

**पुवायां, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव बाजारपुर निवासी बलवीर सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया है कि गांव के ही एक व्यक्ति ने उसके खेत की मेड़ जोत ली थी। बुधवार सुबह को जब वह शिकायत करने गए तो उक्त लोगों ने गाली गलौज करते हुए जान से मारने की नियत से हमला कर दिया, बचाने आए उसके पुत्र मेहताब को भी घायल कर दिया। वहीं दूसरे पक्ष के हरजिंदर सिंह ने बताया है कि बलवीर और उसके पुत्र ने हम लोगों के साथ गाली गलौज करते हुए मारपीट की, जिससे पुत्र गंभीर घायल हो गया। पुलिस ने दोनों का मेडिकल करा दिया है। लेकिन अभी रिपोर्ट नहीं दर्ज की गई है।

# ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर बच्ची की मौत, परिजनों का हंगामा

## चीज लेने जा रही थी माहिरा, बीच बाजार में पुलिस से परिजनों की नोकझोंक, कुछ देर को ट्रैफिक थमा

संवाददाता, तिलहर

**अमृत विचार :** दुकान पर चीज लेने जा रही तीन वर्षीय बच्ची की बुधवार शाम ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आकर मौत हो गई। पुलिस के देर से पहुंचने पर परिजनों का गुस्सा भड़क गया और शव को ई-रिक्शा में लेकर कोतवाली की तरफ चल दिए। इसी बीच किसी ने पुलिस को सूचना दे दी कि कुछ लोग बच्ची के शव को कोतवाली गेट पर रखकर हंगामा करने आ रहे हैं। सूचना पर पुलिस ने परिजनों को रास्ते में बीच बाजार में रोक लिया।

बीच बाजार में परिजनों ने हंगामा शुरू कर दिया, इससे पुलिस से नोकझोंक हो गई। परिजन ट्रैक्टर चालक पर कार्रवाई की मांग कर रहे थे और एक ट्रैक्टर में दो ट्रॉली जोड़कर चलने वालों पर कार्रवाई नहीं करने का भी गुस्सा जता रहे थे। नोकझोंक के दौरान बाजार में जाम लग गया। कार्रवाई का भरोसा दिए जाने पर परिजन शांत हुए। नगर के मोहल्ला इमली निवासी मोहम्मद आरिफ की पुत्री माहिरा(3) बुधवार शाम करीब छह बजे दुकान पर चीज लेने के लिए राजनपुर रोड पर सड़क पार कर रही थी, इसी दौरान कैंब्रिज पब्लिक स्कूल के पास तेज गति से ट्रैक्टर-ट्रॉली आ गई। ट्रैक्टर में दो ट्रॉली जुड़ी हुईं थीं। ट्रॉली की चपेट में आकर माहिरा गंभीर रूप से घायल हो गई।



तिलहर सीएचसी गेट पर खड़े परिजन व रिश्तेदार। • अमृत विचार

- ट्रैक्टर-ट्रॉली कब्जे में और चालक हिरासत में लिए जाने के आश्वासन पर हुए शांत

परिजन घायल बच्ची को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए, जहां डॉक्टर ने बच्ची को मृत घोषित कर दिया। सूचना के एक घंटे बाद पुलिस के पहुंचने से परिजन आक्रोशित हो उठे। अस्पताल में ही पुलिस को खरी-खोटी सुनाते हुए परिजन शव लेकर ई-रिक्शा से कोतवाली की ओर चल दिए। इसी दौरान पुलिस तक सूचना पहुंच गई कि परिजन कोतवाली गेट पर शव रखकर हंगामा करने के लिए पहुंच रहे हैं। सूचना मिलते ही प्रभारी निरीक्षक राकेश कुमार ने कोतवाली से पहले रास्ते में ही बीच बाजार में ई-रिक्शा को रोक लिया और उन्होंने मृतका के परिजनों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह अपनी जिद पर अड़े रहे।पुलिस से मृतका के परिजनों की जमकर नोकझोंक हुई। इस दौरान दोनों तरफ बीच बाजार में जाम लग गया। प्रभारी निरीक्षक द्वारा यह बताने पर कि ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है तथा चालक को भी पकड़ लिया गया है, तब जाकर परिजन शांत हुए। उसके बाद परिजन शव को अस्पताल ले जाकर पोस्टमार्टम कराने को राजी हो गए।



बच्ची के शव को गोद में लेकर ई-रिक्शा पर बैठी मां को समझाते इंस्पेक्टर राकेश कुमार और एसआई अनुज चौधरी। • अमृत विचार

> अभी इस मामले में कोई तहरीर नहीं मिली है, ट्रैक्टर-ट्रॉली को कब्जे में ले लिया गया है। तहरीर मिलने पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।
> – राकेश कुमार, प्रभारी निरीक्षक

# धान काट रही कंपाइन के नीचे आने से बच्ची की मौत



जांच पड़ताल करती पुलिस। • अमृत विचार

संवाददाता, जमुका/ रोजा

- कंबाइन नंबर के आधार पर चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** थाना रोजा क्षेत्र के गांव शाहगंज में बुधवार दोपहर करीब 12 बजे कंपाइन से धान की कटाई हो रही थी। इस दौरान गांव निवासी रमेश कुमार की पुत्री पल्लवी(6) कंपाइन के नीचे आ गई। जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

घटना के बाद चालक कंपाइन छोड़कर भाग गया। थाना रोजा के प्रभारी निरीक्षक राजीव कुमार ने मौका मुआयना कर बच्ची के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि तहरीर के आधार पर कंबाइन नंबर के आधार पर अज्ञात चालक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# वाहन ने मारी टक्कर, पैदल जा रहे युवक की मौत

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- पल्लेदारी करके घर लौट रहा था किशनपाल

**अमृत विचार :** पल्लेदारी करके पैदल घर लौट रहे युवक को बदायूं रोड पर वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया। उसकी मौके पर ही मौत हो गयी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

कलान थाना क्षेत्र के गांव जखिया निवासी किशन पाल(28) कलान कस्बे में पल्लेदारी करता था। मंगलवार की सुबह आठ बजे वह घर से पल्लेदारी करने के लिए निकला था। वह रात दस बजे पैदल घर आ रहा था। गांव से कुछ दूरी पर बदायूं रोड पर अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी, जिससे उसकी मौके पर मौत हो गयी।



मृतक किशनपाल।

सूचना पर कलान पुलिस पहुंची। राहगीरों ने शव की शिनाख्त की। पुलिस ने मृतक के पिता भगवान दास को सूचना दी। भगवान दास मौके पर आए तो शव की शिनाख्त बेटे के रुप में की। उसकी पत्नी का नाम राजकुमारी और दो बेटियां है। मौत की खबर से परिवार में रोना पीटना मच गया। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

### सड़क दुर्घटना में युवक की मौत

**सेहरामऊ दक्षिणी, अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के गांव रौरा निवासी विश्वजीत(35) अपनी ससुराल गांव भुजारी थाना मोहम्मदी जिला लखीमपुर रह रहा था। किसी काम से अपने घर आया था। बीते दिनों सास का निधन होने पर वह शुक्रवार को अपनी ससुराल गया था। उसकी पत्नी लालती देवी भी मायके में रह रही थी क्योंकि उसका कोई साला नहीं था। मंगलवार की रात मोहम्मदी में उसे वाहन ने टक्कर मारकर घायल कर दिया था। उसे अस्पताल लाया गया। इलाज के दौरान उसकी मौत हो गयी। उसके दो बच्चे है। पत्नी का रो-रोकर बुरा हाल है।

# प्लाट देने के नाम पर हड़प लिए दस लाख रुपये

**शाहजहांपुर, अमृत विचार:** रोजा थाना क्षेत्र के मोहल्ला लोक बिहार कॉलोनी निवासी अमित कुमार ने बताया कि उसका भाई सन्नी पुवायां में बिजली विभाग में कार्यरत है। उसकी शहीद उर्फ गुड्डू निवासी जलालनगर बजरिया थाना सदर बाजार से जान पहचान है। सन्नी को शहीद ने बताया कि वह हरजिंदर सिंह व उसके पुत्र सोनू सिंह निवासी चौसेड़ा थाना पुवायां, बबलू निवासी दिलाजाक थाना सदर बाजार के साथ प्लाटिंग करता है। अमित अपने भाई के साथ सुभाष चौराहा पर हो रही प्लाटिंग देखने के लिए गया। आरोपियों ने उनसे कहा कि सस्ते में प्लाट है और बुक करा लो। कुछ दिन बाद बेचकर अच्छा लाभ मिलेगा। तो आरटीजीएस के माध्यम से दस लाख रुपये खाते में डाल दिए। कुछ दिन बाद रजिस्ट्री करने के लिए कहा तो आरोपियों ने मना कर दिया। अब दस लाख रुपये वापस मांगने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहे है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।

# पसंद की शादी न होने से महिला ने फंदा लगाकर दी जान

संवाददाता, कलान/शाहजहांपुर

- पिता का आरोप मारकर लटका दिया, छह माह पूर्व हुई थी शादी

**अमृत विचार :** नौगवां मुबारकपुर में एक महिला की मनपसंद शादी न होने पर कमरे में दुपट्टे से फांसी लगाकर जान दे दी। पुलिस ने शव को उतार लिया। उसकी छह माह पहले शादी हुई थी। पति का कहना है कि वह आए दिन कहती थी कि उसकी मनपसंद की शादी नहीं हुई है। इधर मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी को पति ने मारकर शव को लटका दिया है।

कलान थाना क्षेत्र के गांव नौगवां मुबारकपुर निवासी प्रवेश कुमार की शादी छह माह पहले अनीता(23) देवी पुत्री श्यामवीर निवासी नवीगंज थाना उसावां जिला बदायूं के साथ हुई थी। मंगलवार की शाम आठ बजे अपने पति आदि को खाना खिलाया और एक कमरे में सोने के लिए चली गयी। प्रवेश ने रात दस बजे खटखटाया तो दरवाजा नहीं खुला। उन्होंने खिड़की से देखा कि उसकी पत्नी अनीता पंखे के कुंडे से दुपट्टे से लटकी हुई थी। उन्होंने दरवाजा धक्का देकर खोला। पत्नी के शव को उतारकर नीचे रख दिया।

### पति कहता था पुराना जेवर ले आई

पिता ने आरोप लगाया कि उसकी बेटी जेवर लेकर मायके आई थी। वही जेवर ससुराल ले गई। उसका पति कहता था कि मायके से पुराना जेवर लेकर आ गयी हो। इस बात से उसकी बेटी को मारा पीटा करता था। दामान ने ही बेटी की हत्या की है।



मृतका अनीता।

मृतका के पति ने बताया कि उसकी पत्नी हमेशा यह कहती थी कि मेरी मनपसंद की शादी नहीं हुई है। इसी बात से नाराज रहती थी। उसने कहा कि इसी कारण उसकी पत्नी ने फांसी लगाकर जान दे दी है। इधर मृतका के पिता श्याम वीर ने बताया कि रात में 11 बजे गांव के एक व्यक्ति ने फोन करके बेटी की मरने की सूचना दी थी। वह रात में परिवार वालों के साथ दो बजे पहुंचे तो बेटी का शव कमरे में जमीन पर पड़ा मिला। उसका आरोप है कि पति ने उसकी बेटी को मारा पीटा और शव को दुपट्टे से लटका दिया। प्रभारी निरीक्षक प्रभाष चंद्र सिपाहियों के साथ पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। उन्होंने बताया कि मृतका के परिवार वालों की तरफ से कोई तहरीर नहीं आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला का शव कमरे में फंदे से लटका मिला, भाई बोला- मारकर लटका दिया

**शाहजहांपुर/निगोही, अमृत विचार :** सतवां खुर्द में महिला का शव कमरे में पंखे के कुंडे से संदिग्ध परिस्थितियों में साड़ी के फंदे से लटका मिला। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका के भाई का आरोप है कि उसका पति शराब पीकर उसे आए दिन मारता पीटता था। उसके एक हाथ की नस भी मारपीट में काट दी है। उसका आरोप है कि उसको मारकर शव को लटका दिया है। निगोही थाना क्षेत्र के गांव गांव सतवां खुर्द निवासी रविकांत की शादी 2014 में आरती(30) निवासी परसोना खलीलपुर थाना निगोही के साथ हुई थी। मंगलवार की रात परिवार वालों को खाना खिलाया और बच्चों को लेकर कमरे में सोने के लिए चली गयी। आरती ने रात में कमरे में पंखे के कुंडे से साड़ी का फंदा गले में डालकर जान दे दी। रविकांत सुबह पांच बजे उठे तो देखा कि उसकी पत्नी का शव लटका हुआ था। सूचना मिलने पर मृतका आरती का भाई अवनीश कुमार अपनी बहन की ससुराल पहुंचा। उसने बताया कि उसकी बहन का शव कमरे में जमीन पर मिला। उसके बाएं हाथ की एक स्थान पर नस कटी हुई थी और चोट के निशान थे। उसका आरोप है कि उसकी बहन मारकर शव को लटका दिया है। परिवार के लोग एक मंजिल पर रहते है और उसकी बहन पति के साथ दूसरी मंजिल पर रहती थी। महिला के दो बच्चे है। इधर मृतका के पति रविकांत ने बताया कि वह अलीगढ़ में काम करता है। 19 अक्टूबर को वह अलीगढ़ से आया था। उसने स्वयं फांसी लगाई है। क्यों लगायी है, उसे जानकारी नहीं है। प्रभारी निरीक्षक अरविंद सिंह चौहान ने बताया कि तहरीर मिलने पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत का कारण स्पष्ट होगा।



मृतका आरती।

# परिचालक को मारा पीटा बस के शीशे तोड़े, रिपोर्ट

संवाददाता, जलालाबाद/ शाहजहांपुर

- महिला यात्री से टिकट बनवाने के लिए कहने पर हुआ विवाद

**अमृत विचार :** महिला यात्री से टिकट बनवाने के लिए कहना रोडवेज बस परिचालक को महंगा पड़ गया। रास्ते में बस को रुकवाकर महिला व उसके साथियों ने बस में तोड़फोड़ की और शीशे तोड़ दिए। पुलिस अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

सिंधौली थाना क्षेत्र के गांव भटपुरा रसूलपुरा निवासी संविदा परिचालक सूर्य प्रताप सिंह ने बताया कि रोडवेज की बस में संविदा परिचालक है। 20 अक्टूबर को संविदा परिचालक शाहजहांपुर से फर्रुखाबाद के लिए बस लेकर रवाना हुआ। बरेली मोड़ से एक महिला बस में बैठी। परिचालक ने उससे कहा कि टिकट ले लो। उसने अपने पिता के नाम का दिव्यांग कार्ड दिखाया। परिचालक ने उससे कहा कि यह कार्ड आपके पिता का है। इस पर उसने टिकट लेने से मना कर दिया और गलत शब्दों का प्रयोग करने लगी। आरोपी महिला यात्री ने कहा कि इसी बस से जलालाबाद चलोगी और चलकर खाल खिंचवा देंगे। कुछ दूर जाने के बाद बस से उतर गयी और किसी दूसरे वाहन से जलालाबाद बस स्टैंड पर पहले पहुंच गयी। बझेड़ा चौराहे पर बस को रुकवा लिया। आरोप है कि महिला के साथ दबंग लोग बस में घुस आए और परिचालक के साथ मारपीट करने लगे। आरोपियों ने बस के शीशे तोड़ डाले। आरोपी जान से मारने की धमकी देकर भाग गए। प्रभारी निरीक्षक प्रदीप कुमार राय ने बताया कि अज्ञात में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# बनारस के स्टेडियम का नाम बदलने पर भड़के कांग्रेसी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर किया विरोध प्रदर्शन
- राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को सौंपा

**अमृत विचार :** कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पवन सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने पैदल मार्च कर प्रदर्शन किया। कलेक्ट्रेट पहुंचकर राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप को सौंपा।

इससे पूर्व कांग्रेसी गांधी भवन स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समक्ष एकत्रित हुए। यहां हुई बैठक में महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री के पास झूठे वादे और नाम बदलने के अलावा कोई दूसरा काम नहीं है, पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा किए गए कार्यों को सिर्फ नाम बदल कर अपनी नाकामी छिपा लेते है लेकिन कांग्रेस इनके हर गलत कदम का पुरजोर विरोध करेगी। इसके बाद कार्यकर्ता यहां से पैदल मार्च करते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे और अतिरिक्त मजिस्ट्रेट प्रवेंद्र कुमार को ज्ञापन सौंपा। जिसमें कहा गया कि वर्तमान सरकार ने द्वेष भावना के चलते बनारस के वर्षों पुराने बाबू संपूर्णानंद के नाम पर बने स्टेडियम जिसका नाम अकारण पुनर्निर्माण के समय परिवर्तित कर दिया गया है, जो कि बेहद निंदनीय है। कांग्रेसजन इसका विरोध करते हुए स्टेडियम का नाम पुनः उसी रूप में पुनर्स्थापित किए जाने की मांग करते हैं। अन्यथा कांग्रेस जनांदोलन को बाध्य होगी।



कलेक्ट्रेट में अतिरिक्त मजिस्ट्रेट अभिषेक प्रताप को ज्ञापन देते कांग्रेसी।

विरोध प्रदर्शन में जिला उपाध्यक्ष कृष्ण विनोद मिश्रा, जिला महासचिव गौरव त्रिपाठी, पूनम पांडेय, अतीत बागी, अरुणोद मिश्रा, सईद अंसारी, तस्दीक अंसारी, डॉक्टर जाने आलम, मनीष कोरी, अब्दुल सत्तार लाले पार्षद, ओमकार मिश्रा, अनुभव कटारिया, एडवोकेट बिंदेश्वरी राज, शान मोहम्मद, सुशील शर्मा, संजय सक्सेना, वकार आलम वारसी, राहिल अंसारी सहित तमाम कांग्रेस जन मौजूद रहे।

### काशी वासियों का ही नहीं देश वासियों की भावनाओं का अपमान

संपूर्णानंद जैसे लोकप्रिय राजनेता का नाम किसी प्रतिष्ठान से हटा दिया जाना महज काशी वासियों का अपमान नहीं बल्कि आचार्य परंपरा, सत्य, त्याग, नैतिक मूल्यों और स्वतंत्रता सेनानियों की विरासत एवं सभी देश वासियों की भावनाओं का अपमान है।

# पत्नी को शोहदे से बचाने को तमंचा ले आया पति, पुलिस ने दबोचा

संवाददाता, पुवायां

- पति के दोस्त को भी पुलिस ने लिया हिरासत में, दोनों पर हुई कार्रवाई

**अमृत विचार :** डॉक्टर पत्नी को शोहदे से बचाने के लिए तमंचा लेकर आए पति और उसके दोस्त को पुलिस ने दबोच लिया। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

मंगलवार की रात गश्त के दौरान पुलिस ने खुटार रोड पर एक अस्पताल के बाहर खड़ी कार से दो लोगों आशीष भदौरिया उर्फ आशीष प्रताप सिंह निवासी शांति विहार कॉलोनी खीरी व शिवम सिंह निवासी गांव गिरधरपुर फुलबेहड़ खीरी को हिरासत में लिया, जिनके पास से पुलिस ने 315 बोर तमंचा एवं कारतूस बरामद किए। कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि गश्त के दौरान पुलिस संदिग्ध व्यक्तियों पर नजर बनाए हुए थी, इसी दौरान एक अस्पताल के बाहर एक कार खड़ी थी, जिसमें दो संदिग्ध युवक बैठे थे, जिनसे पूछताछ करने पर दोनों ने कोई स्पष्ट जवाब नहीं दिया। इसके बाद तलाशी लेने पर आशीष के पास तमंचा एवं कारतूस तथा शिवम के पास एक कारतूस 315 बोर बरामद किया गया। पूछताछ में आशीष भदौरिया ने बताया कि उसकी पत्नी पुवायां के एक अस्पताल में डॉक्टर है, जिसको वह छोड़ने अस्पताल आया था। किसी से जानकारी मिली कि कोई व्यक्ति उसकी पत्नी को परेशान कर रहा है, जिसकी सुरक्षा के लिए वह तमंचा लेकर अपने दोस्त के साथ अस्पताल पहुंचा था।



तमंचा के साथ गिरफ्तार आरोपी।

# नकली माल पर चिपका लेते थे कंपनियों के फर्जी रैपर

संवाददाता, तिलहर

- नकली बीड़ी और गुटका पकड़े जाने का मामला
- पुलिस ने दोनों आरोपियों का किया चालान

**अमृत विचार :** पुलिस ने एक मकान में नकली बीड़ी, गुटका और चाय पत्ती समेत दो लोगों को गिरफ्तार करने के मामले में दोनों का चालान कर दिया। पुलिस ने भारी मात्रा में नकली सामान बरामद किया था। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि बाहर से खुला सामान मंगाते थे और फर्जी रैपर तैयार करके सामान भरकर कंपनियों का मार्का लगाकर बाजार में बेचते थे।

थाना के उप निरीक्षक सुखपाल सिंह को मंगलवार को सूचना मिली थी कि सलेमाबाद पट्टी में एक मकान में नकली बीड़ी, गुटखा आदि सामान कंपनियों के फर्जी रैपर में भरा जा रहा है। पुलिस और खाद्य विभाग की टीम ने छापा मारकर दो लोगों को पैकिंग करते हुए पकड़ लिया। पकड़े गए अभियुक्त अनूप चौरसिया निवासी शुक्लागंज थाना गंगाघाट जिला उन्नाव व कमल कश्यप निवासी कलेक्टरगंज जिला कानपुर है। पुलिस ने भारी मात्रा में पान मसाला, मैग्नीशियम पाउडर, चाय, सुपारी, बीड़ी, कांटा, बाट, तंबाकू आदि बरामद किया है। पूछताछ के दौरान अभियुक्तों ने बताया कि बाहर से सामान खुला लाकर फर्जी रैपर तैयार कराकर कंपनियों का मार्का लगाकर बाजार में बेचते है। पुलिस ने दोनों का चालान कर दिया। अभियुक्तों पर पहले से मुकदमें दर्ज है। कई माह से काम कर रहे थे। टीम में उप निरीक्षक सुनील कुमार मौर्य, सोहन लाल, गौरव चौधरी, मुख्य खाद्य निरीक्षक बागेश मणि त्रिपाठी आदि थे।



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी। • अमृत विचार

### छापे में दो क्विंटल नकली खोया बरामद

पुवायां, अमृत विचार : मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने छापा मारकर एक मकान से लगभग दो क्विंटल नकली खोया पकड़ा। जिसके बाद खाद्य विभाग के अधिकारियों को सूचना दी। बुधवार शाम सात बजे मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने कसभरा मिशन मोहल्ले में एक मकान में छापा मार कर लगभग दो दो क्विंटल नकली खोया पकड़ा। कसभरा मिशन मोहल्ले में अवनीश शुक्ला का मकान है, जिसमें एक व्यक्ति किराए पर रहता है और नकली खोया बनाने व बिक्री करने का काम करता था। मकान स्वामी पीलीभीत में रहते हैं। बुधवार शाम को किसी ने पुलिस को नकली खोया बनाने की फैक्ट्री की जानकारी दी। जानकारी पर पहुंची पुलिस ने मकान का जबरन दरवाजा खुलवाया तो अंदर लगभग दो कुंतल खोया मिला, इसी दौरान नकली खोया का काम करने वाला व्यक्ति फरार हो गया। मौके पर पुलिस को दो नाबालिग किशोर मिले, जिन्होंने बताया कि वह मजदूरी करते हैं, उनके मालिक रबा, सूजी मैदा, पाउडर, चीनी एवं वनस्पति घी को मिलाकर नकली खोया तैयार कर बिक्री करता था। वहीं कोतवाल हरपाल सिंह बालियान ने बताया कि मोहल्ला कसभरा मिशन में मुखबिर की सूचना पर नकली खोया बनाते लोग पकड़े गए हैं।

# वर्चस्व की जंग में किन्नरों के दो गुट भिड़े

संवाददाता, मिर्जापुर

**अमृत विचार :** किन्नरों के दो गुट वर्चस्व की लड़ाई को लेकर आमने सामने हैं। एक गुट दूसरे गुट पर उसके क्षेत्र में वसूली का आरोप लगा रहा है।

मिर्जापुर क्षेत्र में कलान की रहने वाली छबीली किन्नर बीते कई दशको से बधाई मांग रही है। बीते एक वर्ष से बदायूं जिले के अलापुर थाना क्षेत्र की किन्नर इस इलाके में बधाई मांगने लगी है। किन्नर समुदाय के लोगो ने इसका विरोध भी किया। एक बार परौर क्षेत्र में किन्नरो के दोनों गुट आपस में भिड़ गए, जिससे छबीली किन्नर का पक्ष चोटिल हो गया था। मामले में परौर थाने में संगीन धाराओं मे मुकदमा पंजीकृत किया गया था। कलान निवासी छबीली किन्नर ने मिर्जापुर थाना में तहरीर देकर आरोपी किन्नर से जान माल की गुहार लगाई है। वहीं इस संबंध मे प्रभारी निरीक्षक योगेन्द्र कुमार ने बताया कि फिलहाल अभी तक थाना क्षेत्र मे कोई विवाद नही हुआ है। विवाद होने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### शराब पीने का विरोध करने पर पत्नी को पीटा

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रामचंद्र मिशन थाना क्षेत्र के गांव दनियापुर निवासी कृष्णा पत्नी सुनील ने बताया कि 20अक्टूबर की रात आठ बजे वह घर पर थी। उसका पति सुनील शराब पीकर आया और गाली देने लगा। विरोध करने पर पति ने उसके सिर में ईंट मारकर घायल कर दिया। इसी बीच उसके ससुर बाबूराम ने गाली देने से मना किया तो उसके पति ने उसके ससुर को भी पीटकर घायल कर दिया। पति ने उसे जान से मारने की धमकी दी है। पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है। पुलिस मामले की विवेचना कर रही है।


डॉ. अमित कुमार कुशवाहा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (चेस्ट स्पेशलिस्ट)

श्वांस, दमा, टी.बी, फेफड़ों के कैंसर, खर्राटों की जांच व इलाज की सुविधा एवं अन्य छाती की बीमारियों के विशेषज्ञ
जन अरोग्य क्लीनिक
बन्नू बाल नगर, पीलीभीत रोड बरेली, निकट शहीद भगत सिंह आई हॉस्पिटल
9411477351
समय : – दोपहर 1 से शाम 6 बजे तक
सोमवार, बुद्धवार, बृहस्पतिवार, शुक्रवार
पीलीभीत क्लीनिक
गौहनिया चौराहा, माधोटांडा रोड, पीलीभीत।
8191813757
समय : – सुबह 10 से शाम 5 बजे तक
मंगलवार, शनिवार


बरेली न्यूरो एण्ड स्पाईन सेन्टर


डॉ. रजनी कांत साहू
वरिष्ठ न्यूरो सर्जन
MBBS, MS, MCh. (SGPGI, Lucknow)
Ex-Consultant- MAX HOSPITAL, DELHI
दिमाग एवं रीढ़ रोग विशेषज्ञ
समय
प्रातः- 11 बजे से 3 बजे तक
सायं- 7 बजे से 9 बजे तक
सुविधायें
- सिर की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन।
- ब्रेन ट्यूमर, दिमागी गांठ तथा ब्रेन हेमरेज का ऑपरेशन।
- दूरबीन विधि द्वारा हाइड्रोसिफेलस (दिमाग में पानी भरना) का इलाज व ऑपरेशन।
- सिर दर्द (माईग्रेन) व मिर्गी के दौरे का ईलाज।
- दिमाग के फोड़े का इलाज व ऑपरेशन।
- गर्दन (सर्वाईकल) व पीठ का दर्द, सियाटिका, स्लिप डिस्क का ईलाज व ऑपरेशन।
- रीढ़ की नस का ट्यूमर (स्पाइनल ट्यूमर) का ऑपरेशन।
- बच्चों के पीठ की गांठ का ऑपरेशन।
- अत्याधुनिक माइक्रोस्कोप द्वारा ईलाज।

बरेली न्यूरो एण्ड स्पाइन सेन्टर
427, डिवाइन अस्पताल के सामने, के.के. अस्पताल रोड, राजेन्द्र नगर, बरेली
पर्चा लगाने के लिए सम्पर्क करें– 7417389433, 7017678157


# तारों में स्पार्किंग से गन्ने की फसल में लगी आग

## रोजा के गांव बल्लिया में तीन बीघा गन्ने का हुआ नुकसान, किसानों ने बमुश्किल आग पर पाया काबू

संवाददाता, जमुका/रोजा

**अमृत विचार :** खेतों के ऊपर से निकली हाईटेंशन की चिंगारी से गन्ने की फसल में आग लग गई। लपटें देख आसपास के खेतों में काम कर रहे लोगों ने बमुश्किल आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग तीन बीघा फसल जल गई।

रोजा क्षेत्र के गांव बल्लिया में तैयार खड़ी गन्ने की फसल में बुधवार दोपहर करीब 12: 30 बजे हाईटेंशन लाइन की चिंगारी गिर गई। सूखी पत्ती का साथ पाकर चिंगारी ने आग का रूप धारण कर लिया। धीरे-धीरे आग बढ़ने लगी, जब लपटें उठनें लगीं, तब पड़ोस के खेत में घास काट रहे सत्यपाल को जानकारी हुई। आग की लपटें देख कर सत्यपाल ने तुरंत खेत वालों को मोबाइल पर कॉल करके बताया। खेत मालिक विश्राम, रामप्रकाश, रामबहादुर को खेत पर पहुंचने में जब तक समय लगा, तब तक आग विकराल रूप धारण कर चुकी थी। मौके पर ही पहुंचे गांव के राजू राठौर, सचिन, विपिन, साहब, नितिन, जीशान आदि ने गन्ने के हरे पातो की मदद से आग को बुझाने की को कोशिश शुरू कर दी। इसी दौरान खेत मालिक भी पहुंच गए और वह लोग भी आग पर काबू पाने की कोशिश में लग गए। लगभग दो से ढाई घंटे की मशक्कत के बाद बमुश्किल आग पर काबू पाया लेकिन तब तक लगभग तीन बीघा तैयार गन्ने की फसल का नुकसान हो गया है। खेत मालिक विश्राम, रामप्रकाश, रामबहादुर की गन्ने की फसल में आग लगने से बहुत ज्यादा हताश व परेशान हैं। बताया कि विद्युत विभाग वालों को कई बार खेत के ऊपर से निकल रही लाइन के बारे में शिकायत दर्ज कराई है, कि किसी न किसी दिन कोई हादसा न हो जाए, और हादसा हो ही गया। लगभग तीन बीघा गन्ने की फसल जल गई। किसानों ने बताया कि पिछले वर्ष गन्ने के मूल्य के हिसाब से लगभग एक लाख के आसपास नुकसान हुआ है। खेत मालिक बताते हैं कि एक बीघे में लगभग 80 क्विंटल गन्ना निकल आता है, इसके हिसाब से तीन बीघे का नुकसान हुआ है। पिछली साल गन्ने का रेट 370 था। इसके हिसाब से एक लाख के आसपास नुकसान हुआ है।


आग से जली गन्ने की फसल। ● अमृत विचार

### किसानों का छलका दर्द


हम लोग विद्युत के तारों की शिकायत कई बार कर चुके हैं, विद्युत के तार नजदीक होने की वजह से हमारे खेतों में तैयार खड़ी गन्ने की फसल का नुकसान हो गया है।
–विश्राम राठौर


हम लोगों की लगभग तीन बीघा गन्ने की फसल को नुकसान हो चुका है, जैसे–तैसे हम लोग अपनी फसल को तैयार कर पाते हैं, विद्युत लाइन के तारों से जो नुकसान हुआ है, वह कैसे पूरा होगा।
–साहब राठौर


मैं तो घर पर ही नहीं था, आग लगने की सूचना काफी देर बाद मेरे बेटे ने मुझे दी, कि हमारे खेत में विद्युत लाइन के तारों से आग लग गई है, जहां पर गन्ने की फसल को नुकसान हुआ है।
– रामप्रकाश


फसल को कैसे, कहां तक बचाया जाए, एक तरफ छुट्टा गोवंशों से परेशान, दूसरी तरफ कभी आंधी और बारिश और ओलों की मार तो आज विद्युत लाइन के तारों से फसल को नुकसान हो गया।
– विपिन राठौर

# हत्या के आरोपियों पर कार्रवाई को लेकर दिया धरना

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** रिपोर्ट दर्ज होने के बाद भी आरोपियों पर कार्रवाई न होने से आहत पीड़ित परिवार के साथ बहुजन क्रांति पार्टी के कार्यकर्ताओं ने बुधवार को कलेक्ट्रेट में धरना प्रदर्शन किया। इस दौरान डीएम और एसपी को संबोधित ज्ञापन प्रशासनिक अधिकारी को सौंपा गया। धरने पर बैठे कटरा के मोहल्ला तहवारगंज निवासी मुन्नालाल ने बताया कि उनके पुत्र अशोक (24) कटरा मंडी स्थित में आढ़त पर नौकरी करता था। आठ जुलाई को आढ़त संचालक अखिलेश, दीपक, राहुल आदि ने अशोक को शाम 4:00 बजे सब्जी की गाड़ी उतारने के लिए बुलाया था। इन लोगों द्वारा साजिश के तहत अशोक की हत्या कर दी और सबको आढ़त के पीछे ले जाकर फेंक दिया। उन्होंने कटरा थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई थी, लेकिन आरोपियों पर अब तक कोई कार्रवाई नहीं की गई। पीड़ित परिवार को डरा धमकाकर समझौता करने के लिए दबाव बनाया जा रहा है।

# कालीन कारीगर के घर लगी आग, लाखों का नुकसान

संवाददाता, तिलहर

- अड्डे पर तैयार कालीन और बेटी के दहेज का सामान व नगदी जलकर हो गई राख

**अमृत विचार :** गांव शेरगढ़ में पंचायत घर के समीप स्थित कालीन कारीगर रियासत के घर में बुधवार अपरान्ह करीब ढाई बजे अचानक शार्ट सर्किट से उठी चिंगारी ने कालीन अड्डे के ऊपर तने त्रिपाल में आग पकड़ ली। त्रिपाल जलने से उसकी जलती बूंदे टपकने से पूरे घर में आग फैल गई। घर के लोग जान बचाकर बाहर भाग खड़े हुए।

देखते ही देखते पूरे घर को आग की लपटों ने घेर लिया, चूंकि पूरे घर में त्रिपाल तथा छप्पर पड़े थे, सो सब धूं धूं कर जल उठे। आग की लपटें उठती देख पूरा गांव उमड़ पड़ा। लोगों ने मिट्टी व पानी डालकर आग बुझाने का प्रयास किए। इसी दौरान फायर ब्रिगेड पहुंच गई, तब तक लपटें शांत हो चुकी थीं। फिर भी उठ रहे धुएं पर पानी की बौछार की गई। पीड़ित रियासत ने बताया कि उसके घर में कालीन का अड्डा लगा था। एक दो दिन में कालीन तैयार होने वाली थी, जो आग में राख हो गई। बेटी के दहेज के लिए जुटाया लाखों रुपये का सामान, एक लाख नगदी, पांच कुंतल गेहूं तथा अन्य घरेलू सभी सामान जलकर राख हो गया।


आग में जलकर राख हुआ सामान।

# मिर्जापुर में हवन पूजन के साथ रामलीला शुरू

**मिर्जापुर, अमृत विचार :** बुधवार को कस्बे में दशकों पुराना लगने वाला प्राचीन श्री रामलीला मेले का आरंभ हवन पूजन के साथ हुआ। इस दौरान समाजसेवी व प्रधान प्रतिनिधि कौशलेंद्र सिंह रघुवंशी ने प्रभारी निरीक्षक योगेंद्र कुमार के साथ मेला रामलीला का फीता काट कर उद्घाटन किया। रामलीला मेला में श्री लालिते आदर्श रामलीला नाट्य कला परिषद अयोध्या के कलाकारों द्वारा भगवान राम की चरित्र लीलाओं का शानदार मंचन दिखाया जाएगा। मेले में दुकानों और झूलों का लगना शुरू हो गया है। रामलीला मेला कमेटी अध्यक्ष सत्यवीर सिंह यादव ने बताया कि मेला एक सप्ताह तक चलेगा। इस दौरान रनवीर सिंह मंत्री, मुकेश सक्सेना, करन सिंह, प्रदीप रघुवंशी, राघवेंद्र सिंह, रत्नेश यादव, प्रेम सिंह पंजाबी, अखिलेश गुप्ता, टेनी दीक्षित, रजत गुप्ता आदि का सहयोग रहा। बुधवार को रात्रि में नारद मोह लीला का मंचन किया जाएगा।

# रेल चौपाल में यात्रियों ने दिए सुझाव


रेलवे स्टेशन में आयोजित चौपाल में रेलवे कर्मचारियों को सुझाव देते यात्री। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- स्वच्छता पखवाड़ा: साफ-सफाई के लिए उठाए गए कदम को सराहा

**अमृत विचार :** मुरादाबाद मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा के तहत रेलवे स्टेशन पर बुधवार को रेल चौपाल का आयोजन किया गया।

इस दौरार मुख्य स्वास्थ्य निरीक्षक त्रिलोक चंद ने बताया कि भारतीय रेल ने स्वच्छता अभियान चलाया, जिसके अंतर्गत ट्रेनों की सफाई, स्टेशन परिसर में सफाई कराई गई। रेल कर्मचारियों ने श्रमदान भी किया था। इस दौरान स्टेशन परिसर में सफाई को लेकर यात्रियों को जागरूक किया गया। यात्रियों ने कहा कि स्टेशन परिसर में सफाई रहती है। लोगों ने अपनी राय दी कि गुटखा खाने वाले, सिगरेट, बीड़ी पीने वाले और गुटखा खाकर थूक फेंकने वालों पर जुर्माना बढ़ाया जाए। सीढ़ियों पर टाइल्स ऐसे लगाए जाए, जिससे चढ़ते समय पैर न फिसले। सफाई के लिए पूछताछ कार्यालय से अनाउंस कराके लोगों को जागरूक किया जाए। यात्रियों के बैठने के लिए और बेंच बढ़ाई जाए। सरकुलेटिंग एरिया में पर्याप्त मात्रा लाइट की व्यवस्था रहनी चाहिए। हाई मास्ट लाइटें कम रोशनी देती है। यात्रियों ने स्वच्छता के लिए उठाए गए कदमों के प्रति संतुष्टि जाहिर की। इस अवसर पर एसएस पीएस तोमर, सीएमआई एसके ठाकुर, सीपीएस शिवम सक्सेना, सीआरएस अनुराग भारद्वाज, सीआईटी कृष्णकांत, शुभम मिश्रा, वीएस विष्ट, रामबदन आदि मौजूद रहे।

# घर में घुसकर महिला से की छेड़छाड़

**शाहजहांपुर, अमृत विचार :** मिर्जापुर थाना क्षेत्र के एक गांव की महिला ने रिपोर्ट दर्ज कराई है कि 14 अक्टूबर की रात साढ़े 12 अपने घर में सो रही थी। उसके घर में गांव का शोभित घर में घुस आया। आरोप है कि आरोपी ने महिला को गलत नीयत से पकड़ लिया। उसके साथ छेड़छाड़ करने लगा। विरोध करने पर आरोपी उसे जान से मारने की धमकी दी। महिला ने शोर मचाया तो आरोपी भाग गया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# आईकेएमजी ने आतिशबाजी के साथ मनाया दीपोत्सव

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** इंटरनेशनल खत्री महासभा ग्रुप (आईकेएमजी) की ओर से बुधवार को रैनाबाग कॉलोनी में दीपोत्सव मनाया गया। इस अवसर पर महिलाओं ने सजधज कर उल्लासपूर्ण माहौल में त्योहार की खुशियां आपस में साझा कीं।

रीमा किटी हाउस में दीपोत्सव की शुरुआत श्रीगणेश-लक्ष्मी से पूजन से की गई। गणपति वंदना और माता लक्ष्मी की जय-जयकार के साथ महिलाओं ने आकर्षक रंगोली सजाई और दीप जलाकर साज-सज्जा पूरी की। मुख्य रूप से दीया और बाती थीम पर कार्यक्रम को रोचक बनाया गया। महिलाओं ने हाउजी समेत अन्य रोचक गेम खेलकर और नृत्य कर न सिर्फ मनोरंजन किया बल्कि पुरस्कार भी जीते। समापन पर सभी ने फुलझड़ी, अनार, फिरकी आदि आतिशबाजी का भी आनंद लिया। ग्रुप अध्यक्ष रजनी सेठ ने टीम की सदस्यों को दीपावली बधाई दी। कार्यक्रम में उपाध्यक्ष पूनम टंडन, सचिव रिद्धि बहल, सलाहकार कोमल खन्ना, आरती खन्ना, कोषाध्यक्ष पूनम कपूर, करिश्मा टंडन, श्रृंगारिका आदि का सहयोग रहा। वीना मेहरोत्रा, सुनीता सिंह, डिंपल टंडन, मेघना खन्ना, रागिनी खन्ना, विजय लक्ष्मी सूद, नीरू कपूर, दीपशिखा, वीना सिंह, नमिता सिंह, शीतल, निशा आदि सदस्य मौजूद रहे।


दीपोत्सव में गणपति और माता लक्ष्मी की आरती करतीं आईकेएमजी की सदस्य। ● अमृत विचार

- आकर्षक रंगोली सजाकर नृत्य और गेम के माध्यम से मनाईं खुशियां


MEDICAL Lifelines OF BAREILLY
अमृत विचार एक सम्पूर्ण अखबार
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें :- 8445507002


डॉ. दर्शन मेहरा
एम.बी.बी.एस., एम.डी. (मेडिसिन)
Cardiopulmonologist, Diabetologist & Intensivist
आयुष्मान एवं TPA कैशलेस सुविधा उपलब्ध
डायबिटीज, थायराइड, डेंगू, मलेरिया, टी.बी., पेट रोग, गठिया, फेफड़ों के रोग, तेज बुखार, एलर्जी, जटिल रोगों का उचित इलाज
दर्पिन हॉस्पिटल
संजय नगर रोड, पीलीभीत बाईपास, बरेली
हैल्प लाइन – 8979252222, 9457663289

आदित्य आई एण्ड लेजर सेन्टर
ADITYA
उपलब्ध सुविधायें
60000 से अधिक आँखों के आपरेशन का अनुभव
बिना सुई बिना टांका आधुनिक से आधुनिक लैंस प्रत्यारोपण की सुविधा उपलब्ध
आयुष्मान कार्ड द्वारा निःशुल्क सर्जरी की सुविधा उपलब्ध है।
बी–स्कैन द्वारा पर्दे की जाँच उपलब्ध
आ.सी.टी.मशीन से रेटीना एवं ग्लोकॉम की जाँच उपलब्ध
8077344353
समय प्रातः 10 से 4 बजे तक एवं सायं 6 से 8 बजे तक

डॉ. आदित्य त्यागी
MBBS, DOMS, DNB MNAMS
CATARACT, REFRACTIVE & GLAUCOMA SURGEON
ट्यूलिप ग्रांड के सामने, पीलीभीत बाई पास, बरेली

डॉ. प्रेम गंगवार
B.H.M.S. (Homeo Cafe Gwalior)
वरिष्ठ होम्योपैथिक चिकित्सक
मो. 8859517808

सैक्स रोग, शीघ्रपतन, नामर्दी, त्वचा, गुर्दे, कैंसर, जोड़, नस, थायराइड व महिलाओं का बांझपन
होम्योपैथिक से जुड़ी समस्या व दवाईयों के लिये निःशुल्क सम्पर्क करें।
आधुनिक जर्मन दवाईयों द्वारा कुशल डाक्टर के मार्गदर्शन में इलाज
10 वर्षों का अनुभव प्रेम जर्मन होम्योपैथिक
रूहेलखण्ड यूनिवर्सिटी के सामने, पीलीभीत बाईपास, एच.के. टावर, बरेली


# कवि वैरागी को काव्यश्री अंतर्राष्ट्रीय सम्मान

**पुवायां, अमृत विचार :** कोरोना में अपनी रचनाओं से जनजागरण अभियान चलाने वाले गांव धारा निवासी कवि डॉ. प्रदीप वैरागी को विगत दिनों हुई ऑनलाइन अंतर्राष्ट्रीय काव्य प्रतियोगिता में प्रतिभाग में उत्कृष्ट सृजन के लिए राधेय राग संस्थान की ओर से अंतर्राष्ट्रीय काव्य श्री सम्मान दिया गया। संस्थान के संस्थापक भारत विजय राग और अध्यक्ष निधि संतोष दवे (यूएई) ने डिजिटल प्रशस्ति पत्र भेजकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है। कवि रामबाबू शुक्ला, अरविंद पंडित, आरएल श्रीवास, तेजपाल जोशी, रवि पांडेय, प्रदीप पांडेय व्योम, ऋषभ शुक्ला, शिशिर शुक्ला, उर्मिलेश सौमित्र, शिव ओम शुक्ला, विमल यादव, पुष्पेंद्र पांचाल आदि ने हर्ष व्यक्त किया है।



# धूमधाम से निकाली गई राम बरात

संवाददाता, तिलहर

- देव स्वरूप झांकियों में राम मंदिर बना आकर्षण का केंद्र
- विधायक सलोना कुशवाहा ने पूजन कर किया आरंभ

**अमृत विचार:** नगर में पोटरगंज की श्री जनता रामलीला मेला की देव स्वरूप भव्य झांकियों के साथ नगर में धूमधाम से बैंडबाजों संग बरात निकाली गई।

बुधवार शाम छह बजे मेला स्थल के मंच पर विराजमान श्री गणेश, भगवान श्रीराम समेत चारों भाइयों, महर्षि विश्वामित्र व हनुमान जी महाराज का विधायक सलोना कुशवाहा ने कमेटी सदस्यों के सानिध्य में पूजन अर्चन कर आरती उतारी। तिलक वंदन के उपरांत श्री राम बारात का शुभारंभ हुआ। बारात में श्री गणेश दरबार, राम दरबार, काली अखाड़ा, पुष्पक विमान पर श्रीराम जानकी, श्री राधा कृष्ण, नागिन अखाड़ा, बाबा बर्फानी, पंजाबी भांगड़ा, शिव पार्वती, खाटू श्याम बाबा, अयोध्या मंदिर, विश्वामित्र के साथ श्रीराम लक्ष्मण भरत शत्रुघ्न की भव्य झांकी समेत विभिन्न बैंड बाजा शामिल रहे। कमेटी संरक्षक देवेंद्र गुप्ता, अध्यक्ष नीरज गुप्ता, पंकज गुप्ता, निलेश गुप्ता, कमलेश गुप्ता पप्पू, सौरभ गुप्ता रवि, अरविंद गुप्ता समेत कमेटी के तमाम सदस्य मौजूद रहे। बारात नई वस्ती, बहादुरगंज, कुंवरगंज, सराफा बाजार, मुख्य चौराहा बिरिया गंज, निजामगंज, दातागंज, बारह पत्थर से स्टेट बैंक होकर ब्लॉक रोड होकर कोतवाली के सामने से कुम्हारों वाली पुलिया होकर रात करीब साढ़े बारह बजे मेला स्थल पहुंचकर संपन्न हुई।


श्री राम के स्वरूप की आरती उतारतीं विधायक सलोना कुशवाहा। ● अमृत विचार

# संपन्न लड़की से शादी की जिद और शॉर्टकट ने बना दिया अपराधी

## बीबीए के छात्र ने दो दोस्तों के साथ मिलकर रच डाली फर्जी अपहरण की कहानी

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- सोचा, रुपये वसूलकर करेगा व्यापार और प्रेमिका संग बसाएगा घर संसार
- परिजनों के पुलिस के पास जाने से फूटा भांडा, दोस्तों को भी बना दिया अपराधी


पुलिस हिरासत में बीबीए छात्र संजीव त्यागी उर्फ संजू व उसके दोनों साथी।

**अमृत विचार :** अच्छे घर की लड़की से शादी की जिद और शॉर्टकट से रुपये कमाने के चक्कर में बीबीए का छात्र अपराधी बन गया। उसने अपने ही अपहरण की झूठी कहानी रच डाली। छात्र ने सोचा कि उसके घर वाले चुपचाप बिना पुलिस को बताए रुपये दे देंगे और इसके बाद वह अच्छा व्यापार करेगा। साथ पढ़ने वाली बीबीए की छात्रा के साथ घर बसाकर सुखी जीवन जिएगा, लेकिन उसकी यह सारी उम्मीदें मुंगेरीलाल के हसीन सपने साबित हुईं। परिवार वाले पुलिस के पास चले गए और अपराध का खुलासा हो गया। उसने अपने दो दोस्तों को भी अपराधी बना दिया। थोड़े से लालच और दोस्ती में दोनों युवक भी अपराधी बन गए।

कटरा पुलिस के अनुसार यह कहानी बरेली के एक कॉलेज से शुरू होती है। यहां पढ़ने वाली बीबीए की छात्रा से छात्र संजीव की आंखें चार हो गईं। संजीव छात्रा के प्यार में ऐसे पड़ा कि उसके लिए कुछ भी करने को तैयार हो गया। उसने शादी करने का इरादा कर लिया। छात्रा अच्छे घर से है। इसलिए संजीव को उससे शादी करने के लिए खुद को अच्छी तरह से व्यवस्थित दिखाना था। इसके लिए चाहिए थी नौकरी या फिर अच्छा व्यापार। व्यापार के लिए लाखों रुपये चाहिए थे इसलिए वह पैसा कमाने का शॉर्टकट सोचने लगा। उसने बहुत प्रयास किया कि उसे नौकरी मिल जाए, लेकिन नहीं मिली। इसके बाद वह पैसे कमाने का कोई और तरीका सोचने लगा ताकि व्यापार कर सके। दुर्भाग्य से उसे ऐसा कोई तरीका नहीं मिला जिससे वह शॉर्टकट से पैसा कमा सके। अंत में उसके मन में खौफनाक साजिश ने जन्म लिया। उसने सोचा कि क्यों न वह परिवार वालों से ही पैसे ले ले।

अब सवाल था कि कैसे? तमाम प्रयासों के बाद भी उसे ऐसा कोई तरीका नहीं मिला जिससे वह घर वालों से पैसा लेने में कामयाब हो सके। संजीव के पिता एक बैंक में कर्मचारी हैं और बड़ा भाई अखिल निजी तौर पर काम करता है। ऐसे में परिवार की आर्थिक स्थिति इतनी भी अच्छी नहीं थी कि लाखों रुपये उसे आसानी से मिल जाएं। ऐसे में एक दिन उसके मन में ख्याल आया कि क्यों न वह अपने ही अपहरण की कहानी रचे और घर वालों से पैसा वसूल कर ले। बाद में इसी पैसे से वह अच्छा व्यापार कर लेगा। प्रेमिका के परिवार वालों पर इसका अच्छा प्रभाव पड़ेगा और उसकी शादी हो जाएगी। इसी सोच के साथ उसने अपने दो दोस्त गुरसान सिंह व मंगेश यादव को थोड़ा सा लालच देकर अपने साथ मिला लिया। तय हुआ कि संजीव अचानक से लापता हो जाएगा। इसके बाद दोनों दोस्त परिवार वालों को अपहरणकर्ता बनकर फोन करेंगे। साथ ही धमकी देंगे कि किसी को कुछ बताया तो संजीव को जान से मार डालेंगे। इसके बाद साजिश के अनुसार काम शुरू हुआ। संजीव लापता हुआ। परिवार वाले परेशान होकर उसे ढूंढने लगे। इसी बीच दोस्तों ने फोन कर फिरौती मांगी। पहली किस्त का पैसा बरेली में लिया गया और दूसरी किस्त का पैसा दिया जाना था कि तीनों को पुलिस ने सर्विलांस की मदद से दबोच लिया। पुलिस के सामने तीनों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया।

### 36 हजार 500 रुपये हुए बरामद

आरोपियों ने मंगलवार को फिरौती के रूप में 40 हजार रुपये वसूल किए थे, लेकिन बुधवार को जब वह पकड़े गए तो उनके पास से 36 हजार 500 रुपये ही बरामद हुए। तीनों ने बताया कि शेष रुपये उन्होंने खर्च कर लिए। पूछताछ में सामने आया कि संजीव ने परिवार से रुपये ऐंठने के लिए अपने अपहरण की साजिश रची थी। संजीव ने बताया कि वह गर्लफ्रेंड से शादी करना चाहता था। उसने नौकरी का प्रयास किया, लेकिन लगी नहीं, तब उसने मन बनाया कि वह अब व्यापार करेगा और व्यापार के लिए रकम जुटाने को उसने अपने अपहरण की कहानी गढ़ी। लालच देकर दोस्तों को भी साथ मिला लिया था।

### अच्छे घर की है बीबीए छात्रा

संजीव ने पुलिस को बताया कि जिस बीबीए की छात्रा से वह शादी करना चाहता है वह संपन्न परिवार से है। सच्चा प्यार होने के चलते वह किसी भी हाल में उससे शादी करना चाहता था। इसलिए कोई और रास्ता न देख उसने अपने ही अपहरण की कहानी रच डाली। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि नासमझी में संजीव ने अपराध कर डाला। अपने प्यार के चक्कर में वह भूल गया कि जो वह करने जा रहा है, वह अपराध है। एक ऐसा अपराध जो उसे जेल की सलाखों के पीछे पहुंचा सकता है।

## आईजी ने नेपाल के अधिकारियों के साथ की बैठक

**पलिया कलां, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश पुलिस के महानिरीक्षक लखनऊ प्रशांत कुमार ने नेपाल के अधिकारियों के साथ गौरीफंटा में बैठक की।

बैठक में सीमा की सुरक्षा मजबूत करने, तस्करी आदि रोकने को लेकर वार्ता की। भारत-नेपाल सीमा पर स्थित स्तंभों के समुचित रखरखाव , सुरक्षा एवं सीमा पर संयुक्त रूप से गश्त करने, अवैध हथियारों एवं मादक पदार्थों सहित अन्य सामान की तस्करी पर अंकुश लगाकर मानव तस्करी रोकने आदि महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा करने के बाद आपसी सहमति बनी। दोनों देशों के अधिकारियों ने भारत नेपाल सीमा की नोमैंस लैंड पर पहुंचकर निरीक्षण भी किया।

एसपी इस दौरान एसपी गणेश प्रसाद साहा, एसएसबी कमांडेंट मुकेश कुमार, सीओ पलिया यादवेंद्र यादव, नेपाल के एसपी एपीएफ दल बहादुर पांडेय, डीएसपी एपीएफ सूर्य प्रकाश पंत सहित कई अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## आधार प्रमाणीकरण कराएं उज्जवला उपभोक्ता

**शाहजहांपुर, अमृत विचारः** प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को दो निःशुल्क एलपीजी सिलेंडर दिए जा रहे हैं। वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम चरण में माह अक्टूबर से दिसंबर व द्वितीय चरण में जनवरी 2025 से मार्च तक सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। जानकारी देते हुए डीएसओ चमन शर्मा ने बताया कि उपभोक्ता दर के अनुसार भुगतान कर 14.2 किग्रा का सिलेंडर प्राप्त करेगा। जिसके 3 से 4 दिन बाद योजना के तहत सब्सिडी उपभोक्ता के आधार प्रमाणित खाते में ऑयल कंपनी की ओर से भेजी जाएगी। प्रथम चरण में आधार प्रमाणित लाभार्थियों को सिलेंडर का वितरण किया जाएगा। उन्होंने कहा कि जैसे जैसे लाभार्थियों के आधार प्रमाणित होते जाएंगे, उसी क्रम में उन्हें योजनांतर्गत निःशुल्क सिलेंडर का वितरण किया जाएगा।उपभोक्ताओं से अपील करते हुए डीएसओ ने बताया कि ऐसे अवशेष उज्ज्वला एलपीजी लाभार्थी जिनका आधार प्रमाणीकरण नहीं हुआ है। संबंधित वितरकों के यहां जाकर आधार प्रमाणीकरण कराएं।

# दुधवा बफर जोन में मड़हा बाबा स्थान के दर्शनों से हटेगी रोक

संवाददाता, बांकेगंज/मैलानी


पिछले सप्ताह लखनऊ में मुख्यमंत्री से वार्ता करते पुवायां विधायक चेतराम।


मंदिर में स्थापित शिवलिंग।

**अमृत विचारः** दुधवा बफर जोन की मड़हा बीट स्थित मड़हा बाबा स्थान पुवायां के भाजपा विधायक चेतराम के प्रयासों से एक बार पुनः आस्था का केंद्र बनने की राह पर है। मुख्यमंत्री से मुलाकात के बाद जहां विधायक ने मड़हा बाबा जाने पर लगी रोक को हटाए जाने की बात कही है तो वहीं वनकर्मियों ने विभाग द्वारा आदेश न मिलने की बात कही है।

दुधवा टाइगर रिजर्व क्षेत्र के किशनपुर सेंचुरी स्थित मड़हा बाबा स्थान बांकेगंज से 12 किमी, मैलानी से आठ किमी और पहाड़नगर ग्राम पंचायत से छह किमी दूरी पर है। सात वर्ष पूर्व तक यहां श्रद्धालु ट्रैक्टर ट्राली से अपने नाते रिश्तेदारों के साथ बच्चों के मुंडन व भंडारा कराते थे। वन विभाग प्रत्येक ट्रैक्टर ट्राली के लिए 500 रुपये की रसीद काटकर देता था। मड़हा बाबा स्थान के नजदीक स्थित तालाब में बड़ी संख्या में कछुओं को देखने के लिए लोगों की भीड़ लगी रहती थी। दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में शामिल किए जाने के बाद वनाधिकारियों द्वारा आम जनमानस के प्रवेश पर रोक लगाई जाने लगी। सात वर्ष पहले वन विभाग ने लोगों की आस्था और श्रद्धा पर पूरी तरह प्रतिबंध लगा दिया था। तबसे मड़हा बाबा के जयकारों से गूंजने वाला स्थान सूनसान हो गया। जंगल की सीमा से सटी ग्राम पंचायत पहाड़नगर के प्रधान पति विनोद कुमार ने बताया कि पहली बार 2014 में मड़हा बाबा जाने पर वनाधिकारियों ने रोक लगाई। तीन वर्ष तक जनप्रतिनिधियों के दबाव के चलते कुछ लोग भंडारा कराने मड़हा बाबा चले जाते थे, किंतु 2017 में वन विभाग ने पूरी तरह रोक लगा दी, जिससे क्षेत्र के लोगों में काफी मायूसी दिखाई दी।

- पुवायां के विधायक ने मुख्यमंत्री के सामने रखी थी समस्या, सात साल से लगी थी रोक

### विधायक ने की थी मुख्यमंत्री से रोक हटाने की मांग

मैलानी। पड़ोसी जनपद की सीमा से सटे पुवायां क्षेत्र के विधायक चेतराम ने बीते सप्ताह मुख्यमंत्री के समक्ष इस मुद्दे को उठाते हुए मड़हा पर लगी रोक हटाने की मांग की। उन्होंने बताया कि मड़हा बाबा स्थान जाने पर लगी रोक को हटा दिया गया है। पुवायां विधायक द्वारा रोक हटाए जाने की बात कहे जाने के बाद से क्षेत्र के श्रद्धालुओं में खुशी का माहौल है। यद्यपि वनकर्मी अपने विभाग के उच्चाधिकारियों से निर्देश मिलने के बाद ही वहां जाने की अनुमति देने की बात कह रहे हैं।

### मंदिर में शशि कपूर और ऋषि कपूर के नाम का लटकता है घंटा

बांकेगंज। प्रधानपति विनोद कुमार बताते हैं कि बॉलीवुड की नामी हस्तियों ऋषि कपूर और शशि कपूर के नाम का घंटा भी लटका रहता था। बांकेगंज निवासी संतोष कुमार सक्सेना कहते हैं कि मड़हा बाबा स्थान पर रहने वाले पुजारी ने उनके आने का अनुमानित वर्ष 1995 अथवा 96 बताया था।

### मैलानी वासियों ने भी मुख्यमंत्री को भेजा पत्र

**मैलानी।** मड़हा बाबा जाने पर लगी रोक को हटाए जाने के संबंध में मैलानी नगर वासियों ने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में यह तर्क दिया था कि पीलीभीत वाइल्ड लाइफ सेंचुरी के अंदर लगभग 12 किमी की दूरी पर सेहला बाबा, 9 किमी वन क्षेत्र के अंदर सिद्ध बाबा तथा पूरनपुर से 7 किमी वन क्षेत्र के अंदर स्थित एकोत्तरनाथ बाबा के मंदिर में पूजा, भंडारा अभी भी चालू है, जबकि मैलानी वन क्षेत्र स्थित मड़हा बाबा स्थान जाने पर वनाधिकारियों ने यह कहकर रोक लगाई थी कि यह दुधवा टाइगर रिजर्व के कोर एरिया में शामिल कर दिया गया है।

"दुधवा के कोर एरिया में शामिल होने के बाद मड़हा बाबा स्थान आम जनमानस के लिए बन्द कर दिया गया था। जनमानस के लिए खोले जाने को उनसे कई लोग पूछ चुके हैं, किंतु जब तक विभाग से कोई आदेश नहीं मिलेगा, तब तक आम प्रवेश बन्द ही रहेगा।
– **नवीन दिवाकर**, रेंजर, मैलानी।

# अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए किया हवन


एनएचएआई के परियोजना निदेशक अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन करते ग्रामीण।

संवाददाता, तिलहर

- नाला निर्माण की मांग को लेकर चौथे दिन भी जारी रहा धरना

**अमृत विचार :** नाला निर्माण कराने की मांग को लेकर ग्राम प्रधान के नेतृत्व में ग्रामीणों का धरना चौथे दिन भी जारी रहा। ग्रामीणों ने एनएचएआई के परियोजना निदेशक अधिकारियों की बुद्धि शुद्धि के लिए हवन किया।

बुधवार को कपसेड़ा गांव मे हाईवे किनारे चल रहे धरना स्थल पर प्रधान सुनीता देवी ने कहा कि एनएचएआई के परियोजना निदेशक की लापरवाही से नाला निर्माण नहीं हो पा रहा है और गांव में गंदा पानी भर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि परियोजना निदेशक ने शाहजहांपुर से लेकर मीरानपुर कटरा तक कई लापरवाही दर्शाते हुए हाईवे निर्माण कराया है जिससे प्रतिदिन सड़क हादसे होते हैं। अधिकारी पूरे हाईवे की जांच करें जिसमें कई कमियां उजागर होंगी। वीरेश कुमार शर्मा ने कहा कि गांव में स्थित बैंक से कई खाता धारकों के खातों से रुपए धोखाधड़ी कर निकल गए हैं जिसमें बैंक की भूमिका संदिग्ध है। पूरे मामले की जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। इस दौरान वीरेश कुमार शर्मा, अमन मौर्य, राजीव शर्मा, सुनील कुमार, रामबाबू, शिव कुमार, प्रसून कुमार, चंद्रशेखर अवस्थी, विक्रांत प्रताप सिंह, सालिकराम, सियाराम शर्मा आदि मौजूद रहे।

## भाकियू की पंचायत में किसानों की समस्याओं पर की गई चर्चा

**निगोही, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन के ब्लॉक अध्यक्ष रामसेवक प्रजापति की अध्यक्षता में बुधवार को ब्लॉक परिसर में किसानों की पंचायत बुलाई गई। जिसमें किसानों की विभिन्न समस्याओं पर चर्चा के बाद एडीओ पंचायत को छह सूत्रीय ज्ञापन सौंपा गया। जिसमें कहा गया कि यदि छह नवंबर तक मांगें पूरी नहीं हुई तो सात नवंबर को क्रमिक अनशन शुरू कर दिया जाएगा। भाकियू पदाधिकारियों का कहना है कि किसानों का धान आढ़तों पर जाने से और राशन वितरण में घटतौली रोकी जाए। पंचायत में रामकुमारी, राधा आदि महिलाएं और पुरुष कार्यकर्ता मौजूद थे।

- एडीओ पंचायत को सौंपा गया छह सूत्रीय ज्ञापन


पंचायत करते भाकियू कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

# सैलानियों के लिए छह नवंबर से खुल जाएंगे पीटीआर के द्वार

**पीलीभीत, अमृत विचारः** पीलीभीत टाइगर रिजर्व के पर्यटन सत्र को लेकर अनिश्चितता के बादल छंट गए हैं। इसे छह नवंबर से सैलानियों के सैर सपाटे के लिए खोल दिया जाएगा। शासन ने इसके लिए हरी झंडी दे दी है। अपनी जैवविविधता एवं बाघों के लिए देश-दुनिया में मशहूर पीलीभीत टाइगर रिजर्व में तैयारियां तेजी से चल रही है, ताकि आने वाले सैलानियों को किसी असुविधा का सामना न करना पड़े। देश-दुनिया में पहचान बना चुके पीलीभीत टाइगर रिजर्व का पर्यटन सत्र वैसे हर साल 15 नवंबर से शुरू होकर 15 जून तक चलता है। मानसून सत्र शुरू होने के चलते पर्यटन बंद हो जाता है। हालांकि बरसात में देरी के चलते टाइगर रिजर्व का पिछला पर्यटन सत्र 10 दिन बढ़ाते हुए 15 जून के बजाय 25 जून को बंद किया गया था। इधर आगामी पर्यटन सत्र को लेकर जब तैयारी शुरू हुई तो यह कयास लगाए जा रहे थे कि इस बार 15 नवंबर से पर्यटन सत्र शुरू हो जाएगा। इधर बुधवार को लगाए जा रहे कयास पर ब्रेक लग गया। पीलीभीत टाइगर रिजर्व का आगामी पर्यटन इस बार 10 दिन पहले से शुरू किया जाएगा। देश-दुनिया के सैलानियों के पीलीभीत टाइगर रिजर्व के दरवाजे 06 नवंबर को ही खोल दिए जाएंगें। शासन ने इसको लेकर हरी झंडी दे दी है।


पीटीआर का सप्त सरोवर। ● अमृत विचार

# अल्पसंख्यक कांग्रेस कमेटी का विस्तार


कांग्रेस कार्यालय पर मनोनीत सदस्यों का स्वागत करते कांग्रेसी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

- संतोख सिंह जिला उपाध्यक्ष और तस्लीम जिला महासचिव मनोनीत

**अमृत विचार :** अल्पसंख्यक कांग्रेस की एक बैठक बुधवार को कांग्रेस कार्यालय राजीव भवन टाउन हॉल पर हुई।

जिसमें जिला कमेटी का विस्तार करते हुए जिलाध्यक्ष सईद अंसारी ने एडवोकेट संतोख सिंह को जिला उपाध्यक्ष व एडवोकेट तस्लीम अंसारी को जिला महासचिव मनोनीत किया। कांग्रेस महानगर अध्यक्ष पवन सिंह ने कहा कि अल्पसंख्यक कांग्रेस बहुत मजबूती के साथ काम कर रही है। हमारे सब फ्रंटल संगठन लगातार पार्टी को मजबूत कर रहे है जो हमारी रीढ़ की हड्डी है। इस दौरान तज़दीक अंसारी, डॉ. जाने आलम, वसीम खान, कलीम खान, असलम अंसारी, सलीम इदरीसी, डॉ. फरीद खान, मकदूम अली, गौरव त्रिपाठी, अहसन ज़ैद अंसारी समेत बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

## दुर्घटना में शिक्षामित्र और अनुदेशक की मौत


मृतका रुचि।

**बरेली/फतेहगंज पूर्वी, अमृत विचार :** गांव निवड़या के कंपोजिट विद्यालय में तैनात शिक्षामित्र पंकज कुमारी (45) और शाहजहांपुर निवासी अनुदेशक रुचि पांडे (35) बुधवार दोपहर 3 बजे विद्यालय से छुट्टी के बाद स्कूटी से घर जा रही थीं। रास्ते में सड़क पार करते समय नेशनल हाईवे पर उचसिया मोड़ के पास शाहजहांपुर की ओर से आ रही एक तेज रफ्तार बस ने स्कूटी में टक्कर मार दी। जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गईं। मौके पर मौजूद लोगों ने दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया, जहां शिक्षामित्र पंकज कुमारी की मौत हो गई। वहीं रुचि पांडे की हालत नाजुक बताई गई। देर रात उनकी भी मौत हो गई। पंकज फतेहगंज पूर्वी की नई कॉलोनी और रुचि शाहजहांपुर के शास्त्री नगर में रहती हैं।

## स्कूटी पर बैठकर एसडीएम को खरी-खोटी सुनाते विधायक योगेश वर्मा का वीडियो वायरल

# कानूनगो से रुपये वापस कराइए नहीं तो देंगे धरना

कार्यालय संवाददाता, लखीमपुर खीरी


एसडीएम सदर से बातचीत करते सदर विधायक योगेश वर्मा। ● अमृत विचार

- पैमाइश के नाम पर आरएसएस खंड कार्यवाह से ले लिए पांच हजार रुपये
- गुस्साए विधायक पीड़ित को साथ लेकर स्कूटी से ही तहसील में आ धमके

**अमृत विचारः** खेत की पैमाइश कराने के नाम पर तहसील सदर का कानूनगो छह साल से आरएसएस के खंड कार्यवाहक को टरका रहा। उससे पुलिस को देने के नाम पर पांच हजार रुपये भी ले लिए। शिकायत पर स्कूटी से सदर विधायक एसडीएम से मिलने कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्हें खूब खरीखोटी सुनाईं। बोले पहले रुपये वापस कराइए नहीं तो यहीं धरना देंगे।

सदर तहसील के गांव बंजरिया निवासी विशेश्वर दयाल आरएसएस के खंड कार्यवाह और रिटायर्ड शिक्षक हैं। वह अपने खेत की पैमाइश कराने के लिए पिछले 6 साल से दौड़कर तहसील सदर के चक्कर काट रहे हैं। खंड कार्यवाह का आरोप है कि कानूनगो ने पुलिस के नाम पर उनसे पांच हजार रुपये भी ले लिए। वह लगातार दौड़ लगाकर जब थक गए तो तहसील दिवस में एसडीएम सदर से शिकायत की। उनका कहना है कि एसडीएम अश्वनी कुमार सिंह ने कानूनगो को बुलाकर जब पूछताछ की। तब भी कानूनगो ने पुलिस को देने के लिए खर्चा लेने की बात कही थी। एसडीएम ने नियमानुसार पैमाइश कराने के निर्देश भी कानूनगो को दिए थे। इसके बाद भी कानूनगो टालमटोल करता रहा। इससे परेशान खंड कार्यवाह ने इसकी शिकायत उन्होंने सदर विधायक योगेश वर्मा से की। इससे खफा सदर विधायक बुधवार को पीड़ित विशेश्वर दयाल के साथ स्कूटी से कलेक्ट्रेट पहुंचे।

विधायक के आने की जानकारी पर एसडीएम अवनीश कुमार सिंह भी ऑफिस के बाहर आ गए। विधायक ने एसडीएम सदर को खूब खरी खोटी सुनाईं। कानूनगो के ऊपर कार्रवाई करने की बात कही। कार्रवाई न होने पर विधायक ने धरने की चेतावनी दी है। विधायक और एसडीएम के बीच हो रही वार्तालाप के दौरान काफी लोगों की भीड़ जुट गई। भीड़ में शामिल किसी ने दोनों के बीच हो रही वार्तालाप का वीडियो बनाया और उसे सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया है। एसडीएम ने विधायक को आश्वासन दिया है कि वह जांच कर कार्रवाई करेंगे।

### विधायक का लहजा बना चर्चा का विषय

विधायक जिस अंदाज में एसडीएम कार्यालय पहुंचे वो हर तरफ चर्चा का विषय बना हुआ है। वायरल वीडियो में देखा जा सकता है कि विधायक योगेश वर्मा स्कूटी पर बैठकर ही एसडीएम से वार्तालाप कर रहे हैं। स्कूटी पर बैठे-बैठे ही एसडीएम को हड़का रहे हैं।

## सड़क दुर्घटना में वृद्ध की मौत, युवक घायल

**गोला गोकर्णनाथ, अमृत विचारः** रास्ते में पड़ी मौरंग पर बाइक फिसलने से हुई सड़क दुर्घटना में एक वृद्ध की मौत हो गई, जबकि एक युवक गंभीर घायल हो गया है। घायल को सीएचसी भर्ती कराया गया। हैद्राबाद थाना क्षेत्र के गांव अयोध्यापुर निवासी प्रह्लाद (75) पुत्र छेदा गांव के ही धर्मेन्द्र कुमार (29) पुत्र वीरेंद्रलाल के साथ बाइक से महेशपुर की बाजार जा रहे थे, कि गांव रामदीनपुर के पास रास्ते में पड़ी मौरंग पर बाइक फिसल गई और दोनों लोग जमीन पर गिरकर घायल हो गए। पीछे से आई एक बाइक भी वृद्ध प्रहलाद के ऊपर गिर पड़ी। राहगीरों की मदद से दोनों घायलों को सीएचसी लाया गया, जहां डॉक्टर ने प्रह्लाद को मृत घोषित कर दिया और घायल धर्मेन्द्र का अस्पताल में इलाज हो रहा है।

## जल शक्ति मंत्री से की जल जीवन मिशन में खराब गुणवत्ता की शिकायत

संवाददाता, कांट

- 19 अक्टूबर के अंक में अमृत विचार ने प्रकाशित की थी खबर

**अमृत विचार :** हर घर नल-जल मिशन योजना का गांवों में बुरा हाल, शुद्ध पेयजल से वंचित ग्रामीणों की समस्या को लेकर विधायक अरविंद सिंह ने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मुलाकात की। ज्ञात हो कि इस समस्या को 19 अक्टूबर के अंक में अमृत विचार ने खबर को प्रकाशित किया था।

शाहजहांपुर जनपद के कांट विकासखंड के ग्राम पंचायत मल्हपुर में एनसीसी कंपनी के तहत हर घर नल योजना के अंतर्गत गांव में पाइप लाइन का कार्य प्रारंभ किया गया लेकिन लगभग दो वर्ष बीत जाने के वाद भी कार्य पूर्ण नही सका। ठेकेदारों ने गांव की लगभग सभी गलियों को खोदकर डाल दिया। इनमें से जिन गलियों को बंद किया गया, उनमें सही से इंटरलॉक एवं खड़ंजे को बिछाया तक नहीं गया। ददरौल विधायक ने जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह से मिलकर जल जीवन मिशन योजना में व्याप्त मनमानी, गुणवत्ता में कमी आदि की जांच कराकर प्रभावी कार्यवाही का आग्रह किया।

विधायक अरविंद सिंह ने बताया कि जल शक्ति मंत्री से मिलकर क्षेत्र की समस्याओं से अवगत कराया हर घर जल योजना के अंतर्गत कार्य की धीमी प्रगति तथा गुणवत्ता पूर्वक कार्य न करने के बारे में भी चर्चा की। मंत्री ने आश्वासन दिया है कि गुणवत्ता पूर्वक कार्य तथा समय से कार्य हो इसके लिए उच्च अधिकारियों को निर्देशित किया है।

मानसिक रोग, सैक्स रोग, नशा उन्मूलन विशेषज्ञ



डॉ. (प्रो.) राकेश यदुवंशी
Neuropsychiatrist
M.B.B.S., M.D., F.I.P.S., M.I.A.C.A.M.
(के.जी.एम.यू. लखनऊ)
भूतपूर्व मनोचिकित्सक,
रुहेलखण्ड मेडिकल कॉलेज, बरेली

मिलने का समय
सोमवार-बुधवार
पूर्वान्ह 11 से 3 बजे तक
गुरुवार-शनिवार
दोपहर 2 बजे से 6 बजे तक

- हिस्टीरिया, मिर्गी
- सिर दर्द, माइग्रेन
- डिप्रेशन, घबराहट
- स्किजोफ्रेनिया, उन्माद
- नशे की आदत
- डिमोशिया
- याद्दाश्त कम होना
- बच्चों में चंचलता
- पागलपन बुदबुदाना
- बिस्तर गीला करना
- बेवजह शक करना
- नींद न आना

दिमाग की जाँच (E.E.G.) की सुविधा उपलब्ध है।



संवेदना क्लीनिक
100 फिटा रोड, बरेली।
Mob. 08126922960
Clinic : 7409944400

खून के आंसू




हकीम जहीर अहमद (क्लीनिक)
डॉ. एम. अहमद (BUMS)
जो लोग बचपन की गलतियों से अपनी जवानी बर्बाद कर चुके हैं जिनको
धात, स्वप्नदोष, सुस्ती, कमजोरी, शीघ्र पतन होना, जोश में कमी, रूकावट, बवासीर, भगन्दर, ल्यूकोरिया, महावारी का न होना, शुक्राणुओं की कमी, नि:संतान रोगी (नशा छुड़वाये), सोराइसिस, नलों का बंद होना, कैंसर, शुगर, इन्द्री का लंबापन, मोटापन, 50 साल से ऊपर वाले मर्दों का सैक्स पावर खत्म होना, गुर्दे का क्रीटनीन, प्रोस्टेट, अल्सर, योनि का ढ़ीलापन, पेशाब बार-बार आना, पेशाब में खून आना।
वह लोग जिनका विचारों से ही स्लखन हो जाता हो या वे भाई जिनकी उम्र ज्यादा हो वक्त पर बीवी से शर्मिन्दा रहते हो तुरन्त मिलें प्रत्येकः-
शनिवार रविवार
बिहारीपुर पुलिस चौकी के आगे, इस्लामियां मैदान के सामने, बरेली
मो. 9634499693
9837338306

अम्बा हैल्थ क्लीनिक



डॉ. आर. एस. सिंह
B.A.M.S.(आयुर्वेदाचार्य)
स्त्री-पुरुष रोग विशेषज्ञ
25 वर्षों से चिकित्सा का अनुभव प्राप्त
ISO.9001:2015 Certify Treadmark Clinic

पतले-दुबले, गाल पिचके व कमजोर स्त्री-पुरुष मोटापा व वजन बढ़ाने के लिए परामर्श लें।




चिकित्सा जानकारी
● भूख न लगना ● अपच ● कब्ज ● गैस बनना ● खाने के बाद शौचालय जाना ● बच्चों का शारीरिक विकास न होना ● पुलिस व फोर्स आदि नौकरी में नाप तौल में कमी होना ● बच्चों का बिस्तर गीला करना ● मोटे पेट व थुल-थुले व्यक्ति का वजन कम करना ● कील- मुंहासे ● झाइयां ● सफेद दागो व सावलापन हटाना ● सुन्दर दिखाना ● बालों का समय से पहले झड़ना ● टूटना ● सफेद होना एवं गंजापन होना ● खूनी व वादी बवासीर आदि सभी बिमारियों का परामर्श लें।

किसी भी प्रकार का नशा जैसे
शराब, अफीम, गुटखा, सुल्फा, गांजा, बीड़ी सिगरेट आदि नसा छुड़ाने की रोगी को बिना लाये बिना बताये जानकारी प्राप्त करें।

स्त्री-पुरुष गुप्त समस्याएं
- स्वपन दोष, शीघ्रपतन, मर्दाना-कमजोरी होना
- हस्तमैथुन, धात जाने से कमी होना
- इन्द्री का ढीलापन-छोटापन व पतलापन होना
- वीर्य में शुक्राणु का कम होना
- ल्यूकोरिया, बांझपन, बच्चेदानी में रसोली होना
- यौन अंगो का ढीलापन या इच्छा कम होना
- मासिक धर्म अनियमित होना या उम्र से पहले बन्द होना।

नारी तत्व को सुडौल व आकर्षक बनानें एवं वैवाहिक जीवन को सफल बनाने हेतु जानकारी प्राप्त करें



Sexually Transmitted Bacterial Disease
सुजाक, गिनोरिया, एड्स, यौन अंगो पर खुजली या छाले पड़ने पर तुरन्त डाक्टर से सम्पर्क करें
गलत फिल्में दखने व फोन पर बातें करने से या पेशाब में चिपचिपा पदार्थ निकलने पर तुरन्त सम्पर्क करें।
डॉ. साहब आपके विश्वास पर सभी बिमारियों को ठीक करने की कोशिश कर सकते हैं दावा या गारन्टी नहीं दे सकते।
मिलें सुबह 11 से सायं 5 बजे तक
दिनांक :- 13 अक्टूबर 2024, रविवार
27 अक्टूबर 2024, रविवार
निकट बरेली कॉलेज, होटल मोती महल काली बाड़ी चौराहा, बरेली
9837069463
7599211076

# मदरसों पर सुप्रीम कोर्ट के फैसले का किया स्वागत

## मदरसों में दी जा रही शिक्षा को कौमी तौर पर मुकम्मल बताया

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** मदरसों को बंद करने की एनसीपीसीआर की सिफारिश के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट के फैसले का मुस्लिम समुदाय ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया है।


सरकारी वित्त पोषित एवं सहायता प्राप्त मदरसों को बंद करने की एनसीपीसीआर की सिफारिश पर सुप्रीम कोर्ट ने रोक लगा दी है। दर्सगाह इस्लामी स्कूल में प्रबंधक धर्मेंद्र सिंह, शमसुल हसन, मौलाना नजीर आलम खान, मौलाना जुनैद, शिक्षिका जोया, मरजीना ने कहा कि देश की सर्वोच्च अदालत का फैसला सराहनीय है। मदरसों में जो शिक्षा दी जा रही है वह कौमी तौर पर मुकम्मल है। लेकिन मदरसों में देश की एकता और अखंडता की शिक्षा दी जाए, जिससे लोगों को सामंजस्य बनाए रखने में दिक्कत न हो। इस तरह के निर्णय समाज में बिखराव होने से रोकते हैं। मदरसों को बर्बाद होने से बचाने के लिए सुप्रीम कोर्ट के फैसले का स्वागत है, मुस्लिम बच्चों को धार्मिक शिक्षा से दूर करने का षड्यंत्र नाकाम हुआ ।



मदरसों को बंद करने का फरमान ठीक नहीं था। इसलिए सुप्रीम कोर्ट ने इसके खिलाफ फैसला दिया है। जो स्वागत योग्य है। मदरसों में कौमी शिक्षा के साथ देश का इतिहास भी पढ़ाया जाता है।
-मौलाना समसुल



सुप्रीम कोर्ट ने मदरसों के हित में जो फैसला दिया है उसकी देश भर में सराहना की जा रही है। लोगों ने फैसले पर खुशी जाहिर की है। साथ ही समाज को एक नया संदेश भी दिया है।
-हाफिज मुजफ्फर अली कादरी



देश में सभी भाषाओं को मान्यता दी गयी है उसी के तहत मदरसों में बच्चों की तामील दी जाती है। मदरसा बंद करने का फैसला उचित नहीं था। इसलिए सुप्रीम कोर्ट को इस पर निर्णय देना पड़ा।
-मोहम्मद सैयद अली



देश के लोग न्यायपालिका पर भरोसा करते हैं। क्योंकि न्याय पालिका सब कुछ देखने के बाद फैसला सुनाता है। मदरसों को लेकर जो फैसला दिया गया है वह न्यायालयों की तराजू को पाक साफ साबित करता है। -मोहम्मद इमरान

## बोर्ड परीक्षा से पूर्व ही अपडेट किये जाएंगे विद्यालय

**बदायूं, अमृत विचार:** यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर तैयारी की जा रही है। परीक्षा केंद्र बनने के लिए आवेदन करने वाले विद्यालयों की जांच रिपोर्ट शासन भेजी जानी है। स्कूलों को परीक्षा के लिए अपडेट किया जाना है। इसके निर्देश माध्यमिक शिक्षा परिषद सचिव ने डीआईओएस को दिये हैं।

2025 की फरवरी में यूपी बोर्ड की परीक्षाएं संभावित हैं। परीक्षा केंद्र बनाए जाने के लिए जिले के लिए राजकीय, सहायता प्राप्त और वित्तविहीन सहित कुल 304 विद्यालयों की ओर से ऑनलाइन आवेदन किया गया था। आवेदन करने वाले विद्यालयों की जांच रिपोर्ट तैयार करने में अधिकारी जुटे हुए हैं। उसके बाद परीक्षा केंद्रों की अनंतिम सूची जारी होगी। गड़बड़ी होगी तो केंद्र निरस्त किया जा सकता है। जिन विद्यालयों में सुविधाओं का अभाव है, उन्हें सुधारने का निर्देश दिया गया है। जिला विद्यालय निरीक्षक डॉ प्रवेश कुमार ने बताया कि विद्यालयों को सुविधाओं से लैस करने के बारे में जानकारी दे दी गई है।

## विधायक ने किया अन्नपूर्णा राशन की दुकान का उद्घाटन



अन्नपूर्णा योजना से बनी राशन की दुकान का उद्घाटन करते सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता।

संवाददाता, विजय नगला

**अमृत विचार :** सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने अन्नपूर्णा खाद एवं रसद विभाग से बनी राशन की दुकान का फीता काटकर उद्घाटन किया, राशन कार्ड धारकों को किया खाद्यान्न का वितरण भी किया गया।

ब्लाक सलारपुर क्षेत्र के गांव असिर्स बर्खिन में बनी अन्नपूर्णा सरकारी राशन की दुकान का बुधवार को सदर विधायक महेश चंद्र गुप्ता ने उद्घाटन किया। कहा कि सरकार प्रत्येक गांव में अन्नपूर्णा योजना के अंतर्गत राशन की दुकान बना रही है, जिससे प्रत्येक व्यक्ति को उसका हक मिल सके। डबल इंजन सरकार में विकास के पथ पर उत्तर प्रदेश चल रहा है सरकार की मंशा है प्रत्येक पात्र राशन कार्ड धारक को गुणवत्तापूर्ण राशन मिले। लोगों ने सदर विधायक का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। इस मौके जिला पूर्ति अधिकारी रमन मिश्रा, पूर्ति निरीक्षक संजीव कुमार, ब्लॉक सलारपुर प्रमुख पति अनेक पाल सिंह, ग्राम प्रधान हिमानी उपाध्याय, जवाहरलाल उपाध्याय कैलाश उपाध्याय, विपिन शर्मा, अनिल कुमार, सोमेश, अजय पाल सिंह, कृष्णपाल दुर्गापाल सिंह समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

## श्री राम की बरात में झांकियों ने किया मुग्ध

संवाददाता, उसहैत

**अमृत विचार :** श्री राम की बरात कस्बे में धूमधाम से निकाली गयी। मेला अध्यक्ष ध्रुव देव गुप्ता ने राम बरात को रवाना किया। इससे पहले उन्होंने श्रीराम का तिलक कर आरती उतारी।

बरात रामलीला ग्राउंड से प्रारंभ होकर मेन बाजार, श्री कालसेन बाबा मंदिर, मुराबान जाटवान मोहल्ला होकर रामलीला ग्राउंड में संपन्न हुई। काली अखाड़ा, शिवाजी जन शिक्षा निकेतन, सरस्वती शिशु मंदिर, समेत कई आकर्षक झांकियां शामिल रहीं। थाना अध्यक्ष विवेक कुमार सिंह, उसावा थाना प्रभारी निरीक्षक, कादरचौक थाना प्रभारी निरीक्षक, अलापुर प्रभारी निरीक्षक सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे। अखिलेश गुप्ता, अमरजीत भारद्वाज, नरेश चंद्र गुप्ता बलजीत, मुकेश कुमार मदनलाल भारद्वाज, रामदास वाल्मीकि, पूरनलाल गुप्ता प्रमोद वाल्मीकि, अमन गुप्ता छवि गुप्ता, सुनील वर्मा अचल गुप्ता, प्रमोद यादव, मुकेश, पूरन लाल गुप्ता, आदि का सहयोग रहा।

## खाना बनाते समय सिलेंडर लीक होने से लगी आग

**उघैती, अमृत विचार :** खाना बनाते समय सिलेंडर लीक होने से आग लग गई। फायर ब्रिगेड की टीम ने आग पर काबू पाया। साथ ही ग्रामीणों को आग बुझाने का तरीके भी बताए।

कस्बा निवासी पुष्पेंद्र अहेरिया की पत्नी राजबाला बुधवार दोपहर खाना बना रही थी। इसी दौरान रेगुलेटर से गैस लीक होने लगी और आग लग गई। घर में कोहराम मच गया। शोर सुनकर पड़ोसी आ गए। आग बुझाने की कोशिश की लेकिन असफल रहे। पुलिस ने फायर ब्रिगेड को सूचना देकर बुलाया। तब जाकर आग बुझाई जा सकी। अग्निशमन अधिकारी आनंद किशोर ने ग्रामीणों को आग पर नियंत्रण पाने के तरीके बताए।

## गिरीश बने रोजगार सेवक संगठन के जिला उपाध्यक्ष

**बिल्सी, अमृत विचार :** बुधवार को ग्राम रोजगार सेवक (पंचायत मित्र) वैलफेयर ऐसोसिएशन शाखा की बैठक जिलाध्यक्ष शेर सिंह यादव की अध्यक्षता में आयोजित की गई जिसमें रोजगार सेवकों की समस्याओं को लेकर चर्चा की गई। साथ ही सर्वसम्मति से गिरीश यादव निवासी ग्राम मलिकपुर बिचौला पट्टी मारहाम ब्लाक दहगवां को संगठन के जिला उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी दी गई। जिलाध्यक्ष ने उन्हे मनोनीत पत्र सौंप कर बधाई दी है।



गिरीश यादव।

## धनौली गांव में धूमधाम से निकाली गई श्री राम की बरात

**बिल्सी, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र के गांव धनौली में श्री बजरंगबली आदर्श रामलीला कमेटी के तत्वावधान में बुधवार को गांव में राम बरात धूमधाम से निकाली गई। काली अखाड़ा के कलाकारों ने करतब दिखाए।

गांव की मौर्य, यादव, मुस्लिम बस्ती से होते हुए बरात रामलीला स्थल पर पहुंचकर संपन्न हुई। ग्रामीणों ने जगह-जगह राम बरात का स्वागत किया। इसमें भगवान राम, लक्ष्मण, भरत शत्रुघ्न, हनुमान, गुरु विश्वामित्र, गणेश जी, हनुमान जी, शंकर जी, माता पार्वती आदि की झांकियां शामिल रहीं। बारात में रामलीला कमेटी के अध्यक्ष देव सिंह यादव, रमेश पाल यादव, चंद्रकेश श्रीवास्तव, शेर सिंह यादव, सुवनेश यादव, धर्मेंद्र यादव, मुकेश यादव, श्री कृष्ण यादव, मनोज माहेश्वरी, अमित माहेश्वरी, राधे यादव, अनूप यादव, राहुल यादव, सुनील यादव, जितेंद्र यादव आदि का सहयोग रहा।



राम बरात में शामिल झांकी।

वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, बन्थरा, शाहजहांपुर (उ.प्र.)
Ph.: 7521001988, 7521001989
विशेष कैम्प
2 अक्टूबर से प्रारम्भ
मुफ्त परामर्श
मुफ्त आपरेशन
दवाईयों का खर्चा अतिरिक्त
डिलीवरी एवं सिजेरियन मुफ्त
सहयोग राशि 1000/- प्रति डिलीवरी
मुफ्त टीकाकरण
मुफ्त भर्ती व भर्ती मरीजों का
कलर अल्ट्रासाउण्ड 200/- रूपये, एक्स-रे 50/- रूपये मात्र, ECG 20/- रूपये मात्र व सिर का सी.टी. स्कैन 800/- रूपये मात्र
सिर का एम. आर. आई. 2000/- रूपये मात्र
वाहय रोगी विभाग की जांचों पर 50 प्रतिशत की छूट
मरीजों का रजिस्ट्रेशन मुफ्त
भर्ती मरीजों की जांचें 75% छूट पर
मोतियाबिन्द ऑपरेशन व लैंस मुफ्त
ओ.पी.डी. का समय सुबह 9 से 3 बजे तक
इमरजेन्सी 24 घंटे
ब्लड बैंक की सुविधा 24 घंटे
दवाईयों में 20% छूट
कैम्प द्वारा भर्ती मरीजों का खाना मुफ्त
उपलब्ध विभाग एवं सुविधायें
अस्थिरोग विभाग
नेलिंग, प्लेटिंग, इन्टर लॉकिंग नेलिंग, जोड़ों का बदलना कूल्हे एवं घुटनें के जोड़ की आधुनिकतम सर्जरी।
सर्जरी विभाग
पेट के समस्त आपरेशन, कैंसर के जटिल ऑपरेशन, हार्निया, पित्त की थैली आदि के आपरेशन।
जच्चा बच्चा व स्त्री रोग विभाग
डिलीवरी की सुविधा, सिजेरियन, बच्चेदानी के ऑपरेशन
बाल रोग विभाग
नवजात शिशुओं एवं बच्चों की सभी प्रकार की बीमारियों की जांच व इलाज
मेडिसिन विभाग
पेट, जिगर रोड एवं पीलिया, तेजाब, अल्सर, ब्लड प्रेशर, फेफड़ा रोग आदि।
नेत्र रोग विभाग
आंख की समस्त बीमारियों का इलाज व मोतियाबिन्द का ऑपरेशन।
नाक, कान, गला विभाग
नाक, कान एवं गले से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज एवं ऑपरेशन।
दन्त रोग विभाग
समस्त प्रकार के दांतों के रोग का इलाज
त्वचा रोग विभाग
त्वचा से सम्बन्धित बीमारियों का इलाज।
फिजियोथेरेपी विभाग
जोड़ों के दर्द, फालिज, नसों का सुन्नपन, रीढ़ की हड्डी की बीमारियों, गठिया आदि का इलाज।
छाती व सांस रोग विभाग
सांस टी.बी. की बीमारियों के लिए।
मस्तिष्क रोग विभाग
मिर्गी के दौरे तथा दिमागी परेशानी के लिये।
आई.सी.यू.
सभी विभाग में आई.सी.यू. अत्याधुनिक वैन्टीलेटरों के साथ गम्भीर मरीजों, एक्सीडेन्ट, पायजनिंग, दौरे व बेहोशी के मरीजों के लिए अत्याधुनिक गहन चिकित्सा कक्षा।
रेडियोलॉजी विभाग
सभी प्रकार के एक्स-रे अल्ट्रासाउण्ड, सी.टी.स्कैन, एम.आर.आई. एवं डायलिसिस की सुविधा उपलब्ध।
वरुण अर्जुन
मेडिकल कॉलेज
एवं रोहिलखण्ड अस्पताल
NH-24, ग्रा. बन्थरा, शाहजहांपुर

# परेशान मरीज कह रहे, एक ही तरह की दे रहे गोलियां

## जिला अस्पताल में दस-दस दिन से भर्ती हैं मलेरिया के मरीज, डॉक्टरों पर ध्यान न देने का लगा रहे आरोप

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** लाइलाज बीमारी की तरह मलेरिया भी लोगों को डराने लगा है। जिला अस्पताल में भर्ती मरीजों की हालत में सुधार नहीं हो रहा है। हर रोज एक ही तरह की दवाएं दी जा रही हैं जिससे दस-दस दिन से भर्ती मरीज परेशान हो उठे हैं। स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है मरीजों को समय से दवा दी जा रही है लेकिन गंभीर मरीजों को दवा कम असर दिखा रही है।

जिला अस्पताल में बुखार और मलेरिया के मरीजों की संख्या बढ़ती जा रही है। अपेक्षित सुधार न होने पर चिकित्सक भी हैरान हैं। वहीं मरीज भी परेशान होने लगे हैं। उनका कहना है कि दस-दस दिन से भर्ती हैं। उन्हें हर दिन एक जैसी ही दवा दी जा रही है जिससे उनको लाभ नहीं हो रहा है। स्थिति और गंभीर होने से परिजन भी परेशान हैं। यहां पर डॉक्टर और स्टाफ कुछ भी बताने से बचते हैं। मरीजों ने बताया कि सुधार नहीं हुआ तो कुछ मरीज छुट्टी करा कर ले गए। सरकारी दवाओं के साथ ही कुछ बाजार की दवाएं भी दी जा रही हैं फिर भी हालत सुधारने में नहीं आ रही है। उधर बुखार के मरीजों से भी वार्ड फुल हैं। बुखार ठीक होने में भी एक सप्ताह का समय लग रहा है। स्वास्थ्य विभाग का कहना है कि इस समय बुखार और मलेरिया के मरीज हर दिन बढ़ रहे हैं। पुराने मरीजों की छुट्टी नहीं की जा रही है इसलिए अब दिक्कत होने लगी है। मरीजों को कुछ राहत मिलती है तो उन्हे छुट्टी दे दी जाती है।



वार्ड में भर्ती मलेरिया के मरीज। ● अमृत विचार

### नेत्र विभाग को मिली दवाएं, शुरू हुए ऑपरेशन

**बदायूं, अमृत विचार :** जिला अस्पताल स्थित नेत्र विभाग में हर रोज सैकड़ों मरीज आते हैं। इनमें दर्जनों मरीज मोतियाबिंद के होते हैं जिनका ऑपरेशन करना पड़ता है। लेकिन पिछले चार महीने से ऑपरेशन में काम आने वाली दवाएं नहीं थीं जिससे ऑपरेशन नहीं हो पा रहे थे। इन चार महीनों में केवल उन्हीं मरीजों के ऑपरेशन किए गए जिनका मोतियाबिंद पक चुका था जिससे आंख की रोशनी जाने का डर बना हुआ था। अन्य मरीजों को वापस लौटाया जा रहा था। पिछले दिनों सीएमओ डा. रामेश्वर मिश्रा ने एक डॉक्टर को लखनऊ भेजा जहां से दवा खरीदने का टेंडर पास कराने का प्रयास किया गया लेकिन टेंडर पास नहीं हुआ। दवाओं के संकट के बीच सीएमओ ने सोमवार को अपने स्तर से तीन सौ मरीजों की दवाओं की खरीद स्थानीय बाजार से करायी है। उक्त दवाएं नेत्र विभाग को उपलब्ध करा दी गयी हैं जिससे मंगलवार से नेत्र विभाग में मोतियाबिंद के ऑपरेशन शुरू हो गए हैं। अब मरीजों को वापस नहीं लौटना पड़ेगा। नेत्र चिकित्सक पीयूष मोहन अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को कुछ दवाएं मिली हैं। जिसके बाद मंगलवार से मोतियाबिंद के ऑपरेशन शुरू कर दिये गये हैं। यहां पर अभी दवाएं और चाहिए, क्योंकि ठंड के मौसम में मोतियाबिंद के मरीज ऑपरेशन कराते हैं। इसलिए अब टेंडर पास होने के बाद पर्याप्त दवाएं खरीदी जाएंगी। एसीएमओ डा. मोहन झा ने बताया कि नेत्र विभाग को कुछ दवाएं मुहैया करा दी गई हैं। जल्दी ही दवा खरीदने का टेंडर भी पास होने वाला है जिसके बाद सरकार की ओर से पर्याप्त मात्रा में दवाएं मिल जाएंगी।



मलेरिया की दवा ले रहे हैं। दस दिन से भर्ती हैं, दवा असर नहीं कर रही है। डाक्टर कुछ भी नहीं बता रहे हैं। दिन में एक बार डॉक्टर देखने आते हैं। लाभ नहीं मिल रहा है। अब बाहर इलाज कराएंगे।

-सौरभ गुप्ता, मरीज



मच्छर के काटने से मलेरिया हो गया। सात दिन से भर्ती हैं। डॉक्टर देखने आते हैं तो दवा लिख कर चले जाते हैं। बुखार के कारण कमजोरी आ रही है। रात को मच्छर भी लगते हैं।

-जलधारा मरीज



सरकारी दवाएं असरकारक नहीं हैं। कुछ मरीज परेशान होकर छुट्टी करा कर चले गए। यहां केवल खानापूर्ति हो रही है। इलाज के नाम पर भर्ती कर लिया जाता है। कोई देखने वाला भी नहीं है।

कोमल, मरीज



डॉक्टरों को सुबह-शाम देखना चाहिए जिससे मरीज के स्वास्थ्य के बारे में जानकारी रहे। लेकिन यहां दिन में एक बार डॉक्टर राउंड पर आते हैं और देख कर चले जाते हैं। ऐसे इलाज से लाभ नहीं है।

-इशरत, मरीज

मरीजों की संख्या को देखते हुए दो अन्य वार्ड खोल दिए गए हैं उन्हें बुखार और मलेरिया के मरीज ही भर्ती किए गए हैं। कुछ गंभीर मलेरिया पीड़ित कई दिनों तक भर्ती रहते हैं। इस बार मलेरिया संक्रमण दिक्कत कर रहा है। दवाएं दी जा रही हैं। मरीज ठीक भी हो रहे हैं लेकिन कुछ को कई-कई दिन तक भर्ती करना पड़ रहा है। हालात नियंत्रण में हैं।

-डा. कप्तान सिंह, सीएमएस

# सीओ सिटी को व्यक्तिगत रूप से कोर्ट में पेश होने का नोटिस

**बदायूं, अमृत विचार :** कुटुम्ब न्यायालय के प्रधान न्यायाधीश मित्र पाल सिंह ने एक मामले में सीओ सिटी को 7 दिसंबर को न्यायालय में पेश होकर स्पष्टीकरण देने का आदेश किया है। इसी मामले में कोतवाल को भी आदेशित किया कि अभियुक्त को न्यायालय में पेश करें या वसूली करके न्यायालय में जमा कराएं। ऐसा न करने पर कोतवाल पर अलग से केस दर्ज किया जाएगा।

भरण पोषण के एक मामले में कन्नौज के थाना सौरिख क्षेत्र के कस्बा इंद्रानगर के मोहल्ला ऊंचा निवासी नजाकत हुसैन पुत्र विरासत हुसैन के गिरफ्तारी और वसूली वारंट चल रहे हैं। अगली तारीख 20 जुलाई लगी थी। जिसकी प्रतिलिपि के रूप में आदेश सीओ सिटी को भी भेजा गया था।

न्यायालय ने सीओ को नोटिस जारी किया कि ऐसा लगता है कि न्यायालय के आदेशों और वरिष्ठ अधिकारियों के आदेशों के अनुपालन में उदासीन हैं। वह सात दिसंबर को व्यक्तिगत पेश होकर स्पष्टीकरण दें कि क्यों न इस कृत्य के लिए प्रमुख सचिव और विशेष सचिव गृह, उत्तर प्रदेश को लिखा जाए।

वहीं कोतवाल को अभियुक्त को गिरफ्तार करके या वसूली करके जमा करने का आदेश देने के साथ व्यक्तिगत रूप से पेश होकर स्पष्टीकरण देने को कहा है। ऐसा न करने पर अलग से धारा 29 के पुलिस एक्ट का केस दर्ज किया जाएगा।

# दो पक्षों में फायरिंग मामले में 16 पर एफआईआर

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- पुरानी मुकदमेबाजी को लेकर मंगलवार देर शाम कटरी क्षेत्र में हुई थी फायरिंग

**अमृत विचार :** दो पक्षों में मंगलवार देर शाम फायरिंग में दो सगे भाइयों समेत तीन लोग घायल हो गए थे। दोनों भाइयों का जिला अस्पताल और तीसरे का बरेली के अस्पताल में इलाज चल रहा है। दोनों पक्ष ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने 16 लोगों पर जानलेवा हमला, बलवा आदि धाराओं में रिपोर्ट दर्ज की है।

दातागंज कोतवाली क्षेत्र के गांव करीमगंज में निवासी संजीव और अमरजीत के बीच दो साल से विवाद चल रहा है। दोनों के बीच मुकदमेबाजी भी हुई है जिसके चलते दोनों पक्षों में अक्सर मारपीट होती थी। मंगलवार देर शाम संजीव अपने भाइयों के साथ रामगंगा की कटरी स्थित खेत पर बाजरा की फसल काट रहे थे। इसी दौरान अमरजीत पक्ष खेत पर पहुंच गया। दोनों पक्ष में कहासुनी होने लगी जो मारपीट में बदल गई। कुछ देर के बाद दोनों पक्षों में फायरिंग होने लगी। कई राउंड फायरिंग हुई। कटरी गोलियों की गूंज से तड़तड़ा उठी। संजीव, उसके भाई सुनील और दूसरे पक्ष के अमरजीत को गोली लगी। मौके पर अफरा-तफरी का माहौल पैदा हो गया। ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। दो लोगों को हिरासत में ले लिया। तीनों घायलों को दातागंज के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया। चिकित्सक ने संजीव और सुनील को जिला अस्पताल और अमरजीत को बरेली रेफर किया। संजीव के भाई दुर्गेश ने पुलिस को तहरीर दी। पुलिस ने वीरेंद्र, बबलू, सुरजीत, सरबजीत, रवेंद्र, अखिलेश, पुष्पेंद्र, राकेश, मोहरपाल के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की। वहीं अमरजीत पक्ष के अखिलेश की तहरीर पर सुनील, दुर्वेश, संजीव, राजकुमार, जगपाल, टंकारी उर्फ रजिस्टर, शैलेश के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है। प्रभारी निरीक्षक अरिहंत कुमार सिद्धार्थ ने बताया कि दोनों पक्ष की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है। दबिश दी जा रही है। आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# दुष्कर्म के आरोपी के खिलाफ चार्जशीट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- शहर निवासी एक विधवा ने 24 सितंबर को दर्ज कराई थी रिपोर्ट
- पुलिस ने दाखिल की चार्जशीट दूसरे मामले में चार्जशीट की तैयारी

**अमृत विचार :** खुद को समाजसेवी बताने वाले राष्ट्रीय एकता परिवार के अध्यक्ष पर दुष्कर्म, धमकाने, रंगदारी मांगने और ठगी आदि मामले दर्ज कर। पुलिस ने जेल भेजा था। आरोप है कि वह विधवाओं को झांसे में लेता था। पुलिस ने साक्ष्यों को एकत्र करके चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है जबकि दूसरे मामले में चार्जशीट तैयार की जा रही है।

सदर कोतवाली क्षेत्र के एक मोहल्ला निवासी विधवा ने 24 सितंबर को पुलिस को तहरीर दी कि वह अपने 11 साल के बेटे के साथ किराए पर रहती है। उसे अपना कमरा बदलना था। उसने फेसबुक पर शेयर किया कि किराए पर कमरा चाहिए। राष्ट्रीय एकता परिवार के सचिन सूर्यवंशी ने फेसबुक पर उससे संपर्क किया। कहा कि वह कमरा तलाशने में उसकी मदद करेगा। दोनों संपर्क में आए। नजदीकियां बढ़ीं। आरोप है कि सचिन ने महिला के साथ कई बार दुष्कर्म किया। कहा कि उसका पत्नी से तलाक होने वाला है जिसके बाद वह उससे शादी करे लेगा। एक दिन सचिन ने नशे की गोलियां मिलाकर उसे पिला दी और अश्लील फोटो, वीडियो बना लिए। इसके बाद शादी की बात पर टालमटोल करता रहा। ज्यादा दबाव बनाने पर फोटो और वीडियो वायरल करने की धमकी दी। रुपये की मांग की। उसने महिला के जेवर ले लिए।

पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म, धमकाने, मारपीट और आइटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज की थी। पुलिस ने साक्ष्य एकत्र करके और गवाहों के बयान लेकर चार्टशीट कोर्ट में दाखिल की है। इस मामले के बाद एक अन्य महिला ने भी रिपोर्ट दर्ज कराई। उसमें भी चार्जशीट लगाने की तैयारी है। सदर कोतवाल राकेश कुमार सिंह ने बताया कि एक मामले में चार्जशीट कोर्ट में दाखिल कर दी है। दूसरे मामले में भी जल्द चार्जशीट लगाई जाएगी।

### झांसा दे दुष्कर्म, आरोपी के परिजनों ने धमकाया

**बदायूं, अमृत विचार :** पति से विवाद होने के बाद घर पर अकेली रह रही महिला को दूसरे समुदाय के युवक ने शादी का झांसा देकर कई बार दुष्कर्म किया। बाद में शादी से इंकार कर दिया। महिला ने शादी करने का दवाब बनाया तो आरोपी और उसके छह भाई-बहनों ने महिला को धमकाया। एसएसपी के आदेश पर थाना अलापुर पुलिस ने सात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है। अलापुर के एक मोहल्ला निवासी महिला को पति ने छोड़ दिया। महिला अकेले रहने लगी। मोहल्ले के आफताब हुसैन से नजदीकियां बढ़ गईं। उसने शादी का झांसा देकर कई बार शारीरिक संबंध बनाए। शादी का दबाव डाला तो टालमटोल करने लगा। महिला ने दूरी बनानी शुरू कर दी तो आफताब घर में घुस गया और दुष्कर्म किया। बाद में भी संबंध बनाने का दबाव बना बदनाम करने की धमकी देने लगा। महिला ने आरोपी के भाई महताब हुसैन, नन्हें हुसैन, मशहूर हुसैन और महजबीन, आफरीन, मशरूफन से शिकायत की। उन्होंने महिला को ही गाली दी। जान से मारने के अलावा घर छोड़कर जाने की धमकी दी। महिला ने एसएसपी से गुहार लगाई तब पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ दुष्कर्म, जबरन घर में घुसने, धमकाने आदि की रिपोर्ट दर्ज की है। अलापुर के प्रभारी निरीक्षक धनंजय सिंह ने बताया कि जल्द ही आरोपियों को गिरफ्तार किया जाएगा।

# बदमाशों ने कार पर फर्जी नंबर प्लेट लगा युवक से की थी लूट

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सीमा विवाद में उलझी थी तीन थानों की पुलिस, सदर कोतवाली में दर्ज हुई रिपोर्ट
- सीसीटीवी की फुटेज में नजर आई कार, कानपुर के व्यापारी की कार का है नंबर

**अमृत विचार :** कार में लिफ्ट देकर पूर्व सांसद के प्रतिनिधि के बहनोई से लूट हुई थी। तीन थानों की पुलिस सीमा विवाद में उलझी थी। अधिकारियों के निर्देश के बाद सदर कोतवाली पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज करके जांच शुरू की है। सीसीटीवी फुटेज में नजर आई कार नंबर के आधार पर पुलिस ने बदमाशों की तलाश शुरू की तो पता चला कि नंबर प्लेट फर्जी थी। वह नंबर कानपुर के व्यापारी की कार का था। कार मालिक ने बताया कि उसकी कार उसके पास है। पुलिस और एसओजी बदमाशों की तलाश कर रही है।

शहर के मोहल्ला पटियाली सराय निवासी विष्णु मुकेश मूलरूप से बरेली के गांव चनहेटी के रहने वाले हैं लेकिन कुछ साल से वह बदायूं रह रहे हैं। बरेली में प्राइवेट नौकरी करते हैं। वह रोज ट्रेन से बरेली आते- जाते हैं। सोमवार को ट्रेन लेट होने की वजह से वह वाहन के इंतजार में शहबाजपुर चौराहे पर खड़े थे। इसी दौरान एक कार उनके पास रुकी। कार सवार ने बरेली तक लिफ्ट देने की बात कही तो विष्णु कार में बैठ गए। कार सवार लोगों ने मोहल्ला नवादा से निकलते ही विष्णु पर तमंचा तान दिया। चार हजार रुपये, मोबाइल, चेन व अंगूठी लूट ली और गांव खुनक के पास फेंककर लौट गए। पीड़ित ने बिनावर पुलिस से शिकायत की तो वहां से सिविल लाइन क्षेत्र की घटना बताई गई। सिविल लाइन पुलिस ने सदर कोतवाली क्षेत्र बताया। मामला अधिकारियों तक पहुंचा तो सदर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गई। एसएसपी डॉ. बृजेश कुमार सिंह ने सीओ सिटी संजीव कुमार के नेतृत्व में तीन टीमें लगाई हैं। सदर, सिविल लाइन कोतवाली के अलावा एसओजी ने सीसीटीवी कैमरे खंगाले। जिसमें युवक को लेकर जाने वाली स्विफ्ट डिजायर कार नजर आई जिसका नंबर कानपुर निवासी व्यापारी की कार का है। सीओ सिटी संजीव कुमार ने बताया कि आरोपियों को जल्द ही गिरफ्तार किया जाएगा।

# लाइसेंस नहीं दिखाने पर सील किया मेडिकल स्टोर

**उघैती, अमृत विचार :** ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद ने बुधवार को क्षेत्र के मेडिकल स्टोर खंगाले, दवाएं देखीं और मेडिकल के लाइसेंस चेक किए। ड्रग इंस्पेक्टर लवकुश प्रसाद ने एक मेडिकल संचालक से लाइसेंस मांगा जिस पर दुकान मालिक लाइसेंस नहीं दिखा सका। लाइसेंस नहीं मिलने पर मेडिकल की दवाएं कब्जे में ले ली गयी और मेडिकल स्टोर संचालक को भी थाने ले जाया गया जहां उसके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करायी गयी है। मेडिकल को सील कर दिया गया। आज की गयी इस कार्यवाही से झोलाछापों में हड़कंप मचा रहा।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी
अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित
बरेली संस्करण
स्मृतियाँ शेष
निधन | अंतिम यात्रा | पुण्यतिथि
पीपलपानी | स्मृतियां | उठावनी | पगड़ी
अमृत विचार
साइज व रेट
साइज --------5cmX8cm / 1000 with GST
साइज -------10cmX8cm / 1800 with GST
साइज -------15cmX8cm / 2500 with GST
अन्य साइज कलर 25 रुपए प्रति वर्ग सेमी.।
शोक संदेश प्रकाशित कराने हेतु सम्पर्क करें :-
0581-4000222
हेड ऑफिस :- 932, कटरा चांद खां भारत पेट्रोल पम्प के सामने, पीलीभीत बाईपास रोड बरेली 243006

# बेटी के घर आए सेवानिवृत्त निरीक्षक लापता, गुमशुदगी दर्ज

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- 20 अक्टूबर को बेटी के घर गांव कुरऊ आए थे मदन लाल, दोपहर 2 बजे चले गए थे वापस



लापता मदन लाल।

**अमृत विचार :** बेटी के घर आए बरेली निवासी उद्यान विभाग से सेवानिवृत्त निरीक्षक लापता हो गए । परिजनों ने तलाश किया लेकिन उनका कहीं पता नहीं चला। परिजनों ने बुधवार को सिविल लाइन थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई।

बरेली के थाना बहेड़ी क्षेत्र के गांव कुंवरगढ़ा निवासी मदन लाल बरेली के मोहल्ला संजय नगर में घर बनाकर परिवार के साथ रहते हैं। उनकी बड़ी बेटी मीरा देवी की शादी बदायूं की सिविल लाइन कोतवाली क्षेत्र के गांव कुरऊ निवासी सुबोध कुमार के साथ हुई है। कुछ दिनों से मदन लाल का मानसिक संतुलन ठीक नहीं है। वह बोल भी नहीं पाते। परिजन उनका इलाज करा रहे हैं। 20 अक्टूबर सुबह लगभग 10 बजे मदन लाल बेटी के घर गांव कुरऊ पहुंचे। उसी दिन लगभग दो बजे वह बिना बताए कहीं चले गए थे। इसके बाद न तो वह अपने घर पहुंचे और न ही कुरऊ वापस आए हैं। परिजनों ने बताया कि वह नीली हाफ शर्ट व हल्के भूरे रंग की पेंट और चप्पल पहने हैं। सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार सिंह ने बताया कि परिजनों ने बुजुर्ग के लापता होने की शिकायत की थी। तलाश की जा रही है।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार
क्लासीफाइड

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र मो. आरिफ व उसकी पत्नी आरिफा बी को गलत चाल-चलन एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उनके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **शरीफ अहमद पुत्र श्री रईस अहमद निवासी ग्राम बकैनिया थाना हाफिजगंज, तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपनी पुत्रवधु गायत्री देवी पत्नी स्व. दिनेश कुमार को गलत आचरण एवं दुर्व्यवहार के कारण सम्बन्ध विच्छेद कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किए गए किसी भी कृत्य के लिए वह स्वयं जिम्मेदार होगी। मेरा व मेरे परिवार से कोई वास्ता नहीं होगा। **हुलासो देवी पत्नी स्व. भगवान दास निवासी ग्राम भटपुरा जागीर तहसील नवाबगंज जिला बरेली।**

सूचना
मेरे 3 बेटे और 2 बेटियों में बडे बेटे विनोद कुमार और पुत्रवधू रिंकी पत्नी विनोद कुमार का मेरे व मेरे परिवार के साथ व्यवहार ठीक नहीं है। दोनों का चाल चलन ठीक न होने पर मैने उन्हें अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। आज से उक्त दोनों से मेरा व मेरे परिवार के सभी सदस्यों से कोई संबंध नहीं है। उक्त दोनों अपने किए गये कृत्यों के लिए स्वयं जिम्मेदार होंगे। **भूरे पुत्र प्रेमराज ग्राम पिपरिया उपराला थाना सिरौली आंवला बरेली।**

सूचना
सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे हाईस्कूल की मार्कशीट वर्ष 2013 अनुक्रमांक 1025493 इंटरमीडिएट मार्कशीट वर्ष 2015 अनुक्रमांक 0736943 वास्तव में कहीं खो गये हैं। **रजत पाण्डेय पुत्र राम औतार पाण्डेय ग्राम अंजनी थाना सिरौली आंवला बरेली।**

जमीन बिकाऊ है
1400 गज
कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय के पीछे
सेंथल रोड, हाफिजगंज।
8979764949
9897375743

सूचना
मेरे पति के कुछ अभिलेखों में मेरा नाम शशि दर्ज है। जबकि शशि लायल व शशि दोनों एक ही व्यक्ति के नाम है। मेरे पति का सही नाम सुरेन्द्र कुमार (Surender Kumar) है।
**शशि लायल पत्नी स्व. श्री सुरेन्द्र कुमार निवासी ए1/6 दुर्गानगर, बरेली**

**वैधानिक सूचना :-** समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन जैसे टावर सम्बन्धी, नौकरी सम्बन्धी, ऋण सम्बन्धी या अन्य किसी भी प्रकार के विज्ञापन में पाठकों को सावधान किया जाता है। विज्ञापनदाता द्वारा किये गये दावे या उल्लेख, समर्थन की पुष्टि समाचार पत्र नहीं करता है।

# भजन और भक्ति में मनुष्य को स्वार्थी होना ही पड़ता है: शांतनु जी महाराज

संवाददाता, उझानी

**अमृत विचार :** राम कथा में तृतीय दिवस बुधवार को शांतनु जी महाराज ने श्री राम जन्मोत्सव की बधाई के साथ कथा प्रारंभ की। शांतनु जी ने बताया जब भगवान प्रकट हुए तो देवता भी पुष्प की वर्षा करने लगे। महाराज जी ने अयोध्या वासियों का उदाहरण देकर भगवान के दर्शन की आचार संहिता बताई, जो जैसई तैसेइ उठि धावा। भगवान को प्राप्त करने के लिए किसी भी प्रकार की बनावट दिखावट की आवश्यकता नहीं है। आप जैसे हो उसी प्रकार से परमात्मा को पाने के लिए दौड़ जाओ । भजन भक्ति में परमार्थ में स्वार्थी होना ही पड़ता है और जो जितना भजन में स्वार्थी हो जाता है संसार के व्यवहार में परमार्थी हो जाता है। नामकरण संस्कार की चर्चा करते हुए कहा बच्चों का नाम संतों से शास्त्रों से बड़े बुजुर्गों से विद्वानों से पूछ कर ही रखना चाहिए। इसलिए वशिष्ठ जी ने चारों भाइयों का नामकरण विशेष प्रकार से किया।


शांतनु जी महाराज।

विश्वामित्र यज्ञ रक्षा के प्रसंग में महाराज जी ने बताया कि अपने जीवन रूपी यज्ञ की यदि रक्षा करना है उसको राम और लक्ष्मण अवश्य साथ रखने होंगे। राम यानी सत्य लक्ष्मण यानी वैराग्य त्याग समर्पण तो जीवन में सत्य की सुगंध भी आनी चाहिए। अहिल्या प्रसंग के मर्म को समझाते हुए कहा- जीवन में जब भी कोई पाप हो जाए पाप को छुपाना नहीं चाहिए। अंजू चौहान, सरिता मिश्रा, मोहित सिंह, धीरेंद्र सिंह, कमलेश सिंह चौहान, रवि सिंह, मंजू चौहान, कुसुम लता, राधा बनारसी, दिव्या सक्सेना, प्रियम सक्सेना, एसपी गौतम, भूमिका गुप्ता, गीता अंशुल सक्सेना, दीपावली सक्सेना, अनामिका गुप्ता स्वामी राम्या, हिमाचल आदि मौजूद रहे।

### अब नहीं होगा बंदरबांट, बाजरे को 25 अक्टूबर को नीलाम कराएगा प्रशासन

# राजस्व अभिलेख में बंजर, मौके पर खड़ी मिली बाजरे की फसल

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- सहसवान क्षेत्र की ग्राम पंचायत इब्राहिमपुर गढ़ी की 90 बीघा जमीन पर कब्जा करके की गई बाजरे की खेती
- बाजरा की फसल ग्राम प्रधान के सुपुर्द की, नायब तहसीलदार को नीलामी अधिकारी नियुक्त किया गया है



> ग्राम समाज की जमीन राजस्व अभिलेख में बंजर के रूप में दर्ज है। जांच कराई गई तो पता चला कि जमीन पर खेती की जा रही है। कुछ लोगों ने जमीन पर कब्जा करके बाजरे की फसल की है। बाजरा पका हुआ है। जिसके चलते 25 अक्टूबर को फसल नीलाम कराई जाएगी।
> – प्रेमपाल सिंह, एसडीएम, सहसवान

**अमृत विचार :** ग्राम समाज की जमीन पर अक्सर खेल सामने आते हैं। कहीं ग्राम समाज की जमीन पर कब्जा करके घर बनाया जाता है तो कहीं खेती की जाती है।

अब तहसील सहसवान क्षेत्र के गांव इब्राहिम गढ़ी की ग्राम पंचायत की 90 बीघा जमीन का मामला सामने आया है। जो राजस्व विभाग के अभिलेखों में बंजर दर्ज है लेकिन यहां खेती हो रही है। सहसवान एसडीएम ने जांच कराई तो खेल सामने आ गया। जमीन पर बाजरे की फसल खड़ी है। एसडीएम के निर्देश पर 25 अक्टूबर को बाजरा की नीलामी कराई जाएगी।

सहसवान एसडीएम प्रेमपाल सिंह को सूचना मिली थी कि गांव इब्राहिमपुर गढ़ी की ग्राम समाज की 90 बीघा जमीन पर गायों के लिए चारे की पैदावार होती है लेकिन जिम्मेदार उसमें बंदरबांट कर लेते हैं। गोवंश को चारा नहीं मिल पाता। एसडीएम ने तहसीलदार को मौके पर भेजा। तहसीलदार ने स्थलीय और अभिलेखीय जांच की। राजस्व टीम का गठन करके ग्राम सभा की संपत्ति का चिह्नांकन कराया गया। टीम ने भूचित्र के आधार पर ग्राम सभा की संपत्ति का अवलोकन किया और पैमाइश की। जांच में पता चला कि यह जमीन राजस्व विभाग के अभिलेखों में बंजर के रूप में दर्ज है। जमीन का रकबा 6.436 हेक्टेयर है।

गांव के लोगों ने ग्राम समाज की इस जमीन पर कब्जा करके बाजरे की फसल बोई है। बाजरा की फसल पककर तैयार है जिसके चलते इसे नीलाम करने का निर्णय लिया गया है। 25 अक्टूबर को फसल की नीलामी कराई जाएगी। एसडीएम के निर्देश पर जमीन पर बोई गई बाजरा की फसल ग्राम प्रधान के सुपुर्द की गई है। नायब तहसीलदार अनंगराज सिंह को नीलामी अधिकारी नियुक्त किया गया है।

## एक नजर

### उसहैत में एक सप्ताह से पेयजल संकट से जूझ रहे लोग

**उसहैत, अमृत विचार :** नगर पंचायत प्रशासन की लापरवाही के चलते कस्बे में एक सप्ताह से पेयजल संकट बना हुआ है। मोटर फुंका होने से जलापूर्ति नही की जा रही है। उसहैत कस्बे में एक सप्ताह से पानी की सप्लाई बंद है। नगर पंचायत प्रशासन का कहना है कि मोटर फूंक जाने के कारण पानी की सप्लाई बंद है। मोटर रिपेयर होने पर ही पानी सप्लाई शुरू की जा सकेगी। लोगों को सरकारी नलकूप से पानी भर कर लाना पड़ रहा है। कस्बे में नालियों में भी गंदा पानी भरा हुआ है जिसमें मच्छर पनप रहे हैं। घनी आबादी के बीच नाली और सड़कों पर जलभराव की समस्या से लोग जूझ रहे हैं।

### झूठी शिकायत पर रुकवाया निर्माण कार्य

**बदायूं, अमृत विचार :** दातागंज के मोहल्ला बुद्ध बाजार निवासी अमित कुमार वर्मा ने मुख्यमंत्री को शिकायती पत्र भेजा है जिसमें कहा कि मोहल्ले में उनकी जमीन पर कुछ लोग कब्जा कर रहे हैं। उन लोगों ने शिकायत पर डायल 112 के पुलिसकर्मियों से गाली-गलौज की थी। एसडीएम से शिकायत की। एसएसपी के आदेश पर तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने जांच की जिसमें जमीन उन्हीं की निकली। जमीन की नींव भरकर निर्माण करा रहे थे लेकिन झूठी शिकायत कर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया। अमित ने जांच कराकर कार्रवाई की मांग की है।

# जवान का सैन्य सम्मान के साथ किया अंतिम संस्कार

### पेट दर्द के चलते अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां सोमवार को हो गई मौत

संवाददाता, दबतोरी

**अमृत विचार :** तहसील बिसौली क्षेत्र के गांव करेंगी निवासी सुरजीत सिंह राजपूत रेजीमेंट में थे। कोलकाता के गौरंगपुर में उनकी तैनाती थी। कुछ दिन पहले उनके पेट में तेज दर्द हुआ । उन्हें सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां सोमवार को उनकी मौत हो गई। बुधवार को शव गांव पहुंचा। परिवार में कोहराम मच गया। सैकड़ों ग्रामीण शव यात्रा में शामिल हुए और अंतिम दर्शन किए। सैन्य सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया।

गांव करेंगी निवासी मुकेश भदौरिया के बेटे सुरजीत सिंह 2011 में राजपूत रेजीमेंट में में भर्ती हुए थे। उन्हें पहली तैनात फतेहगढ़ में मिली थी। वह पदोन्नत होकर नायक बने । इसके बाद कोलकाता के गौरंगपुर में तैनाती हो गई थी। वह फरवरी में दो महीने की छुट्टी पर गांव आए थे। 21 अप्रैल 2024 को छुट्टी खत्म होने पर ड्यूटी पर लौट गए थे। कुछ दिन पहले उनके पेट में तेज दर्द उठा था। उन्हें कोलकाता स्थित सेना के अस्पताल में भर्ती कराया गया। वहां सोमवार रात उनकी मौत हो गई।



नायक सुरजीत सिंह को सैन्य सम्मान देते सेना के अधिकारी व सैनिक।

- कोलकाता के गौरंगपुर में चल थी तैनाती सैकड़ों ग्रामीणों ने दी अंतिम विदाई


सुरजीत सिंह।

रेजीमेंट के अधिकारी व अन्य सैनिक शव लखनऊ एयरपोर्ट तक लेकर आए। वहां से शव वाहन से बुधवार दोपहर उनके गांव लाया गया। गांव करेंगी के अलावा आसपास के गांवों के सैकड़ों ग्रामीणों की भीड़ जमा हो गई। सभी की आंखें नम थीं। सुरजीत की मौत पर उनकी पत्नी प्रीति के अलावा तीन बच्चे रुद्र (7), आरुषी (2) और आरव (4), पिता मुकेश भदौरिया, उनके भाई योगेंद्र सिंह, भुवनेश सिंह का रो-रोकर बुरा हाल है। भाजपा के बगरैन के मंडल अध्यक्ष और प्रधान रीतेश चौहान समेत गांव के विभिन्न लोगों ने पुष्प चक्र अर्पित किए। ग्रामीणों ने भारत माता की जय, सुरजीत सिंह अमर रहे के नारे लगाए। साथ आए जवानों ने उन्हें सलामी दी।

इसके बाद अंतिम संस्कार किया गया। इस दौरान वजीरगंज पुलिस भी मौजूद रही।

# महादेव मंदिर-जामा मस्जिद मामले में सुनवाई 29 को


अपने वकीलों के साथ वादी मुकेश पटेल। ● अमृत विचार

**बदायूं, अमृत विचार :** नील कंठ महादेव मंदिर-जामा मस्जिद मामले में अब सुनवाई 29 अक्टूबर को होगी। बुधवार को न्यायालय में सुनवाई के दौरान सरकार कि तरफ से डीजीसी सिविल संजीव वैश्य ने अपनी बहस की। जो समाप्त हो गई है। अब प्रतिवादी संख्या एक इंतजामिया कमेटी बहस शुरू करेगा। सिविल जज सीनियर डिवीजन फास्ट ट्रैक कोर्ट के न्यायाधीश अमित कुमार के न्यायालय में मामला विचाराधीन हैं। वादी मुकेश पटेल ने जमा मस्जिद में नील कंठ महादेव मंदिर होने का दावा दायर किया हैं। सरकार कि तरफ से बहस पूरी हो गई। इंतजामिया कमेटी और वक्फ बोर्ड प्रतिवादी संख्या एक और दो हैं जो अब बहस शुरू करेंगे। पहले इंतजामिया कमेटी अपनी बहस करेगा। प्रतिवादी संख्या एक और दो की बहस पूरी होने के बाद वादी पक्ष अपनी बहस शुरू करेगा।

## डेंगू के दो मलेरिया के निकले 30 मरीज

**बदायूं, अमृत विचार :** संक्रामक रोगों की रोकथाम को मलेरिया विभाग द्वारा बुधवार को 8 गांवों में स्वास्थ्य शिविर लगाए गए। स्वास्थ्य परीक्षण में दो मरीज डेंगू के निकले जबकि 30 मरीज मलेरिया पीवी के सामने आए। अलग अलग स्वास्थ्य शिविरों में 412 मरीज बुखार के निकले जिन्हें गांव में ही दवा दी गयी। मलेरिया विभाग की टीम ने दातागंज के रायपुर में लार्वा नाशक दवा का छिड़काव किया। उझानी के गांव रहीमुद्दीन नगर में मच्छर नाशक दवा का छिड़काव किया गया। ग्रामीणों को घरों में और बाहर सफाई बनाए रखने की हिदायत दी गयी।

## सार-संक्षेप

### बॉबी गौतम चुने गए रामलीला कमेटी के अध्यक्ष



**सहसवान, अमृत विचार :** नगर के रामलीला मैदान में चल रही रामलीला में मंगलवार की रात राजतिलक के बाद वर्ष 2025 के लिए सर्वसम्मति से बॉबी गौतम को अध्यक्ष चुना गया। रामलीला कमेटी के कार्यकर्ता और पदाधिकारियों ने उन्हें माला पहनाकर कर स्वागत किया।वेद प्रकाश सक्सेना उर्फ कुक्कू, रंजीत कौशिक, अंकुर माहेश्वरी, मनीष माहेश्वरी, नीरज शर्मा, भवेश चांडक आदि मौजूद रहे।

### दौड़ में मेडल लाने पर दो भाइयों को किया सम्मानित



**उझानी,, अमृत विचार :** उघैती क्षेत्र के ग्राम नरैना में 400 मीटर की दौड़ में मेडल लाने पर हसूपुर बहेड़िया निवासी प्रिंस सोलंकी व उसके भाई विवेक सोलंकी को समाजसेवी अतुल तोमर ने सम्मानित किया। खेल कूद प्रतियोगिता में भाग लेकर आगे बढ़ना चाहते हैं ऐसे बच्चों का हौसला बढ़ाना चाहिए।

### महर्षि वाल्मीकि जयंती पर निकाली गयी शोभायात्रा



**उझानी, अमृत विचार :** महर्षि वाल्मीकि जयंती शोभायात्रा मंगलवार को निकाली गई। शोभायात्रा का स्वागत कर प्रसाद का वितरण किया गया। नगर के मोहल्ला बहादुर गंज के महर्षि वाल्मीकि मंदिर में हवन व पूजा-अर्चना कर महर्षि बने स्वरूप की आरती उतारकर शोभायात्रा का शुभारंभ एसडीएम सदर ने किया। उनगर के बिल्सी रोड, वाजारकला, बदायूं रोड स्टेशन रोड होते हुए शोभायात्रा मंदिर परिसर में पहुंचने पर समाज के लोगों ने महर्षि वाल्मीकि के बताए रास्ते पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर सौरभ कुमार, सुमन वाल्मीकि, राकेश वाल्मीकि, मोहित प्रभाकर ऐडवोकेट, रितिक, किशन कुमार, आदि मौजूद रहे

### भाजपा पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष का किया स्वागत



**उघैती, अमृत विचार :** भाजपा पिछड़ा मोर्चा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष गिरीश श्रीवास्तव ने बुधवार को कस्बा उघैती में डॉक्टर मनीष कुमार सिंह के आवास पर शिष्टाचार भेंट की। वहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। जनसंपर्क के दौरान भाजपा के सदस्यता अभियान को गति देने के उद्देश्य को लेकर चर्चा की गई। उन्होंने कहा भाजपा समाज के सभी वर्ग को एक साथ लेकर चल रही है। उसकी नीतियां जन जन तक पहुंचाने की जिम्मेदारी कार्यकर्ताओं की है। सदस्यता अभियान के लिए भी उन्होंने कार्यकर्ताओं को प्रेरित किया। इस दौरान वरिष्ठ भाजपा नेता पुरुषोत्तम लाल टाटा, जिला पंचायत सदस्य कौशल रस्तोगी, ग्राम प्रधान महानगर अशोक यादव, गिरीश कुमार डीलर कुंदावली, अशोक कुमार पूर्व प्रधान राजपुर व अन्य लोग मौजूद रहे ।

### एजेएम स्कूल में आयोजित हुईं खेल प्रतियोगिताएं



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर के आदर्श जनकल्याण मनोकामना जूनियर हाईस्कूल में बुधवार को दो दिवसीय वार्षिक खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। डायरेक्टर कृष्ण कुमार एवं एमडी गौरव श्रीवास्तव ने फीता काटकर उद्घाटन किया। खेल प्रभारी मुकेश बाबू एवं श्याम नरेश यादव ने बच्चों को खेलकूद के नियम बताए। प्री प्राइमरी वर्ग में म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में पहला स्थान सारिका, दूसरा स्थान प्रिया, तीसरा स्थान खुशी ने पाया। जंपिंग में कैफ, उपेंद्र और हिमाचल ने क्रमश प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो-खो में अन्वी, प्रियांशी, अमाया ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान पाया। केजी में म्यूजिकल प्रतियोगिता में सुमित, हरवीर, अंशुल ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। पहले दिन प्राथमिक विभाग में छात्राओं की 100 मीटर दौड़ में निशु, मोनिका, गीता, ने प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त किया। खो खो में शालिनी टीम अव्वल रहीं। जूनियर वर्ग में 200 मीटर दौड़ में मीनाक्षी, शिवानी, केशवी ने पहला, दूसरा एवं तीसरा स्थान प्राप्त किया। खो खो जूनियर वर्ग में आराध्या टीम अव्वल रही। प्रधानाचार्य नीरज कुमार, मुकेश बाबू, सुहानी माहेश्वरी, अर्चना, अरबी खान, इरा, रुचिता रानी आदि मौजूद रहे।

### बिल्सी में राम ने किया रावण का वध, दहन हुआ पुतला



**बिल्सी, अमृत विचार :** नगर की गोशाला रामलीला कमेटी के तत्वावधान में चल रही रामलीला के मंच पर बुधवार को श्रीराम और रावण में घोर युद्ध हुआ। विभीषण ने राम को रावण की नाभि का अमृत सुखाने के लिए अग्नि बाण प्रयोग के लिए कहा। राम ने वाण छोड़ा तो रावण जमीन पर गिर गया। इसके बाद मैदान में लगे रावण के विशाल पुतले का दहन किया गया। इस मौके पर मेला कमेटी अध्यक्ष डा .श्रीकृष्ण गुप्ता, कोषाध्यक्ष लवकुमार वार्ष्णेय, विनोद पालीवाल, अजय प्रताप सिंह, मोहित गुप्ता, जितेंद्र कुमार वार्ष्णेय, प्रखर माहेश्वरी, हरिओम राठौर, विवेक राठी, संजीव वार्ष्णेय, अजीत सिंह, सूर्यप्रकाश देवल, उमेश चंद्र आदि मौजूद रहे।

--खबरें पेज 12 पर भी

# जिले को जल्द मिलेंगे दंत चिकित्सक और ईएमओ

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- एक डेंटल और चार ईएमओ पद के लिए हुए साक्षात्कार
- डीएम के आदेश के बाद जारी किया जाएगा परिणाम

**अमृत विचार :** जनपद को पांच डाक्टर जल्दी ही मिलने वाले हैं। इसके लिए मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय में साक्षात्कार लिया गया। साक्षात्कार लेने वाली टीम में एडीएम और स्वास्थ्य विभाग के वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। साक्षात्कार का परिणाम डीएम की स्वीकृति के बाद जारी कर दिया जाएगा।

एनआरएचएम की ओर से पांच चिकित्सकों की नियुक्ति की जानी है। इनमें एक दंत चिकित्सक और चार ईएमओ के लिए पिछले दिनों विज्ञप्ति जारी की गयी थी। मंगलवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी के कार्यालय में साक्षात्कार लिए गए। कुल 42 आवेदकों ने आवेदन किए थे। इनमें दंत चिकित्सक के पद के लिए 25 लोगों ने आवेदन किया जबकि ईएमआई के चार पदों के लिए 17 लोगों ने आवेदन किए थे। इनमें ईएमआई के लिए मात्र 6 अभ्यर्थी साक्षात्कार देने पहुंचे। जबकि दंत चिकित्सक के लिए 25 अभ्यर्थी पहुंचे। उक्त अभ्यर्थियों का साक्षात्कार लेने वालों में एडीएम प्रशासन अरुण कुमार, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रामेश्वर मिश्रा, जिला अस्पताल के सीएमएस डा. कप्तान सिंह, एनआरएचएम के डीपीएम डॉ. कमलेश कुमार मौजूद रहे। डीपीएम डॉ. कमलेश कुमार ने बताया कि साक्षात्कार की फाइल जिला अधिकारी के पास जाएगी। वहां से पास होने के बाद ही परिणाम जारी किए जाएंगे।

# कार्यक्रमों ने किया मुग्ध, आज हंसाएंगे अभिनेता असरानी


चेयरपर्सन फात्मा रजा और पूर्व मंत्री आबिद रजा का स्वागत करते बच्चे।


दीप महोत्सव में गणेश वंदना करते कलाकार। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- गांधी ग्राउंड में दो दिन चलेगा दीप महोत्सव, गुरुवार शाम होगी संगीत संध्या

**अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश सिने आर्टिस्ट एंड वर्कर्स फोरम की ओर से गांधी ग्राउंड में दो दिवसीय दीप महोत्सव का उद्घटन नगर पालिका अध्यक्ष फात्मा रजा और पूर्व मंत्री आबिद रजा ने किया। वृंदावन से आए कलाकारों ने गणेश वंदना और मयूर नृत्य किया। छोटे बच्चों के कार्यक्रमों ने मुग्ध कर दिया। गुरुवार को अभिनेता असरानी आएंगे।

पूर्व मंत्री ने कहा कि दीप महोत्सव में नन्हें बच्चों को भी मंच पर प्रतिभा दिखाने का मौका मिलता है। समय-समय पर ऐसे आयोजन होते रहने चाहिए। कार्यक्रम में गुरुवार को अजय म्यूजिकल की ओर से संगीत संध्या के अलावा रात लगभग आठ बजे हात्य अभिनेता असरानी लोगों को हंसाएंगे। बुधवार के आयोजन में वरिष्ठ समाजसेवी व फोरम के संरक्षक विपिन कुमार अग्रवाल, कार्यक्रम अध्यक्ष अधिवक्ता विनोद कुमार जौहरी ने आभार जताया। डॉ. मदन मोहन लाल, राकेश बाबू, दीपक सक्सेना, सर्वेश भारती, भावेश चंद्र, नरेश कुमार, अफसर अली, शरद सक्सेना, समाजसेवी दिनेश चंद्र गुप्ता मौजूद रहे। कार्यक्रम का संयोजन अशोक सक्सेना व आयुष्मान सक्सेना ने किया।


मंच पर कार्यक्रम प्रस्तुत करती बच्ची।

# लक्ष्य था 10.20, बांटा 17.81 करोड़

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

- डीसीबी ने 2023-24 में ग्रामीण महिलाओं को बांटा लक्ष्य से अधिक लोन
- उप्र राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की निदेशक ने दीं शुभकामनाएं

**अमृत विचार :** किसी समय बेहद कमजोर हालत में पहुंच गई जिला सहकारी बैंक को संजीवनी मिलने लगी है। बैंक नित नए आयाम गढ़ रही है। बैंक नियमित लोन देकर हजारों परिवारों के जीने का सहारा बनी है। इसका अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि बैंक ने लक्ष्य के सापेक्ष 174 प्रतिशत लोन बांटा है। जिसके चलते उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की मिशन निदेशक आईएएस दीपा रंजन ने बैंक के चेयरमैन जेके सक्सेना को शुभकामनाएं भेजी हैं।

जिला सहकारी बैंक के कामकाज में परिवर्तन नजर आने लगा है। कुछ दिन पहले सहकारी बेसिक शिक्षक वेतनभोगी ऋण समिति लिमिटेड के माध्यम से शिक्षक-शिक्षिकाओं को लोन देने के लिए 324 करोड़ 6 लाख 55 हजार रुपये का प्रस्ताव पास किया। इसके अलावा दीन दयाल अन्त्योदय योजना राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत ढाई हजार से ज्यादा स्वयं सहायता समूह को लोन दिया। जिससे समूह की महिलाओं के परिवारों के लगभग 50 हजार लोगों का जीवन यापन हो रहा है। जिला सहकारी बैंक को 10 करोड़ 20 लाख रुपये के लोन का लक्ष्य दिया गया था जबकि बैंक ने 17 करोड़ 81 लाख रुपये का लोन दिया है। इस प्रकार 174 प्रतिशत लक्ष्य पूरा हुआ। मिशन की ओर से जिला सहकारी बैंक को वित्तीय वर्ष 2023-24 में बैंक क्रेडिट लिंकेज कार्यक्रम के अंतर्गत उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली बैंक के रूप में चिंह्नित किया गया। मिशन निदेशक ने जिला सहकारी बैंक की टीम की सराहना की।



> बैंक के सभी पदाधिकारी और कर्मचारियों के सहयोग से ही जिला सहकारी बैंक की सराहना हुई है। बैंक ने 10 .20 करोड़ के सापेक्ष 17 .81 करोड़ का लोन देकर 174 प्रतिशत लक्ष्य पूरा किया है। बैंक की प्रगति इसी प्रकार आगे भी जारी रहेगी।
> – जेके सक्सेना, चेयरमैन, डीसीबी।

## कम पूंजी लगाकर दिया रोजगार तो मिलेगा पुरस्कार

**बदायूं, अमृत विचार :** तीन साल पुरानी ग्रामोद्योग इकाइयों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला ग्रामोद्योग अधिकारी प्रदीप कुमार ने बताया कि उप्र खादी एवं ग्रामोद्योग विभाग द्वारा वित्तपोषित खादी और ग्रामोद्योग इकाईयो के अच्छे, उत्कृष्ट उत्पाद, बिक्री करने वाली इकाईयों का उत्साहवर्धन किया जाना है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पुरस्कार योजना के अंतर्गत उन्हें पुरस्कृत किया जाएगा। 31 मार्च 2021 तक स्थापित इकाइयों के उद्यमी 28 अक्टूबर 2024 को शाम 5 बजे तक आवेदन कर सकते हैं। पुरस्कार के लिए इकाइयों का चयन न्यूनतम पूंजी निवेश व अधिकत रोजगार प्रदान करने पर किया जाएगा। उद्यमी अपना आवेदन पुरानी चुंगी स्थित जिला ग्रामोद्योग कार्यालय पर जमा करेंगे।

# लक्ष्य निर्धारण विषय पर सेमिनार का आयोजन


लक्ष्य निर्धारण की जानकारी देते जोहेब असलम खान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** मदर्स पब्लिक स्कूल में गोल सेटिंग पर सेमिनार में फ्यूचर इंस्टीट्यूट से आए ज़ोहेब असलम खान ने लक्ष्य का निर्धारण का उसको पूरा करने के विषय में छात्राओं को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि लक्ष्य निर्धारण के लिए सबसे पहले तय करें कि आप क्या हासिल करना चाहते हैं। लक्ष्य को स्मार्ट बनाएं यानी विशिष्ट, मापने योग प्राप्त करने योग्य, और समयबद्ध ऐसा करके ही इसे प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने छात्राओं से गोल सेटिंग के बारे में प्रश्न भी पूछे, जिनके उत्तर छात्राओं ने बड़ी सहजता के साथ दिए।

प्रधानाचार्य शीबा खान ने आभार व्यक्त किया। कहा कि अपने लक्ष्य के बारे में बिल्कुल स्पष्ट रहें। ईमानदारी, लगन और मेहनत से इसे आसानी से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है।

## शहर में आज

- हरपदीय गंगा के सूर्यकुंड पर गंगा आरती शाम छह बजे से।
- कछला गंगा घाट पर श्रीमद् भागवत कथा का वाचन दोपहर दो बजे से।
- सोरों के मुहल्ला लहरा में भगवान श्री राम की लीलाओ का मंचन रात्रि आठ बजे से।
- पटियाली तहसील क्षेत्र के जिनौल गांव में रामलीला का मंचन रात्रि आठ बजे से।

## एक नजर

### वांछित गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** पटियाली कोतवाली पुलिस ने दुष्कर्म और अपहरण के मामले में वांछित चल रहे आरोपी को मिली सूचना के आधार पर गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर गोविंद वल्लभ शर्मा ने बताया कि आरोपी हिमांशु निवासी फरीदपुर थाना शमशाबाद जिला फर्रुखाबाद को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां से उसे जेल भेज दिया गया।

### पांच वारंटी गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** जिला पुलिस द्वारा वारंटियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान के तहत थाना सिकंद्रपुर वैश्य पुलिस ने वारंटी उपेंद्र सिंह, बीरपाल सिंह, निवासीगण खिजरपुर थाना सुन्नगढी, सोरों पुलिस ने यशपाल निवासी मानपुर नगरिया एंव सिकंद्रपुर पुलिस ने शिवदयाल, लालाराम निवासी उस्मानपुर थाना सिकंद्रपुर वैश्य को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। न्यायालय ने आरोपियों को जेल भेजा है।

### जुआ खेलते चार पकड़े

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोतवाली पुलिस ने बुधवार को शहर के चूकावाला मंदिर के पास जुआ खेलते हुए चार लोगों को गिरफ्तार किया है। मौके से ताश के 52 पत्ते 8880 रुपये की नगदी बरामद हुई है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी शेर सिंह, उमेश चंद्र, जितेंद्र, दीपक निवासी कासगंज को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया गया। जहां उनके खिलाफ अग्रिम कार्रवाई हुई है।

### शराब सहित एक गिरफ्तार

**कासगंज, अमृत विचार :** सदर कोवताली पुलिस ने चेकिंग के दौरान गांव पवसरा से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। उसके पास दस लीटर कच्ची शराब बरामद हुई है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि आरोपी अमर सिंह निवासी पवसरा के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।

# किसी की साजिश का न बनें शिकार, जानें अपने अधिकार

## किसी भी अप्रिय घटना को छिपाएं नहीं, परिवारवालों से करें साझा

- मिशन शक्ति के तहत चलाया गया जागरुकता अभियान
- स्कूल-कॉलेजों और सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं-छात्राओं को किया जागरूक

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

**अमृत विचार:** मिशन शक्ति फेस पांच के तहत जागृति एवं एंटी रोमियों टीम द्वारा महिलाओं और युवतियों के लिए जागरुकता कार्यक्रम किए जा रहे हैं। बुधवार को स्कूल-कॉलेजों सार्वजनिक स्थलों पर महिलाओं, छात्राओं और युवतियों को अधिकारों और कर्तव्यों को बोध कराया गया। सरकार की कल्याणकारी एवं महिला सुरक्षा योजना की जानकारी दी गई।

एंटी रोमियों और जागृति टीम की महिला पुलिस कर्मियों ने महिलाओं को बताया कि महिला सुरक्षा के लिए बनाए गए कानूनों का दुरुपयोग न करें। अपने स्वाभिमान और सम्मान के साथ समझौता न करे। अपने साथ होने वाली घटना को छिपाए नहीं। पुलिस और परिजनों के साथ साझा करें। पुलिस की मदद लें। साइबर अपराधों के प्रति भी जागरूक


कन्या इंटर कॉलेज में छात्राओं को जागरूक करती पुलिस कर्मी। ● अमृत विचार

किया गया। डायल हेल्पलाइन नंबरों यथा वूमेन पॉवर लाइन 1090, पुलिस आपातकालीन सेवा112, एम्बुलेंस सेवा108, चाइल्ड लाइन1098, स्वास्थ्य सेवा 102, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन1076 तथा सार्थक और सकारात्मक चर्चा कर गुड टच, बैड टच के बारे में, घरेलू हिंसा के बारे में, साइबर अपराधों के बारें में साइबर हेल्पलाइन1930 आदि सहित कानूनी प्रावधानों एवं उनके


नदरई गेट इलाके में मुस्लिम महिलाओं को जागरूक करतीं महिला कांस्टेबिल।

अधिकारों इत्यादि के बारे में चर्चा करते हुए शासन द्वारा चलाई जा रही विभिन्न सरकारी योजनाओं के विषय में जानकारी दी गयी ।

## फंदे पर लटका मिला महिला का शव, हत्या का आरोप

**एटा, अमृत विचार :** कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत एक विवाहिता का शव फंदे पर लटका हुआ मिला। परिजन अस्पताल लाए जहां डाक्टर ने उसको मृत घोषित कर दिया। मृतका के पिता ने दहेज हत्या का आरोप लगाया है।

कोतवाली नगर क्षेत्र के अन्तर्गत मोहल्ला कुशवाहनगर निवासी नितिन कुमार की पत्नी पूनम(26) का सोमवार की रात घर पर फंदे पर शव लटका मिला। यह देख परिजनों में हड़कंप मच गया। शव उतारकर परिजन अस्पताल ले गए, डाक्टर भी पूनम को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर बदायूं के सिविल लाइन थाना के आमनगर निवासी पिता तोताराम पहुंच गए। दहेज हत्या का आरोप लगाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया है।

### दहेज हत्या का वांछित गिरफ्तार, जेल भेजा

**कासगंज, अमृत विचार :** दहेज हत्या के मामले में वांछित चले आ रहे आरोपी को मिली सूचना के आधार पर सोरों कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इंस्पेक्टर भोजराज अवस्थी ने बताया कि आरोपी अंकुर सोलंकी को पूछताछ के बाद न्यायालय में पेश किया है। न्यायालय ने आरोपी को जेल भेजा है।

## दीपोत्सव की सफलता को बैठक कर बनाई रणनीति


बैठक में विचार विमर्श करते पदाधिकारी और कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

- 30 अक्टूबर को प्रभु पार्क में होगा भव्य आयोजन
- सेवा भारती की बैठक में बांटी गईं जिम्मेदारियां

कार्यालय संवाददाता,कासगंज:

**अमृत विचार:** सेवा भारती की बैठक बुधवार को अशोक नगर स्थित कैंप कार्यालय पर हुई। जिसमें दीपावली पर्व के उपलक्ष्य में प्रस्तावित दीपोत्सव कार्यक्रम की सफलता के लिए रणनीति बना कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां दी गई।

विभागध्यक्ष डॉ. पकंज वार्ष्णेय ने कहा कि 30 अक्टूबर को प्रभुपार्क में आरएसएस द्वारा दिव्य और भव्य दीपोत्सव मनाया जाएगा। कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन पूर्ण तन्मयता से करें। गर्व की बात है कि वर्षों की प्रतीक्षा के पश्चात हमारी पीढ़ी को ये सौभाग्य प्राप्त हुआ है कि हम राम लला का पूजन उनके जन्मस्थान पर अधिकार के साथ कर पा रहे हैं। उन्होंने सभी बंधुओं से आह्वान किया कि दीपावली को यादगार बनाने में अपना योगदान सुनिश्चित करें। जिला सेवा प्रमुख जोगेंद्र ने प्रदर्शनी संबंधित जानकारी दी। बैठक में विभाग उपाध्यक्ष एटा कासगंज डॉ. पंकज वार्ष्णेय, राजेंद्र कुमार, प्रदीप साहू, डॉ. ग्रीश भारत, मानवेंद्रसिंह, प्रताप सिंह लोधी, नेम किशोर, अंकित कुमार, सुधीर कुमार, नवल किशोर, डोरीलाल, पप्पू शाक्य, राहुल गुरहार, अंकित पाठक, राजेश राजपूत, राजेंद्र मौजूद रहे।

## जहरीले कीड़े के काटने से बिहार के मजदूर की मौत


जिला अस्पताल में गमगीन खड़े परिजन। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

**अमृत विचार:** ईंट भट्ठे पर मजदूरी कर रहे बिहार के एक युवक की जहरीले कीडे. के काटने से उपचार के दौरान मौत हो गई। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों में कोहराम मचा हुआ है।

बिहार के जिला नवादा के थाना क्षेत्र आदमपुर के गांव मांझी निवासी भोला मांझी सदर कोतवाली क्षेत्र के गांव अल्लीपुर ईंट भट्ठे पर मजदूर था। उसे मंगलवार की शाम भट्ठे पर किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया। हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल ले गए। जहां उसकी मौत हो गई। भाई धर्मवीर मांझी ने बताया कि भोला मंगलवार की रात भट्ठे के बाहर सो रहा था। उसे किसी जहरीले कीड़े ने काट लिया।

उसकी हालत बिगड़ने पर परिजन उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंचे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। परिवार में कोहराम मचा है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी ने बताया कि शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मामले में पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल सकेगा।

### घर घर वितरण किया जा रहा रामदरबार और प्रसादी

**सोरों जी, अमृत विचार :** तीर्थनगरी की गोस्वामी तुलसीदास रामलीला कमेटी मर्यादा पुरुषोत्तम प्रभु श्री राम की लीलाओं के सफल मंचन व दशहरा पर मनोरम झांकियों के नगर भ्रमण के बाद अब घर घर प्रभु राम दरबार के चित्र को प्रसाद के साथ पहुंचाकर राम नाम की अलख वर्ष भर धर्मप्रेमियों के मन मंदिर में जगाए रखने का सराहनीय कार्य कर रही है। कमेटी के पदाधिकारी पूर्णिमा तिथि से प्रतिदिन हर मोहल्ले गली–गली घूमकर रामलीला मंचन में सहयोग देने वाले हर छोटे बड़े दानदाता जय सिया राम के उद्घोष के साथ प्रभु राम दरबार की तस्वीर व प्रसाद भेंटकर रहे हैं। दानदाता कमेटी के लोगों को आदरभाव से बिठाकर जल पान कराकर इस बार हुए राम लीला के आयोजन की सराहना कर रहे हैं। रामलीला कमेटी अध्यक्ष नितेश मेधावी के साथ रामलीला निर्देशक ललित मोहन तिवारी वाशाव, गुंजन तिवारी, महामंत्री मोहित कुमार तिवारी , कोषाध्यक्ष सोनू बोहरे, राजू दुबे,आशीष अयाचक,सार्थक मिश्रा,वैभव पचौरी,विक्की पचौरी,कान्हा मेधावी,अनमोल मेधावी,पिंकी मौर्य आदि घर घर रामदरबार की तस्वीर पहुंचाने का पुनीत काम कर रहे हैं।

## 124 वाहनों के काटे गए चालान, दो किए गए सीज

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** यातायात पुलिस द्वारा बुधवार शहर में वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। यातायात नियमों के उल्लघंन पर 124 वाहनों के चालान काटे गए। दो वाहनों को सीज किया गया। पुलिस ने सड़क नियमों के पालन के लिए वाहन चालकों को जागरूक किया।

एसपी अपर्णा रजत कौशिक के निर्देश पर यातायात पुलिस द्वारा चलाए जा रहे नियमित वाहन चेकिंग के तहत यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह के नेतृत्व में शहर के मालगोदाम रोड, मंडी तिराहा, सरकुलर रोड़, राजकोल्ड चौराहा, कासगंज सोरों मार्ग, कासगंज नदरई मार्ग पर अभियान चलाकर वाहनों की चेकिंग की गई। यातायात नियमों का पालन न करने वालें वाहन चालकों पर कार्रवाई करते उनके वाहनों के चालान काटे गए। यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने बताया कि ट्रिपिल राइड़िंग, बिना


माया देवी पब्लिक एकेडमी में विद्यार्थियों को यातायात के नियमों के बारे में जानकारी देती पुलिस।

- यातायात पुलिस ने चलाया वाहन चेकिंग अभियान
- सड़क नियमों के पालन के लिए चालक की जागरुक

हेलमेट, बिला सीट बेल्ट वाहन चलाते मिले 124 वाहनों के चालान काटे गए हैं। दो वाहनों को सीज किया गया है।

कहा कि वह सड़क नियमों को लेकर खुद जागरूक हो। साथ ही दूसरों को भी जागरूक करें।

### विद्यार्थियों को गोष्ठी कर किया जागरुक

यातायात पुलिस द्वारा पुलिस की पाठशाला कार्यक्रम के तहत विद्यार्थियों को जागरूक किया गया। शहर के मायादेवी पब्लिक एकेडमी में विद्यार्थियों को यातायात के नियम बताए गए। उनका पालन करने के लिए शपथ दिलाई गई। अभिभावकों से अपील की गई कि 18 वर्ष से कम आयु बाले बच्चों को वाहन चलाने के लिए न दें, यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह ने


सोरों कासगंज मार्ग पर वाहनों को चेकिंग करते यातायात प्रभारी लक्ष्मण सिंह।

## क्षमता से अधिक सवारियों को भरकर फर्राटे भर रहे ऑटो

- अमांपुर में सड़क सुरक्षा नियमों की उड़ाई जा रही धज्जियां

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** आठ दिन बाद नवंबर माह से यातायात माह शुरू हो जाएगा। उससे पहले कस्बा अमांपुर में पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा और मार्ग हादसा रोकने के लिए चलाए जाने वाले जागरुकता अभियान की ऑटो चालक धज्जियां उड़ाते दिख रहे है।

ऑटो चालक क्षमता से अधिक सवारियां भरकर अमांपुर-कासगंज रोड पर फर्राटा भर रहे है। इसके बावजूद परिवहन विभाग ध्यान दे रहा है और न ही पुलिस। जिससे बड़े हादसों की आशंका बनी रहती है। प्रशासन का ध्यान इस ओर नही है। कार्रवाई न होने से टेंपो चालकों को किसी का भय नहीं


कस्बा अमांपुर में क्षमता से अधिक सवारी बैठाकर ले जाता ऑटो चालक।

है। कस्बे से आसपास के गांवों में जाने के लिए टेंपो यातायात का प्रमुख आसान साधन बन चुका है। काफी संख्या में इनका संचालन अलग-अलग गंतव्यों के लिए हो रहा है। प्रत्येक रूट पर ओवरलोड खुलेआम फर्राटा भर रहे है लेकिन जिम्मेदार चुप है। कासगंज रोड, एटा रोड, सहावर रोड, मोहनपुर रोड, सिढ़पुरा रोड से अलग अलग रूटों पर टेंपो का संचालन हो रहा है। ये टेंपो चालक अधिक कमाई के लालच में यात्रियों की सुरक्षा का ध्यान नही दे रहे है। टेंपो में नियमानुसार चालक सहित चार लोगों के बैठने की क्षमता होती है। लेकिन टेंपो चालक 10 से 12 यात्रियों को बैठाकर गंतव्य के लिए

> यातायात के नियमों का पालन कराने के लिए निरंतर अभियान चलाया जा रहा है। जो भी वाहन चालक नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं उनके विरुद्ध कार्रवाई की जा रही है। इसी महीने 500 से अधिक वाहनों के विरुद्ध कार्रवाई की जा चुकी है। **– लक्ष्मण सिंह**, यातायात प्रभारी

जा रहे है। क्षमता से अधिक यात्रियों के बैठने से हाथ-पैर सहित शरीर के अन्य हिस्से टेंपो के बाहर ही रहते है। इसके चलते दूसरे वाहनों के बगल से गुजरते समय चोट लगने की आशंका बनी रहती है। यही नहीं टेपों चालक अपनी सीट पर यात्री बैठाने के लालच में स्वयं ठीक से नही बैठते हैं। फिर भी पुलिस की नजर इन पर नही पड़ रही है।

### ह्देश बने सहकार भारती के जिलाध्यक्ष

**कासगंज, अमृत विचार :** सहकार भारती के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. अरुण कुमार सिंह एवं महामंत्री अरविंद कुमार दुबे ने लखनऊ में हुई समीक्षा बैठक में कासगंज में नए पदाधिकारियों को नियुक्त कर उनके नामों की घोषणा की। जिसमें ह्देश कुमार जिलाध्यक्ष, विनोद कुमार चौहान महामंत्री, राजीव कुमार वर्मा को संगठन प्रमुख और प्रीति उपाध्याय को महिला प्रमुख की जिम्मेदारी दी गई है। हर्ष व्यक्त करने वालों में राजेश सेंगर, वैभव उपाध्याय, अंकित पुंढीर, सचिन बाबू, निर्भय सिसौदिया, संजीव यदुवंशी, राजीव पुंढीर, घनश्याम माहेश्वरी, परख मूना, सचिन पुंढीर, रानू वर्मा, आनंद शर्मा, विक्रम सिसौदिया, सुखवीर पुंढीर, विजय चौहान, संजय गुप्ता आदि प्रमुख हैं।



## छुट्टा गोवंश पकड़ने को चला अभियान

कार्यालय संवाददाता, कासगंज:

**अमृत विचार:** छुट्टा गोवंशों से परेशान शहर के लोगों को राहत दिलाने के लिए पालिका ने बुधवार को अभियान चलाया। शहर के मुख्य बाजारों से गोवंश को पकड़वा कर गोशाला में संरक्षित किया गया।

शहर के बाजारों में विचरण करते छुट्टा गोवंश लोगों के लिए परेशानी का सबक बने हुए हैं। एक नहीं दर्जनों हादसे भी हो चुके हैं। अब इन छुट्टा गोवंशों से हो रही समस्या से निजात दिलाने के पालिका ने गोवंशों को पकड़वाने के लिए अभियान शुरू किया है। बुधवार को अभियान के तहत नगर पालिका की टीम ने शहर के मुख्य बाजार नदरई गेट, मालगोदाम रोड,


छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाते नगर पालिका कर्मी। ● अमृत विचार

सरकुलर रोड़ से छुट्टा गोवंशों को पकडा। जिन्हें गोशाला में संरक्षित कराया गया। अधिशासी अधिकारी पूजा श्री वास्तव ने बताया कि शहर में छुट्टा गोवंशों से निजात दिलाने के लिए नगर पालिका प्रशासन ने अभियान शुरु किया है जो निरंतर जारी रहेगा।

पालतू गोवंशों को खुला न छोड़े

पालिका अध्यक्ष मीना माहेश्वरी ने पशुपालकों से अपील की है कि छुट्टा गोवंशों को पकड़ने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। पालतू गोवंश पालकों को परेशानी न हो, इससे बचने के लिए अपने पशुओं को खुला न छोड़े।

## यज्ञ में दी आहूति, कल्याण की कामना


हवन यज्ञ में आहूति देते रामलीला कमेटी के पदाधिकारी। ● अमृत विचार

संवाददाता, अमांपुर

**अमृत विचार:** रामलीला मंचन महोत्सव के समापन पर रामलीला कमेटी की ओर से बांके बिहारी गेस्ट हाउस में शांति यज्ञ आयोजित कर प्रसाद वितरण किया गया।

पंडित रामखिलाड़ी उपाध्याय ने विधि-विधान पूर्वक वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ हवन यज्ञ सम्पन्न कराया। लोगों ने हवन यज्ञ में पूर्ण आहूति देकर सुख-शांति और विश्व के कल्याण की कामना की। हवन-यज्ञ के बाद प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया। जो देर रात तक चलता रहा। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में रामभक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर हरिदत्त पालीवाल, सुधीर गुप्ता, रामनरायन मित्तल, पुजारी राजेश शर्मा, अध्यक्ष रूदप्रताप सिंह, पूर्व अध्यक्ष दलीप सिंह फौजी, शीलेन्द सोलंकी, रामौतार गुप्ता, हिदेश सर्राफ, पुष्पेंद्र वर्मा, संतोष पालीवाल, विनीत मित्तल, बंटी गुप्ता, राहुल जौहरी, आकाश गुप्ता सर्राफ, विकास दादा, संजीव माहेश्वरी, डिम्पल गुप्ता, राहुल शाक्य, शशीकांत, माहौर सिंह शाक्य आदि रामभक्त मौजूद रहे।

## दीपावली पर्व की तैयारियों में जुटे कुंभकार

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** दीपावली पर्व को लेकर कुंभकारों ने भी तैयारिया शुरू कर दी हैं। मिट्टी के दीपक व अन्य सामग्री के निर्माण कर उनके स्टॉक करने में लगे हैं। बीते लगभग तीन वर्षो से मिट्टी के दीयों की मांग बढ़ने से कुंभकारों के रोजगार में चमक आई है।

एक समय था जब मिट्टी के दीयों की दीपावली पर्व पर बहुतायत में मांग रहा करती थी। कुछ वर्षों पहले इनकी मांग न के बराबर रह गई। कुंभकारों के इस कारोबार को ग्रहण लग गया, लेकिन अब बीते तीन वर्षों से मिट्टी के दीयों की कुलुआ आदि की मांग बढ़ी है। यह मांग निरंतर बढ़ती जा रही है। लोगों को मिट्टी के दीयों को रुझान बढने से कुंभकारों के रोजगार पर चमक आ गई है, जबकि


मोहल्ला जयजयराम में चाक पर हाथ से दीये बनाता कुंभकार। ● अमृत विचार

### मशीन से निर्मित दीये भी बाजार में

शहर में तो हाथ से बनाए गए दीयों का ही निर्माण होता है, लेकिन कुछ मिट्टी के बर्तन का कारोबार करने वाले कुंभकारों ने बडे. शहरों से मशीन से निर्मित मिट्टी के दीये भी लाकर स्टॉक किया है। यह दीये हाथ से बने दीयों के सापेक्ष कुछ सस्ते रहते हैं।

- मिट्टी के दीपक और अन्य सामग्री का निर्माण शुरू बीते तीन वर्षों से बड़ी है मांग

दीपावली पर्व की उलटी गिनती शुरू हो गई है। बाजारों में भी पर्व की रौनक दिख रही है, तो कुंभकार भी तैयारियों में लगे हुए हैं। दिन रात मेहनत कर मिट्टी के दीयों और कुलुओं का निर्माण कर उनका स्टॉक लगा रहे हैं।

**रंगीन और फैंसी दीयों का भी लगा है स्टॉक:** सामान्य मिट्टी से बने दीयों के अलावा रंगीन फैंसी आकर्षक दीयों की उपलब्धता इस बार बाजारों में रहेंगी। मिट्टी के बर्तन कारोबारियों ने विभिन्न डिजायनों के आकर्षक दीये दीपावली पर मिट्टी के दीये लाकर रखें हैं।हालांकि मिट्टी के दीयों की बिक्री अभी शुरु नहीं हुई है। धनतेरस से ही इनकी बिक्री शुरु हो जाती है।


मिट्टी से बने दीयों की मांग बीते तीन चार वर्षो से बढ़ गई है। हाथ से बनाने वाले कुंभकार न के बराबर हैं। अधिकांश : मशीन से बने दीये ही प्रचलन में आ गए हैं। **– अमित प्रतापति**


हाथ से दीये बनाने में काफी मेहनत लगती है। मिट्टी खरीद कर लानी पड़ती है। अन्य व्यवस्थाओं को जुटाना मुश्किल हो जाता है। स्टॉक निरंतर तैयार कर रहे हैं। **– सत्यप्रकाश प्रतापति**

## बकाएदारों के काटे गए कनेक्शन


अमांपुर क्षेत्र के गांव अभयपुरा में कार्रवाई करती टीम। ● अमृत विचार

**कासगंज, अमृत विचार:** अमांपुर क्षेत्र के गांव अभयपुरा और करसाना गांव में बुधवार को विद्युत बकाएदारों के विरुद्ध विद्युत विभाग ने चेकिंग अभियान चलाया।

एक्सईएन अजय कुमार सविता के निर्देश पर एसडीओ गौरव शर्मा संग जेई रामजीत राम ने बिजली विभाग की टीम के साथ क्षेत्र के अभयपुरा एवं करसाना गांव में बकाया वसूली अभियान चलाया। इस दौरान 55 बकाएदारों के कनेक्शन भी काटे गए। बिल भुगतान करने वाले कनेक्शन धारकों को रसीद दी गई। टीम ने 60 हजार रुपये की वसूली की। जेई रामजीत राम के नेतृत्व में अभयपुरा गांव में 25 एवं करसाना गांव में 30 बकाएदारों के कनेक्शन काटे गए। राजस्व वसूली व डिस्कनेक्शन अभियान में जिन उपभोक्ता पर बिल काफी समय से बकाया है। उनके कनेक्शन पोल से काटे गए। बिल जमा करने वालों को तत्काल रसीद दी गई। जेई रामजीत राम ने लोगों से समय पर बिल अदा करने की अपील की। इस मौके पर एसडीओ गौरव शर्मा, जेई रामजीत राम, विनोद वर्मा, आशू यादव, सर्वेश कुमार, नाजिम, प्रेमपाल, मुकेश आदि मौजूद रहे।

आत्मज्ञानं समारम्भः तितिक्षा धर्मनित्यता।
यमर्थान्नापकर्षन्ति स वै पण्डित उच्यते॥

जो अपने योग्यता से भली-भांति परिचित हो और उसी के अनुसार कल्याणकारी कार्य करता हो, जिसमें दु:ख सहने की शक्ति हो, जो विपरीत स्थिति में भी धर्म-पथ से विमुख नहीं होता, ऐसा व्यक्ति ही सच्चा ज्ञानी कहलाता है।

## संपादकीय

# सहयोग के क्षेत्र

वैश्विक चुनौतियां एक के बाद एक उभर रही हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए वैश्विक कार्यों के बीच समन्वय की आवश्यकता है। ब्रिक्स शिखर सम्मेलन को यूक्रेन में संघर्ष और पश्चिम एशिया में बिगड़ती स्थिति के बीच गैर-पश्चिमी शक्तियों द्वारा अपनी ताकत दिखाने के प्रयास के रूप में देखा जा रहा है। भारत ब्रिक्स के भीतर करीबी सहयोग को महत्व देता है जो वैश्विक विकासात्मक एजेंडा, बहुपक्षवाद, जलवायु परिवर्तन, आर्थिक सहयोग, लचीली आपूर्ति श्रृंखलाओं का निर्माण, सांस्कृतिक और लोगों से लोगों को जोड़ने आदि से जुड़े मुद्दों पर बातचीत और चर्चा के लिए एक महत्वपूर्ण मंच के रूप में उभरा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 16वें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में कहा कि विश्व युद्धों, संघर्षों, आर्थिक अनिश्चितता, जलवायु परिवर्तन, आतंकवाद जैसी अनेक चुनौतियों से घिरा हुआ है। उन्होंने चीन, रूस समेत पूरी दुनिया को नसीहत दी कि जंग किसी भी समस्या का समाधान नहीं है। गौरतलब है कि ब्रिक्स सदस्य देशों की विविध सुरक्षा चिंताएं हैं, जिनमें आतंकवाद और क्षेत्रीय संघर्ष से लेकर साइबर खतरे तक शामिल हैं। भारत ने इन चिंताओं को एक साथ लाने और संयुक्त सुरक्षा पहलों का समन्वय करने के लिए सावधानीपूर्वक बातचीत की आवश्यकता पर जोर दिया। भारत ब्रिक्स के भीतर घनिष्ठ सहयोग को महत्व देता है। विश्व में उत्तर दक्षिण और पूर्व-पश्चिम विभाजन की बात हो रही है। महत्वपूर्ण है कि भारत ने स्पष्टता के साथ सारी बातें रखीं। आतंकवाद और आतंकवाद के वित्त पोषण से निपटने के लिए सभी को एक मत होकर दृढ़ता से सहयोग देना होगा। ऐसे गंभीर विषय पर दोहरे मापदंड के लिए कोई स्थान नहीं है।

युवाओं में कट्टरपन को रोकने के लिए सक्रिय रूप से कदम उठाने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में अंतर्राष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि के लंबित मुद्दे पर मिलकर काम करना होगा। उसी तरह साइबर सुरक्षा, सुरक्षित एआई के लिए वैश्विक नियमन के लिए काम करना चाहिए। प्रत्येक देश की सुरक्षा का सम्मान करना और उसकी गारंटी देना, टकराव के स्थान पर वार्ता और साझेदारी को बढ़ावा देना तथा संतुलित, प्रभावी और टिकाऊ क्षेत्रीय सुरक्षा ढांचे के निर्माण को बढ़ावा देना महत्वपूर्ण है। ब्रिक्स देशों को साझा विकास में योगदानकर्ता बनना चाहिए। अगले दशकों में ब्रिक्स को प्रासंगिक बने रहने के लिए, इसके प्रत्येक सदस्य को अवसरों और अंतर्निहित सीमाओं का यथार्थवादी आकलन करना होगा। इसके अलावा, राजनीतिक आपसी विश्वास और सुरक्षा सहयोग को मजबूत करना, प्रमुख अंतर्राष्ट्रीय और क्षेत्रीय मुद्दों पर संचार और समन्वय बनाए रखना और एक-दूसरे के मूल हितों और प्रमुख चिंताओं को समायोजित करना भी उतना ही महत्वपूर्ण है।

# रामायण और पुरातत्व



भगवान सिंह
वरिष्ठ लेखक

> यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे।

पश्चिम एशिया में पहले अविश्वसनीय मानी जाने वाली कथाओं की ऐतिहासिकता की खोज करते हुए पुरातत्वविदों ने उनमें से अनेक का ऐतिहासिक आधार खोज निकाला। अब हम उनको सही देश-काल में रख सकते हैं। क्या ऐसा महाभारत और रामायण के विषय में भी किया जा सकता है? प्रो. नूरुल हसन के मंत्रित्व काल में यह प्रस्ताव प्रो. बी.बी. लाल ने प्रस्तुत किया और इसका कार्यभार संभाला, परंतु न जाने किस समझ से भारतीय पुरातत्व के अनन्य व्याख्याता प्रो. लाल ने पुरातत्व के साक्ष्यों की तलाश करते हुए इसके पुरातत्व को दूसरी शताब्दी ख्रिस्ताब्द पूर्व तक सीमित कर दिया, जिसे मानने को कोई तैयार न होगा। स्वयं वह भी नहीं (देखें उनका बाद का खनन और काल निर्धारण)। फिर पुरातत्व से मिली इस सूचना का क्या होगा?

हम प्रो. लाल को आंकड़ों में छेड़-छाड़ का दोषी मान सकते हैं, जिसका साहस मुझमें नहीं है। पुरातत्व की विश्वसनीयता पर संदेह कर सकते हैं, जो उससे भी अधिक दुर्भाग्यपूर्ण है। दो ही विकल्प बच रहते हैं: 1. उत्खनन के लिए स्थल/स्थलों के चुनाव में उत्खननकर्ता से चूक हुई, जिसकी पर्याप्त संभावना है। दूसरा यह कि रामकथा से संबंधित जिन स्थलों के नाम पर दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में जिन स्थलों की पहचान बची रह गई थी, उनका वर्णन वाल्मीकिय रामायण में है, न कि प्राचीन अयोध्या और श्रृंगवेरपुर का। इसका अर्थ हुआ, वाल्मीकिय का वर्तमान पाठ दूसरी शताब्दी ईसापूर्व में या उसके बाद तैयार किया गया और संस्कृत भाषा पर अधिकार रखने वाले ब्राह्मणों द्वारा तैयार किया गया, न कि दस्यु से ऋषि बने और उल्टा नाम जपने वाले, अशिक्षित दस्यु द्वारा। वह उल्टा-नाम-जप से अपना हृदय-परिवर्तन कर सकता था, पर संस्कृत का उतना प्रकांड विद्वान नहीं बन सकता था, जितना रामायणम् का रचनाकार है।

कथा अवश्य पुरानी थी, जिसका उपयोग नई अपरिहार्यता के चलते वैचारिक द्वन्द्व के लिए किया गया और मूल कथावस्तु से छेड़छाड़ करते हुए किया गया। पहले हम खुदाई के गलत स्थल के चुनाव को लें। इसके लिए हम विंसेंट स्मिथ के मंतव्य पर ध्यान दें। उसने प्रमाण देते हुए यह दिखाया था कि तटीय स्थल जिन नदियों के तट पर बसे हुए थे वे उनसे बहुत दूर चली गई है। यहां तक कि समुद्रतटीय स्थल भी इसके अपवाद नहीं हैं। उदाहरण के लिए ताम्रलिपि कभी बंदरगाह हुआ करता था, परंतु उस नाम का स्थल "समुद्र से कम से कम साठ मील (100 किलोमीटर) दूर है।" यह तो उस स्थिति की बात है जब नदी या समुद्र पीछे की ओर हटा हो, यदि स्थल उसकी चपेट में आ गया हो तो पहचान ही लुप्त हो जाती है। पुरानी मदुरा कहते हैं समुद्र में चला गया। खंबात की खाड़ी में एक प्राचीन नागर बस्ती के अवशेष पाए गए हैं।

> उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं।

उत्तर भारत में नदियों ने धारा बदलते हुए पूर मैदानी भाग को इस तरह उलटा पलटा है जैसे किसान खेत जोतते हुए उसकी मिट्टी को उलटता-पलटता रहता है। यदि स्थल का धार्मिक महत्व हुआ तो पंडे-पुजारी नई बस्ती को भी पुराना नाम देकर अपना कारोबार चलाते रहते हैं। अयोध्या का हाल यह है कि इसका ऊंचाई वाला भाग सरयू के कगार पर पड़ता है जबकि जिस स्थल पर कभी राममंदिर बना था या जहां बाबरी मस्जिद बनी थी, वहां बची हुई अयोध्या के भी सबसे प्राचीन स्तर का पता नहीं चलेगा। विश्वामित्र राम और लक्ष्मण को लेकर चले तो अयोध्या सरयू का दक्षिण तट आधे योजन से कुछ अधिक दूरी पर पड़ा था (अध्यर्धयोजनं गत्वा सरव्या दक्षिणे तटे, रा.1.12.11)। यह माप कुछ बढ़ाकर भी दी गई हो सकती है, परंतु इतना तो तय है कि नदी का कटाव विनष्ट अयोध्या की ओर रहा है और उसके पुराने नगर का बहुत छोटा सा हिस्सा ही ध्वंस के बाद बचा रह पाया है। अतः पुरातत्व रामकथा की उस कड़ी का जिसका संबंध दशरथ के पुत्र राम से है, निर्णय नहीं कर सकता। पश्चिम एशियाई पुरावस्तुः रामकथा की ऐतिहासिकता का एक अन्य बहुत क्षीण सूत्र है मिस्र के प्रतापी राजा रामसेस द्वितीय, जिसने 127-1213 ख्रिस्ताब्द पूर्व में 66 साल तक राज्य किया था और जिसे मिस्र में रामसेस महान के रूप में याद किया जाता रहा, उसके नाम में आए राम को एक ठोस आधार मानते हुए यह सिद्ध करने का प्रयत्न किया गया कि राम की ऐतिहासिकता मिस्र के रामसेस से जुड़ी है और उसकी पौराणिकता भारतीय राम की अवधारणा से। इसके साथ ही एक हुरी राजा का नाम तुशरत्त था, जिसका भाई शत्तिवाज था। इसका हुर्री भाषा में नाम किलि-तेसुप था। सरस्वती से मिलता जुलता नाम अफगानिस्तान की नदी हरह्वती या हरौती का था, जिसे यूनानी हेराक्वैती कहते थे, इन तिनकों को जोड़कर भारतीय इतिहास लेखन के धर्मनिरपेक्षता की आड़ में चलने वाले 'माले गनीमत' वाले दौर में जब प्राचीन भारतीय इतिहास को नष्ट करने का अभियान चल रहा था, यह सिद्ध करने के प्रयास किए जाते रहे कि ये सभी 'आर्यों' के पश्चिम से भारत में आने के प्रमाण हैं और मूल सरस्वती नदी अफगानिस्तान में बहती थी और उसी के नाम पर भारतीय सरस्वती का नामकरण किया गया।

यह क्रीतदासों का इतिहास था, जो चीजों को सही संदर्भ देना भी नहीं जानते थे, परंतु शिक्षा और अनुसंधान के प्रतिष्ठानों पर एकाधिकार करके विभिन्न प्रयोजनों के नाम पर करोड़ों का कारोबार चला रहे थे। यदि इतिहास का विवेक होता तो वे समझते कि हरह्वती नाम संस्कृत में किसी तरह की कठिनाई नहीं पैदा करता, सरस्वती ईरानी में हरह्वती हो जाता है, अतः मूल नाम सरस्वती था और उन लोगों के प्रसार या प्रभावविस्तार के साथ यह नाम पश्चिम की नदी को दिया गया कि शत्तिवाज या सत्यवाज/शक्तिवाज नाम हुर्री का नहीं है, उसमें इसे किलि तेसुप कहा जाता था। इस भाषाई पर्यावरण में दशरथ और सत्यवाज का प्रवेश भारतीय भूभाग से गए हुए प्रभावशाली समुदाय में ही रखा जा सकता था। मिस्री में रा का अर्थ सूर्य है। सूर्योपासना मिस्र में भारतीय प्रभाव में आरंभ हुई थी और यह लंबे ससय तक नहीं चल पाई थी। ठीक यही बात रामसेस के मामले में भी देखी जा सकती है, यह नाम फराऊनों की नाम परंपरा से हटकर है और उस प्रभाव से उत्पन्न है, जिसमें तेल-एल-अमर्ना के संस्थापक अखनातेन ने सूर्योपासना का एक नया धर्म आरंभ किया था, जो उसके जीवन काल तक ही चला। नई राजखानी राजधानी अमर्ना भी जो उसके द्वारा स्थापित की गई और उसकी मृत्यु के बाद उपेक्षित और फिर विस्मृत हो गई। मितन्नी राजा तुशरत्त से हित्तियों के बढ़ते प्रभाव को रोकने के लिए अखनातेन के कूटनीतिक संबंध थे, जो तुशरत्त की पुत्री के अखनातेन के पुत्र से वैवाहिक संबंध में भी प्रतिफलित हुआ था।


दशरथ और दूसरे भारतीय नाम उस भिन्न भाषा-परिवेश में भारतीय प्रभाव के सूचक तो हैं, पर इन नामकरणों के पीछे भारतीय 'इतिहास' के दशरथ और राम से यदि कोई संबंध है या हो सकता है तो मात्र इस अर्थ में ही कि दशरथ और राम का काल चौदहवीं शताब्दी से पीछे जाता है कि मितन्नियों की राजधानी वसुकन्नि, जिसका अर्थ धन की खान होता है, जिस खाबुर नदी के तट पर था, उसे संभवतः वसु भी कहा जाता था और इसका एक क्षीण हवाला गोपथ ब्राह्मण में आया है, जिसमें कहा गया है कि इन्द्र का नगर वसु की धारा पर बसा था और इसे असुरों ने घेर लिया था - वसोर्धाराणां ऐन्द्र नगरम्। तं असुराः पर्युपेयुः। इसमें किसी युक्ति से इन्द्र का बचाव हो गया था। ये इन्द्रलोक भारोपीय प्रसार क्षेत्र में फैली व्यापारिक बस्तियां या उपनिवेश थे और वहां किसी तरह के संकट की सूचना मिलने के बाद सहायता के लिए जाने वाले और वहां से मालामाल होकर लौटने वाले भारतीय राजाओं के जो हवाले दुष्यंत से लेकर दशरथ तक के मिलते हैं वे सभी रघुवंशी हैं इनमें ऐतिहासिक सच्चाई हो सकती है, परंतु इसके बाद भी तुशरत्त का भारतीय दशरथ से केवल नाम का संबंध है, जो उनकी ख्याति का सूचक है न कि वंशधरता का। पुरातत्व में प्रमाणों का अभाव नहीं है, अभाव उस समझ का है जो इन्हें सही संदर्भ में रख सके।

## प्रसंगवश

# फसलों की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता

भारत में खेती किसानी हजारों वर्ष से जीवन पद्धति के अभिन्न अंग के रूप में, तमाम ज्ञान-विज्ञान समेटे उत्तम कर्म रहा है। आरण्यक संस्कृति से उद्भूत खेती किसानी ने प्रकृति के तमाम रहस्यों को उद्घाटित किया।

इस धरती पर फसल की श्रेणी में आने वाले लगभग तीन लाख पौधे हैं, जिनमें से अब तक कुल तीन हजार पौधों को ही खाद्यान्न पौधों के रूप में ही चिह्नित किया जा सका है। कृषि का इतिहास लगभग दस हजार साल का इतिहास है। आज के वैज्ञानिक युग के पूर्व ही खेती- किसानी करने वाले किसानों ने एक एक फसल की हजारों लाखों किस्मों की खोज की थी। उनको अपने खेतों में पाला पोसा। अनुभव और परिक्षण से उनका वर्गीकरण किया कौन फसल किस मौसम में होगा? किस किस्म को कम पानी चाहिए किस किस्म को ज्यादा पानी चाहिए? इन वैज्ञानिक ऋषि किसानों ने खाद्यान्नों के बीजों को संरक्षित किया। एक शताब्दी पूर्व भारत में धान की लगभग एक लाख किस्में बोई जाती थी। एक-एक गांव में बीसों किस्म के अलग-अलग धान के खेत लहलहाते थे। पानी और बोली की तरह चार कोस पर धान की किस्में बदल जाती थी। दुर्भाग्यपूर्ण गाथा है कि दस हजार साल की किसानों की सृजनशीलता जो सांस्कृतिक वैज्ञानिकता थी उसे पिछले पचास साल के व्यापारिक वैज्ञानिकता ने नष्ट कर दिया। आज का वैज्ञानिक जैविक विविधता को परिभाषित करते हुए कहता है कि कोई भी दो प्रजातियां अपने पर्यावरण का उपभोग सामान रूप से नहीं करती तथा किन्हीं दो प्रजातियों के अनुवांशिक सूत्र भी एक समान नहीं होते।



डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

हजार साल पहले के किसान को जैविक विविधता के संबंध में निश्चित रूप से यह व्यावहारिक रूप से ज्ञात था कि पर्यावरण के संतुलन के लिए आवश्यक है। फसल की सांस्कृतिक वैज्ञानिकता का एक मजेदार तथ्य है कि हमारे पुरखे लगभग दो हजार खाद्यान्न पौधों में से अपना भोजन चुनते थे। आज पूरे देश में खाद्यान्न लगभग दो सौ फसलों में ही सिमट कर रह गया है, उसमें भी हमारी थाली के भोजन के अन्न अंगुलियों पर गिने जा सकते हैं। फसलों की विशाल संपदा व्यापारिक विज्ञानवाद की भेट चढ़ता चला गया।

# आखिर सड़क हादसों में अव्वल क्यों है यूपी



संजय सिंह
वरिष्ठ पत्रकार

> प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है।

एक बार फिर उत्तर प्रदेश सड़क दुर्घनाओं में होने वाली मौतों में अव्वल आया है। खासकर इसलिए कि प्रदेश में आधुनिकतम सड़कों का जाल बिछा है और एक्सप्रेसवे के मामले में भी यह अग्रणी प्रदेश है। पिछले कुछ वर्षों में प्रदेश में ट्रैफिक पुलिस व्यवस्था भी बेहतर हुई है और ट्रैफिक अमले का विस्तार भी हुआ है। फिर आखिर क्या वजह है कि हादसे कम होने का नाम नहीं ले रहे। तमिलनाडु, कर्नाटक, महाराष्ट्र और राजस्थान के साथ उत्तर प्रदेश का मुकाबला पिछले कई सालों से चल रहा है। अनेक मामलों में प्रदेश ने इनसे बेहतर प्रदर्शन किया है, लेकिन सड़क दुर्घटनाओं के मामले में हमेशा पहले तीन स्थानों पर रहना प्रदेश की नियति बन गई है।

नेशनल क्राइम रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के मुताबिक उत्तर प्रदेश में हर साल औसतन 22 हजार लोगों की मौत सड़क दुर्घटनाओं के कारण होती है। वर्ष 2023 के दौरान उत्तर प्रदेश में सड़क हादसों की वजह से 23,652 लोगों की जान गई। ये आंकड़े पिछले साल के आंकड़ों से ज्यादा हैं और सोचने को मजबूर करते हैं कि या तो नीति-निर्माताओं और प्रशासनिक अमले से कहीं न कहीं कोई चूक हो रही है। एनसीआरबी के अलावा सड़क परिवहन मंत्रालय की ओर से हर साल जारी किए जाने वाले आंकड़ों में भी यूपी की लगभग यही तस्वीर सामने आती है। सड़क मंत्रालय की ओर से जारी किए गए 2018 से 2022 तक के आंकड़ों से पता चलता है कि 2018 से 2020 के बीच भारत में सड़क हादसों में कुछ गिरावट का रुख रहा, लेकिन 2020 के बाद पुनः सड़क हादसे बढ़ने लगे और यह क्रम जारी है, जहां तक उत्तर प्रदेश का प्रश्न है यहां 2018 में 42568 सड़क हादसे हुए थे, जो 2019 में बढ़कर 42572 हो गए। कोविड के कारण 2020 में हादसे अचानक घटकर 34242 पर आ गए थे, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 37729 और 2022 में 41746 पर पहुंच गए। जहां तक यूपी में सड़क हादसों में मौतों का सवाल है तो 2018 में 22256 और 2019 में 22655 मौतें हुई थीं। वर्ष 2020 में मौतें घटकर 19149 पर आ गईं, लेकिन 2021 में पुनः बढ़कर 21227 और 2022 में 22595 पर पहुंच गईं। एनसीआरबी के 2023 के आंकड़े इससे काफी ज्यादा मौतों की ओर इंगित करते हैं।

वैसे तो यह समस्या पूरे देश में है, लेकिन यूपी में कुछ ज्यादा है। शायद एक्सप्रेस-वे व बढ़िया सड़कें ही समस्या की वजह बन गई हैं। यूपी में होने वाले 75 फीसद से ज्यादा सड़क हादसों की वजह ओवरस्पीडिंग को पाया गया है। इस कारण होने वाले हादसों में मौतों और घायलों का आंकड़ा भी ज्यादा होता है। जबकि दूसरी बड़ी वजह यातायात संबंधी अड़चने हैं, जिनमें सड़कों पर गड्ढे, पानी, तेल, धूल, रेत या कंकड़-पत्थर का मौजूद होना, उचित यातायात संकेतकों का अभाव, सड़क के डिजाइन में खामी, प्रकाश की कमी, अंडरपास या ओवरब्रिज तक पहुंचने और निकलने वाले अप्रोच मार्ग का संकरा या गलत कोण या घुमाव, फुटपाथ के अभाव में पैदल यात्रियों का मुख्य मार्ग पर चलना, बिना हेलमेट के दुपहिया और बिना सीटबेल्ट के चौपहिया वाहन चलाने में चालकों की लापरवाही, वाहनों की फिटनेस और मेंटिनेंस की अनदेखी, ट्रैफिक पुलिस द्वारा नियमों के अनुपालन के नाम पर व्यस्त सड़क पर अचानक चेकिंग के कारण यातायात बाधित होना, मोटर ड्राइविंग की समुचित ट्रेनिंग और टेस्ट के बगैर ड्राइविंग लाइसेंस जारी किया जाना, शराब पीकर गाड़ी चलाना, उल्टी दिशा या रांग साइड पर वाहन चलाना जैसी तमाम वजहें शामिल हैं। चूंकि सबसे ज्यादा गड़बड़ ड्राइविंग 18 से 25 तथा 25 से 35 आयु वर्ग के युवाओं द्वारा की पाई गई है।

प्रदेश के ज्यादातर बड़े शहरों में अब ड्राइविंग के टेस्ट ट्रैक काम करने लगे हैं, लेकिन वहां की नई व्यवस्थाओं को आम जनता अभी आत्मसात नहीं कर पा रही है। लोगों को टेस्ट देते वक्त अनेक दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। मामूली गलती से टेस्ट में फेल होने के बावजूद लोग बिना लाइसेंस गाड़ी चलाते रहते हैं। इसे रोकने का कोई उपाय नहीं है। इस खामी को दूर करने की जरूरत है। उत्तर प्रदेश के जिन शहरों में सबसे ज्यादा मौतें सड़क हादसों के कारण होती हैं, उनमें कानपुर, आगरा, प्रयागराज, बुलंदशहर, अलीगढ़, मथुरा, लखनऊ, उन्नाव, हरदोई और बरेली प्रमुख हैं। इन शहरों में क्या समस्या है और क्या किए जाने की जरूरत है इसकी समीक्षा के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने स्वयं पहल करते हुए एक उच्चस्तरीय समिति बनाई है। उम्मीद है कि समिति उचित विश्लेषण करते हुए सुधारात्मक उपाय सुझाएगी और उन सुझावों पर अमल होगा।

## सोशल फोरम

# क्या कुछ भी हिंसा के बाहर नहीं है

92 वर्षीय अमेरिकी चिंतक नोम चोम्स्की बदले विश्व में परमाणु युद्ध और पर्यावरण विनाश के अलावा एक अन्य संकट की ओर संकेत करते हैं-'जागरण को मिटा देने के प्रयास'। वर्तमान विश्व में लोगों की सैकड़ों साल के संघर्ष से अर्जित बौद्धिक उपलब्धियों और लोकतांत्रिक संस्थाओं को मिटाया जा रहा है। इस दौर में जो कई आदर्श तेजी से अलोकप्रिय हो रहे हैं, उनमें अहिंसा और सह-अस्तित्व भी है।



शंभुनाथ
सेवानिवृत्त प्रोफेसर, कोलकाता

किसी प्रत्यक्ष सरकारी रोक के बिना भी असुविधाजनक तथ्यों को अंधेरे में रखा जाता है, ताकि जो 'पूरी तरह से तर्कहीन' है उसकी प्रतिष्ठा हो सके। हर तरफ विकसित संसाधनों से 'अज्ञानता-निर्माण' का एक बड़ा घेरा पड़ा है। इस पर गंभीरता से सोचने की जरूरत है कि जिस दुनिया में प्रेम, न्याय और शांति के आंदोलन सदियों तक चले, उसमें अहिंसा की जगह हिंसा राजनीतिक सार के रूप में फिर कैसे प्रतिष्ठित हो रही है? क्या सभ्यता पीछे लौट रही है, जिसे 'मध्यकालीनता' कहते थे, उस तरफ? इन दिनों आंख मूंदकर 'सबकी जरूरतों' की जगह सामुदायिक हित प्रधान बना दिए गए हैं, संकीर्णता बनाम संकीर्णता का खेल है। कांटा को कांटा से निकालो! लोग अतीत के तालाब में नहा रहे हैं और अपने नदियों-समुद्रों को भूलते जा रहे हैं। यह एक विडंबना है कि अब साझा मुद्दों पर लोगों को इकट्ठा करना कठिन है, 'मनुष्य' तथा 'नागरिक' की धारणाओं का क्षय हुआ है। समाज यहां आ खड़ा हुआ है कि केवल संकीर्ण नारों पर ही जनता को कुछ जोश आता है। लोग इन दिनों हमेशा सामुदायिक कोण से बहस करते हैं।

यदि किसी स्त्री का बलात्कार हुआ हो तो पहले देखते हैं कि वह किस धर्म या जाति की है। कोई अपराधी यदि अपनी जाति या पार्टी का आदमी है तो उसे बचाते हैं। इन दिनों अपराधी विजेता की तरह देखे जाते हैं। अगर कोई अपराधी राजनीतिक नेता हो गया तो वह हजारों लोगों के दिल पर राज करता है। कहना न होगा कि हमारे देश में अपराध को बड़े पैमाने पर सांस्कृतिक वैधता मिली है। **-फेसबुक वॉल से**

# चयन और प्रोन्नति में एसीआर की महत्वपूर्ण भूमिका

एसीआर यानी कि वार्षिक गोपनीय मंतव्य किसी भी सेवारत कर्मी की वर्ष भर के क्रियाकलापों के संबंध में उसके कार्यालयाध्यक्ष द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को भेजी जानी वाली वह गोपनीय आख्या होती है, जिसमें वह संबधित कर्मी की कार्यप्रणाली के संबंध में अपना मंतव्य प्रकट करता है। हम लोगों की सेवा के काफी समय बाद तक यह मंतव्य परम गोपनीय होता था और संबंधित अधिकारी को यह भनक तक नहीं लग पाती थी कि उसके बास ने उसके बारे में क्या-क्या लिख मारा है। यदि प्रतिकूल प्रविष्टी होती थी तो उस प्रविष्टि का संबंधित भाग उस अधिकारी को सूचित किया जाता था कि वह उस प्रविष्टि के विरुद्ध अपील कर सके। यह बहुत कुछ रिपोर्टिंग अधिकारी के सोच, स्वभाव और मानसिकता पर भी निर्भर करता था।

आज की स्थितियां भिन्न हैं, शासन और व्यवस्था में आई पारदर्शिता के फलस्वरूप हर अधिकारी को उसके वार्षिक मंतव्य की प्रति उपलब्ध कराना संबंधित विभाग की अनिवार्य जिम्मेदारी है, जिसके कारण कतिपय अधिकारियों की अकारण अपनी व्यक्तिगत कुंठाओं व नाराजगी के कारण ऊलजलूल लिखने की प्रवृत्ति पर रोक भी लगी है, पर हमेशा ऐसा नहीं होता और खासकर हम लोगों की पीढ़ी में वरिष्ठ अधिकारियों और अधीनस्थ अधिकारियों के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा सहयोग और एक दूसरे के प्रति सम्मान का ऐसा भाव होता था, जो आज की ब्यूरोक्रेसी में दुर्लभतम श्रेणी में आता है। यहां कुछ ऐसे ही अधिकारियों का उल्लेख करना है। बात 1994-95 की है मैं आतंकवाद ग्रस्त लखीमपुर जनपद में चार सफल वर्ष की सेवा पूर्ण कर वहां से स्थानांतरित होकर तत्कालीन जनपद गाजियाबाद में क्षेत्राधिकारी नोएडा के पद पर कार्यरत था तब पूरे नोएडा में केवल एक ही क्षेत्राधिकारी होता था। एक दिन अचानक वायरलेस संदेश आया कि पड़ोस के जनपद के एसएसपी ओपी सिंह जो बाद में डीजीपी यूपी के पद तक पहुंचे उन्होंने आज ही बुलंदशहर बुलाया है। ओपी सिंह लगभग डेढ़ वर्ष तक खीरी में मेरे एसपी रहे थे व उनके साथ आतंकवाद के विरूद्ध काम करने का पूरा मौका मिला था। खैर आदेश था देर शाम मैं बुलंदशहर एसएसपी निवास पर पहुंच गया। हाल-चाल, चाय-पानी के बाद कप्तान साहब ने अपने स्टेनों के बुलाया और कहा कि वह जो ड्राफ्ट लिखवाया था उसकी कापी ले आओ। दो मिनट में टाइपशुदा दो पृष्ठ लेकर स्टेनों बाबू हाजिर हुए। सर ने कागज लेकर उन्हें जाने को कह दिया। मैं असमंजस में क्या मामला है? अब तो मैं इनके अधीन भी नहीं हूं फिर सर ने चुप्पी तोड़ी और बोले कि ये तुम्हारा पलिया सीओ पीरियड का एसीआर है पढ़ लो कुछ छूटा हो तो बता दो। एक क्षण तो मुझे कुछ समझ में ही नहीं आया पर छूटते ही मैंने कहा कि नहीं सर मुझे नहीं देखना आपने जो भी लिखा होगा अच्छा लिखा होगा और वैसे भी आपने अंग्रेजी में लिखा होगा मैं तो हिंदी मीडियम का आदमी मेरी समझ में भी नहीं आएगा। सर आग्रह करते रहे मुझे नहीं देखना था तो नहीं देखा। हार मानकर उन्होंने अपना कागज वापस रख लिया। थोड़ी देर बाद जब मैं वापस आने के लिए निकला तो सर प्रोटोकॉल के विपरीत गाड़ी तक मुझे छोड़ने आए और जाते-जाते बोले कि अब मैं एक पैराग्राफ और लिखूंगा।



राम कृष्ण चतुर्वेदी
से.नि., पुलिस महानिरीक्षक

दूसरा उदाहरण गाजियाबाद का है, मैं एसपी सिटी गाजियाबाद था और मेरे एसएसपी थे डीएस चौहान पूर्व डीजीपी। गाजियाबाद के पहले वे एसएसपी गौतमबुद्ध नगर और मैं उनके अधीन एसपी नोएडा के पद पर लगभग डेढ़ वर्षों तक कार्यरत रहा था। फिर सर का स्थानांतरण गाजियाबाद हुआ और पीछे-पीछे मुझे एसपी सिटी गाजियाबाद बना दिया गया। यहां भी एक दिन शाम को कमांड हाउस पर तलबी हुई और सामान्य बातचीत के बाद सर ने एक कागज दराज से निकालते हुए कहा कि ये एसपी सिटी नोएडा पीरियड की एसीआर है पढ़कर देख लो। मैंने तुरंत मनाकर दिया कि सर ये मेरा काम नहीं है आपका है, जो किया होगा अच्छा ही होगा और मुझे इसे नहीं पढ़ना वापस रख लीजिए। सर ने ज्यादा जिद नहीं की। चाय मंगाई पिलाई और मीटिंग समाप्त हुई। जैसे ही मैं उठने को हुआ सर ने कहा तुम्हें पता है मैंनें पहले ही सोच रखा था कि अगर तुमने इसे पढ़ा होता तो तुम्हारी यही एसीआर फाइनल होती पर तुमने आंख मूंद कर भरोसा किया, अब मैं इसे दुबारा लिखूंगा। तीसरा उदाहरण मेरे इंडियन आयल के विजिलेंस में डेपुटेशन का है, जहां मेरे बॉस विलक्षण व्यक्तित्व के सीबी सत्पथी एडीजी ईडी विजिलेंस के पद पर थे। मैं इंडियन आयल के उत्तरी रीजन का विजिलेंस हेड था और दिल्ली हरियाणा छोड़कर पूरे उत्तरी भारत का क्षेत्राधिकार रखता था। मेरा ऑफिस ग्रीन पार्क में जबकि सर स्कोप बिल्डिंग मैं बैठते थे। अचानक एक दिन स्टाफ ऑफिसर का मैसेज आया कि सर बुला रहे हैं, सामान्य तौर पर किसी फाइल पर विचार के लिए यदा-कदा बुलाहट होती थी सो मैंने पूछा कौन सा मामला है कोई फाइल तो नहीं लानी। बताया कि ऐसा कुछ नहीं कहा है बस आप आ जाओ। मैं पहुंचा तुरंत चैंबर में बुलाया गया। बैठते ही सर ने बिना किसी भूमिका के कहा तेरी एसीआर लिखनी है बता क्या लिखूं? मैं हतप्रभ क्योंकि अभी तक एसपीएस एसपी से पाला पड़ा था, पर यहां तो बहुत बड़ा गैप था। एडिशनल एसपी और एडीजी और वो भी सत्पथी सर जैसे। बस मुंह से इतना ही निकला कि सर आप जो भी लिख देंगे वह आपका आशीर्वाद ही होगा। सर ने कहा जा तुझे जल्दी ही आईपीएस मिलेगा। जिन लोगों को सत्पथी सर के विषय में नहीं पता वे जान लें कि सर साईं बाबा के अनन्य भक्त और साधक हैं और अनुयायियों में पूजे जाते हैं, उनके बाहर जाने पर दर्शन हेतु लाइन लगती है।

कुल मिलाकर उक्त तीनों प्रकरण सीनियर-जूनियर के बीच परस्पर भरोसा, विश्वास, निष्ठा और एक दूसरे के प्रति सम्मान की भावना के ज्वलंत उदाहरण हैं, जिसका दिनों दिन क्षरण होता जा रहा है। अब तो सुनने में यह भी आया है कि कुछ सीधी भर्ती के आईपीएस कप्तान अपने सीओ से बात भी नहीं करते जो गंभीर चिंता का विषय है।

## आपका पत्र

# पर्यावरण का नुकसान

भारत विकासशील देश की श्रेणी में आता है। यहां वर्ष प्रतिवर्ष विभिन्न स्कूलों में शिक्षा ग्रहण कर रहे बालक और बालिकाओं को नई कक्षा में प्रवेश करने पर नए सिरे से कॉपी-किताबें खरीदनी पड़ती है। कॉपियां खरीदना तो समझ में आता है, किंतु नई-नई किताबें हर वर्ष खरीदना समझ से बाहर है। तमाम प्राइवेट स्कूल अगली कक्षा में चल रही पिछली किताबों के दो या तीन चैप्टर बदल देते हैं, मजबूरन नई क्लास में आने वाले बच्चों को नई किताबें खरीदनी होती हैं। यदि ऐसा नहीं होता तो ऐसे विद्यार्थी अपने जूनियर अथवा सीनियर साथियों से किताबें खरीदकर अथवा उपहार में लेकर शिक्षा ग्रहण कर सकते हैं, लेकिन वर्ष प्रतिवर्ष नई पुस्तकों की आड़ में करोड़ों रुपये का कारोबार किताब विक्रेताओं को दिया जाता है।

नए सत्र में तमाम स्कूल निश्चित दुकान से कॉपी किताबें खरीदने के लिए दबाव बनाते रहे हैं। बार-बार नई किताबें खरीदने से करोड़ों रुपए का पर्यावरण का नुकसान होता है और दूसरी ओर करोड़ पेड़ों की कटाई होती है। फिर सरकार आम जनता में पर्यावरण की सुरक्षा के लिए पेड़ लगाओ, पर्यावरण बचाओ अभियान के तहत विद्यालयों में, पार्कों में, स्कूलों में अलग-अलग जगह पर वृक्ष लगवाने का कागजी अभियान भी जारी करती है। वहीं दूसरी ओर दुनिया का सबसे अमीर और विकसित एवं शक्तिशाली राष्ट्र अमेरिका में पुराने सत्र के समापन पर विद्यार्थियों से किताब लेकर स्कूलों द्वारा जमा कर ली जाती है और उसके बाद नए सत्र के नए विद्यार्थियों को वह किताबें पढ़ने के लिए दी जाती हैं। इससे जहां एक और अनावश्यक रूप से पर्यावरण के नुकसान को बचाया जाता है। उम्मीद है कि आने वाले नए सत्र में सरकार और प्रशासन मिलकर पर्यावरण संरक्षण के दृष्टिकोण से उचित कदम उठाने का प्रयास करेंगे।

- **डॉक्टर प्रमोद अग्रवाल गोल्डी,** 101 बड़ा बाजार, नैनीताल

## एक नजर

### ब्रजप्रांत सदस्य बने जागन सिंह सोलंकी



**अमांपुर, अमृत विचार :** भारतीय किसान संघ के ब्रज प्रांत सदस्य पद पर प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी को जिम्मेदारी सौंपी गई हैं। प्रधानाचार्य जागन सिंह सोलंकी ने भारतीय किसान संघ ब्रज प्रांत सदस्य पद पर मनोनयन होने पर संगठन के लिए जी जान से लगने का भरोसा दिया। जागन को प्रांतीय सदस्य बनाए जाने पर विधायक हरिओम वर्मा, ब्रज प्रांत संगठन मंत्री धर्मेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य रामजीलाल वर्मा, राकेश पाराशर, रामनरायन मित्तल, सत्यवीर सिंह, दरवेश फौजी, विजयप्रकाश गुप्ता, अवनीश सोलंकी, प्रधानाचार्य श्रीराम सोलंकी, रिकू अग्रवाल, संजय सोलंकी, रूद्रप्रताप सिंह, राजपाल सिंह, पुष्पेंद्र वर्मा, आकाश गुप्ता सर्राफ, श्रीकृष्ण गौतम, पुष्पेंद्र कुमार, लखमीचंद्र आदि ने उनके मनोनीत होने पर हर्ष व्यक्त किया हैं।

### दहेज की खातिर विवाहिता की हत्या की रिपोर्ट दर्ज

**एटा, अमृत विचार :** मारहरा थाना में गंगा सिंह पुत्र फौजदार सिंह निवासी नगला कमरिया थाना औंछा जिला मैनपुरी ने दीपक पुत्र सिलेटी सिंह निवासी ओरनी थाना मारहरा समेत 4 नामजद और 1 अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। गंगा सिंह ने बताया कि पुत्री वंदना की शादी दीपक के साथी की थी। शादी में हैसियत के अनुसार दानदहेज दिया था। बाद में ससुरालीजन बुलेट मोटर साईकिल की मांग करने लगे। इसके लिए पहले वंदना का उत्पीड़न किया गया। मांग पूरी न होने पर मिट्टी का तेल डालकर वंदना को जिंदा जला दिया। 4 अक्टूबर को उपचार के दौरान वंदना की मौत हो गई। पुलिस ने मामला दर्ज कर अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है।

# भूमि कर एवं 39 मदों पर शुल्क की नहीं बनी सहमति

## गंजडुंडवारा पालिका बोर्ड की बैठक में पालिकाध्यक्ष ने कस्बे के विकास को सभासदों से मांगा सहयोग

संवाददाता, गंजडुंडवारा

**अमृत विचार:** नगर पालिका बोर्ड की बैठक पालिका सभागार में बुधवार को हुई। बैठक में कस्बे में विकास को लेकर विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की गई। भवन भूमि कर 39 मदों पर लंबी चर्चा के बाद भी सहमति नहीं बनी। पालिका अध्यक्ष ने कस्बे के विकास के लिए सभासदों से सहयोग की अपील की। बैठक नायब तहसीलदार की मौजूदगी में हुई। बैठक में कुल 21 सभासद पहुंचे।

अधिशासी अधिकारी द्वारा बैठक में ऐजेंडे में शामिल विकास प्रस्तावों को रखा गया। लेखाकार श्रीकांत शर्मा ने बैठक की कार्यवाही पढ़कर सुनाई। इसके बाद आय-व्यय का ब्योरा प्रस्तुत किया। पालिकाध्यक्ष



गंजडुंडवारा नगर पालिका बोर्ड की बैठक में मौजूद सभासद एवं पालिकाध्यक्ष।

हाजी मुनब्बर हुसैन ने ऐजेंडे मे शामिल भवन व भूमि के वार्षिक कर,39 मदों पर शुल्क लगाए जाने हेतु सभासदों से राय ली गई। इसको लेकर कई घंटे तक मंथन चलता रहा लेकिन सहमति नहीं बन सकी। सभासद भुवनेश शाक्य द्वारा सफाई व्यवस्था पर प्रश्न चिह्न उठा इसमे सुधार की मांग की। अन्य सभासदों द्वारा संकरी गलियों में फागिंग कराने हेतु छोटी मशीन के क्रय किए जाने एवं स्प्रे मशीन की तादाद को बढ़ाए जाने की मांग की गई।

चैयरमैन हाजी मुनब्बर हुसैन ने सभासदों से अपील की कि कस्बे के विकास के लिए अपने सुझाव सदन में रखते रहें और विकास में सहभागी बनें । इस दौरान अधिशासी अधिकारी सुनील कुमार,लेखाकार श्री कांत शर्मा,केशियर गंगा प्रसाद शाक्य,लिपिक तसलीम अहमद सहित अन्य सभासद उपस्थित रहे।

### बैठक में रही शांति

विगत कई बोर्ड बैठकें सभासदों की आपसी रार के चलते एवं 11 सभासदों के बहिष्कार के चलते हंगामेदार रही थी। लेकिन विगत 14 अक्टूबर को अनशन शुरू होने से पहले सफल वार्ता के बाद सुलह हो जाने के चलते विगत बैठकों का बहिष्कार करने वाले सभासद आले इमरान,शहाना,मनोज कुमार,ललित वर्मा,रूमी बेगम सहित अन्य भी बैठक में पहुंचे।

### प्रतिनिधि के बैठने का हुआ विरोध

बैठक के दौरान कुछ सभासदों के पति उनके प्रतिनिधि के रूप मे बैठे दिखे जिसका विरोध सभासद रेखा गुप्ता के पति रामकुमार गुप्ता ने बैठक की कार्यवाही से पूर्व ही कर दिया और वीडियो बनाने लगे। उनका कहना था कि जब रार के दौरान अन्य बैठकों में इस बात का विरोध हुआ तो इसमें ऐसा नहीं होना चाहिए। इसके बाद महिला सभासदों को बैठक में बुलाया गया। उनके कुछ देर से पहुंचने के बाद ही बैठक की कार्यवाही प्रारम्भ हो सकी।

# अतिवृष्टि के बीच मनरेगा में हेरफेर का मामला उजागर

संवाददाता, एटा

- जिलाधिकारी ने डीडीओ को सौंपी जांच, आरोपियों को जारी होंगे नोटिस

**अमृत विचार:** हाल ही में हुई अतिवृष्टि के बावजूद मनरेगा में मजदूरों द्वारा काम किए जाने का दावा किया गया था, जांच में यह दावा बेनकाब हो गया। 11 और 12 सितंबर को किए गए हेरफेर की जानकारी मिलने पर जिलाधिकारी ने सीडीओ से जांच कराने का निर्देश दिया।


जांच में यह सामने आया कि केवल मनरेगा में मजदूरों की उपस्थिति दर्शाने के लिए फर्जी तरीके से काम का रिकार्ड बनाया गया था। इस प्रक्रिया में बीडीओ सहित अन्य कर्मचारी भी दोषी पाए गए हैं। डीएम ने इस मामले की गंभीरता को देखते हुए मुख्य विकास अधिकारी (सीडीओ) को दोषियों के खिलाफ कार्रवाई करने का जिम्मा सौंपा है। मुख्य विकास अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान कई खामियां उजागर हुई हैं, जिनमें फर्जी उपस्थिति और काम के ब्योरे में अनियमितताएं शामिल हैं। अब सीडीओ ने दोषियों के खिलाफ नोटिस तैयार कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इसके बाद संबंधित कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय कार्रवाई की जाएगी। यह मामला न केवल स्थानीय प्रशासन की कार्यशैली पर सवाल खड़ा करता है, बल्कि मनरेगा योजना की प्रभावशीलता और पारदर्शिता को भी चुनौती देता है। अधिकारियों का मानना है कि ऐसी घटनाओं से न केवल सरकारी योजनाओं की छवि धूमिल होती है, बल्कि जरूरतमंद लोगों को भी सही समय पर लाभ नहीं मिल पाता।

# दस्तावेजों में मृत दिखाकर दिव्यांग की पेंशन कर दी बंद

संवाददाता,कासगंज

**अमृत विचार:** सरकारी अभिलेखों में जिंदा व्यक्ति के मृतक दर्ज किए जाने के बाद उसे सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। स्वयं को जिंदा साबित करने के लिए दिव्यांग कई माह से अधिकारियों के यहां चक्कर लगा रहा है। चार माह बीत जाने के बाद भी नतीजा ढांक के तीन पात है।

बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे सहावर क्षेत्र के गांव गूंदरागंज निवासी दिव्यांग दिनेश का कहना है कि 19 जून 2024 को सरकारी अभिलेखों में उसे मृत दिखा दिया गया है। दिव्यांग पेंशन के अलावा अन्य सरकारी योजनाओं का लाभ नहीं मिल पा रहा है। उसका कहना है कि वह स्वयं साक्ष्यों से सहित अधिकारियों के यहां दस्तक दे रहा है। चक्कर लगा लगा कर थक गया है, लेकिन अभी तक उसकी समस्या का समाधान नहीं हुआ है।



जिंदा होने का प्रमाण दिखाता दिव्यांग दिनेश।

प्रत्यक्ष रूप से जीवित होने के बावजूद भी सरकारी अभिलेखों में मृत दर्ज है। उसने जिलाधिकारी मेधा रूपम से न्याय दिए जाने की मांग की है।

### कालाबाजारी करने वाली आंगनबाड़ी कार्यकत्री की सेवा समाप्त

**बदायूं,अमृत विचार :** ब्लॉक सलारपुर के ग्राम बल्लिया में बाल पोषाहार की कालाबाजारी करने के मामले में पकड़ी गई आंगनबाड़ी कार्यकत्री मुनव्वर सुल्ताना को जांच में दोषी पाए जाने पर बुधवार को सेवा समाप्त कर दी गयी।

मुनव्वर सुल्ताना ब्लॉक सलारपुर के ग्राम वनेई केंद्र पर आंगनबाड़ी थी। उन पर ग्राम बल्लिया केंद्र का भी अतिरिक्त कार्यभार था। पिछले दिनों मुनव्वर सुल्ताना 11 पैकेट दाल, एक पेटी रिफाइंड ऑयल, 192 किलो चावल की कालाबाजारी करने ले जा रही थी तभी ग्रामीणों ने पकड़ लिया। मामला संबंधित विभाग के पास पहुंचा। डीएम के आदेश पर उक्त कालाबाजारी प्रकरण की जांच कराई गई जिसमें उन पर लगाए गए आरोप सही पाए जाने पर जिलाधिकारी के अनुमोदन पर बाल विकास विभाग द्वारा मानदेय आधारित संविदा समाप्त कर दी गयी। आंगनबाड़ी की सेवा समाप्त करने के बाद सीडीपीओ ने भी इसकी पुष्टि कर दी है।

# सड़क किनारे खड़ं बालक को पिकअप ने रौंदा, मौत

कार्यालय संवाददाता, कासगंजः

**अमृत विचार:** शहर के छर्रा मार्ग स्थित एक क्लीनिक के बाहर सड़क किनारे खडे पांच वर्षीय बालक को तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने रौंद दिया। जिससे बालक की मौके पर ही मौत हो गई। मौत से परिजनों का रो रोकर बुरा हाल। सूचना पर पहुंची पुलिस ने चालक को हिरासत में लेकर वाहन को कब्जे में ले लिया।

सदर कोतवाली क्षेत्र के नगला लोधी निवासी पुष्पेंद्र शहर के बिलराम गेट स्थित एक क्लीनिक पर चिकित्सक के यहां आए हुए थे। उनके साथ बेटा प्रवीन(5) भी था। पुष्पेंद्र क्लीनिक के अंदर थे, तभी उनका बालक क्लीनिक के बाहर निकल आया। इसी दौरान मार्ग से गुजर रही तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने बालक को रौंद दिया। गंभीर चौट आ जाने से बालक की मौत हो गई। मौके पर मौजूद लोगों ने चालक और वाहन को पुलिस के सुपुर्द किया है। कोतवाली पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। घटना के संबंध में वाहन चालक के विरुद्ध एफआईआर कराई गई है। इंस्पेक्टर लोकेश भाटी का कहना है कि वाहन को कब्जे में लेकर चालक को हिरासत में ले लिया गया है। शव पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज किया है। चालक के विरुद्ध विधिक कार्रवाई की जा रही है।



विलाप करतीं मृतक के परिवार की महिलाएं। ● अमृत विचार

- चालक को हिरासत में लेकर पुलिस ने वाहन कब्जे में लिया
- पिता के साथ आया था डॉक्टर को दिखाने, परिजनों का बुरा हाल

### ई रिक्शा पलटा, तीन घायल

**कासगंज, अमृत विचार :** बुधवार को रेलवे स्टेशन से यात्रियों को लेकर सरकुलर रोड स्थित रोड़वेज बस स्टैंड जा रहा ई रिक्शा लक्ष्मी गंज में अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे ई रिक्शा चालक राजू निवासी मोहल्ला नबाब, मोहल्ला जयजयराम निवासी मुहम्मद उवैश और शाकिर घायल हुए हैं। घायलों को उपचार के लिए निजी चिकित्सक के यहां भर्ती कराया गया है। मामले में कोई विधिक कार्रवाई नहीं हुई है।

# रोडवेज बस चालक की गोली मारकर हत्या

संवाददाता, एटा

- एक आरोपी की पत्नी से मृतक के बेटे ने कर ली थी कोर्ट मैरिज
- आरोपी ने अपने भाई के साथ मिलकर की हत्या, क्षेत्र में दहशत

**अमृत विचार:** थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के अंतर्गत रेवाड़ी मोहल्ला में मंगलवार की देर रात 10 बजे एटा रोडवेज डिपो में अनुबंधित बस चालक की गोली मारकर हत्या कर दी गई। हमलावर मौके से फरार हो गए। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने मौके का निरीक्षण किया। पत्नी ने दो लोगों के खिलाफ रंजिशन हत्या करने की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

कोतवाली नगर के मोहल्ला न्यू रेवाड़ी निवासी राधा देवी ने पुलिस को दी तहरीर में कहा कि उसके पति बबलू उर्फ रामकिशोर (45) रोडवेज में अनुबंधित बस चलाते थे। मंगलवार की रात 10 बजे गाड़ी खड़ी करके घर आ रहे थे, मोहल्ला से करीब 60 मीटर पहले वीरपाल की चक्की के पास उसे पति आते हुए मिले। हम दोनों पति-पत्नी वहां खड़े होकर आपस में बातचीत करने लगे। इसी दौरान रंजीत और तेजा ने तमंचा से गोली मारकर रामकिशोर की हत्या कर दी और फरार हो गए। अवागढ़ थाना क्षेत्र के गांव नावली निवासी रंजीत और तेजा पुत्रगण ओमप्रकाश ने नाजायज तमंचा से पति रामकिशोर की गोली मारकर हत्या की है। आरोपी वर्तमान में न्यू रेवाड़ी मोहल्ला की रहने वाली गीता चौहान के मकान में रहते हैं। घटना की पृष्ठभूमि में राधा देवी ने बताया कि बेटा शिवम ने रंजीत की पत्नी प्रिया से 4 महीने पहले कोर्ट मैरिज कर ली। इसी बात से रंजिश मानते हुए रंजीत ने अपने भाई तेजा के साथ मिलकर मेरे पति की गोली मारकर हत्या की है। इस घटना को पीड़िता के अलावा वहां मौजूद लोगों ने देखा है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्याम नारायण सिंह ने बताया कि मृतक का नाम बबलू कश्यप (45) है वह एटा डिपो में एक अनुबंधित बस पर चालक के रूप में तैनात था। मंगलवार की देर रात बस खड़ी करने के बाद अपने घर जा रहा था। घर से लगभग 60 मीटर पूर्व वीरपाल की चक्की के समीप पहुंचते ही अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर उसकी हत्या कर दी। सूचना मिलने पर स्वयं घटनास्थल और मेडिकल कॉलेज दोनों जगह निरीक्षण किया। मृतक के शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। दो गोली लगना बताई गई हैं। बाकी स्थित पोस्टमार्टम होने के बाद ही स्पष्ट हो सकेगी। मृतक की पत्नी की तहरीर पर दो भाईयों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। घटना के हर पहलू की बारीकी से जांच की जा रही है और आरोपियों की तलाश की जा रही है।



गोली मारकर रोडवेज चालक की हत्या के बाद जांच पड़ताल करते हुए एसएसपी श्यामनारायण सिंह और एएसपी राज कुमार सिंह। ● अमृत विचार

### मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन का इंतजार

**एटा, अमृत विचार:** मेडिकल कॉलेज में सीटी स्कैन की मशीनें स्थापित हो चुकी हैं। इसके बावजूद मरीजों को सुविधा नहीं मिल पा रही है। मरीजों को गंभीर समस्याओं के दौरान परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

मरीजों को सीटी स्कैन कराने के लिए आगरा, अलीगढ़ और सैफई जैसी दूर-दराज की जगहों पर भागदौड़ करनी पड़ रही है। यह स्थिति तब और गंभीर हो जाती है जब इमरजेंसी में आने वाले मरीजों को चिकित्सकों द्वारा संसाधनों के अभाव में रेफर करने के लिए मजबूर होना पड़ता है। स्थानीय लोगों का कहना है कि वे लंबे समय से सीटी स्कैन की सुविधा की मांग कर रहे हैं। प्रशासन की तरफ से अभी तक समस्या का समाधान नहीं किया गया है, मरीजों और उनके परिजनों ने प्रशासन से मांग की है कि सीटी स्कैन की सुविधा को जल्द से जल्द शुरू किया जाए ताकि उन्हें अधिक परेशानी का सामना न करना पड़े। मेडिकल कॉलेज के अधिकारियों का कहना है कि सुविधा में तकनीकी कारणों से देरी हो रही है।

# छात्राओं से छेड़छाड़ करता है शिक्षक, पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, कासगंज

**अमृत विचार:** एक प्राइवेट शिक्षक सरकारी स्कूल की छात्राओं से छेड़छाड़ करता है। मामला खुला तो हंगामा हो गया। छात्राओं के पीछे स्कूल पहुंचे शिक्षक को पकड़ लिया गया। जानकारी पर पुलिस पहुंच गई तो आरोपी को पुलिस के हवाले कर दिया गया । खंड शिक्षा अधिकारी ने मामले में तहरीर दी है।

क्षेत्र के एक परिषदीय स्कूल की जूनियर कक्षाओं की छात्राएं समीप के ही गांव के एक प्राइवेट शिक्षक के पास ट्यूशन पढ़ने जाती थीं। शिक्षक आए दिन छात्राओं से छेड़खानी करता था। छात्राओं के चुप रहने पर उसका हौसला इतना बढ़ गया कि वह बुधवार को छात्राओं के पीछे स्कूल पहुंच गया।

इससे घबराई छात्राओं ने शिकायत विद्यालय की प्रधानाध्यापिका से की। इस पर विद्यालय के स्टाफ ने शिक्षक को पकड़ लिया। जानकारी मिलने पर ग्रामीण भी एकत्र हो गए। इस बात की जानकारी राज्य महिला आयोग की सदस्य रेनू गौड़ को हुई तो वे भी विद्यालय पहुंच गईं।

प्रधानाध्यापिका ने मामले की सूचना खंड शिक्षा अधिकारी कासगंज व आवास विकास चौकी पुलिस को दी। खंड शिक्षा अधिकारी व पुलिस स्कूल पहुंच गई। शिक्षक को पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। छात्राओं के परिजन भी विद्यालय आ गए।



स्कूल में छेड़छाड़ की जानकारी के बाद मौजूद पुलिस और बड़ी संख्या में ग्रामीण।

- सरकारी स्कूल तक छात्राओं के पीछे पहुंच जाता है शिक्षक
- सूचना पर पहुंचे अफसर, पुलिस के सुपुर्द किया आरोपी

> एक प्राइवेट अध्यापक छात्राओं के साथ छेड़छाड़ करता है। उसे पकड़कर पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया है। मेरी ओर से पुलिस को तहरीर दे दी गई है। उसके विरुद्ध सख्त कार्रवाई की प्रक्रिया आगे बढ़ाना पुलिस का कार्य है।
> **-सुरेंद्र कुमार**, खंड शिक्षा अधिकारी

> पूरे दिन न्यायालय में रहने के कारण अधिक जानकारी नहीं हो सकी थी। शाम को ही पूरी जानकारी मिली है। मामले की जांच की जा रही है। बालिका सुरक्षा को लेकर गंभीरता के साथ कार्रवाई की जाएगी। **-लोकेश भाटी**,इंस्पेक्टर

### खाद की कालाबाजारी के खिलाफ किसानों ने किया प्रदर्शन

**एटा, अमृत विचार :** अखिल भारतीय किसान यूनियन के बैनर तले किसानों, नौजवानों और महिलाओं ने सदर तहसील में खाद की कालाबाजारी के खिलाफ प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने सहकारी समितियों पर पर्याप्त मात्रा में खाद उपलब्ध कराने की मांग की। प्रदर्शनकारियों ने आरोप लगाया कि वसुंधरा सहकारी समिति पर कुछ प्रभावशाली लोगों ने रात्रि के अंधेरे में खाद की कालाबाजारी की, जिसका खुलासा क्षेत्र के जागरूक किसानों ने किया था। बावजूद इसके, आज तक दोषियों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की गई है। उन्होंने मांग की कि दोषियों को चिन्हित कर तुरंत कठोर कार्रवाई की जाए। प्राइवेट सेक्टर के व्यापारी किसानों के साथ जमकर लूट कर रहे हैं। डीएपी खाद की एक बोरी 1800 रुपये में प्राइवेट सेक्टर में ब्लैक में बेची जा रही है। जांच के नाम पर केवल कुछ छोटे दुकानदारों पर कार्रवाई कर खानापूर्ति की जा रही है, जबकि असली अपराधी थोक व्यापारी और खाद कंपनी के कर्मचारी हैं। किसानों का कहना है कि व्यापारी, अधिकारी और कर्मचारियों की मिलीभगत से उनकी खुलेआम लूट हो रही है। किसान नेताओं ने यह भी तय किया कि 11 नवंबर को एटा जिला मुख्यालय समेत सभी जिलों में प्रदर्शन किया जाएगा। किसानों ने जिलाधिकारी के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा। इस दौरान अखिल संघर्षी, सुरेंद्र शास्त्री, राजेश शीतलपुर, रघुवीर सिंह, डा. राजपाल सिंह वर्मा, प्रदीप अहीर, बबलू नागर आदि उपस्थित रहे।



डीएपी खाद की कालाबाजारी के विरोध में ज्ञापन देते हुए किसान। ● अमृत विचार

# जर्जर मकान चार श्रमिकों पर गिरा, एक की मौत



मकान के मलबे से घायलों को निकालकर ले जाते लोग, घटनास्थल पर लोगों की भीड़।



अस्पताल में भर्ती श्रमिक का हालचाल पूछते एसएसपी, एएसपी। ● अमृत विचार

संवाददाता, एटा

- तीन मजदूरों को अस्पताल में कराया भर्ती, हालत गंभीर

**अमृत विचार:** जर्जर मकान गिराते समय चार श्रमिक मलबे में दब गए। आस-पास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे और बचाव कार्य में जुट गए। मलबे में दबे लोग बचाने की गुहार लगा रहे थे। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। जेसीबी से मलबा हटाकर चारों मजदूरों को बमुश्किल बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल मजदूरों को अस्पताल पहुंचाया गया, जहां एक श्रमिक की मौत हो गई।

हादसा कोतवाली नगर क्षेत्र में शिकोहाबाद रोड स्थित कटरा मोहल्ला निवासी अशोक सक्सेना अपने जर्जर मकान को गिरवा रहे थे। बुधवार सुबह 7 बजे मजदूर रंजीत पुत्र ओमप्रकाश, भास्कर पुत्र अशोक निवासी मोहल्ला कटरा, मोनू पुत्र ब्रह्मानंद और सोनू पुत्र फुलवारी निवासी हिम्मत नगर मकान गिराने का काम कर रहे थे।

इसी दौरान मकान का एक हिस्सा लेंटर समेत उनके ऊपर गिर गया। जिससे चारों मजदूर मलबे में दब गए। आसपास के लोग दौड़कर मौके पर पहुंचे ओर बचाव कार्य में जुट गए। मलबे में दबे मजदूर जान बचाने की गुहार लगा रहे थे। लोगों ने पुलिस को सूचना दी। सूचना पर पुलिस और प्रशासन की टीम मौके पर पहुंची और रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया। मलबे से एक-एक कर चारों मजदूरों को निकालकर अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने रंजीत को मृत घोषित कर दिया।

गंभीर रूप से घायल भास्कर, मोनू और सोनू को भर्ती किया गया है। प्रशासन का कहना है कि मकान के ध्वस्तीकरण की अनुमति नहीं ली गई थी।

# आरोपी मुनाजिर रफी की जमानत अर्जी खारिज

**मोहिनी हत्याकांड**

**कासगंज, अमृत विचार:** मोहिनी हत्याकांड के मामले में अब एक और आरोपी अधिवक्ता की जमानत अर्जी खारिज हो गई।

तीन सितंबर को अधिवक्ता मोहिनी तोमर न्यायालय के मुख्य द्वार से लापता हो गई थी। चार सितंबर को उनका शव गोरहा नहर में मिला।अधिवक्ता के पति की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर पांच अधिवक्ता और एक विधि छात्र के विरुद्ध एफआईआर दर्ज की गई। इनमें अधिवक्ता मुस्तफा कामिल, मुनाजिर रफी, केशव मिश्रा, असद मुस्तफा, हैदर मुस्तफा और सलमान शामिल हैं। इनमें केशव मिश्रा ने पिछले ही दिनों अपनी जमानत के लिए प्रार्थना पत्र दाखिल किया जिसे अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश प्रथम न्यायालय से जमानत अर्जी खारिज हो गई। बुधवार को आरोपी अधिवक्ता मुनाजिर रफी के जमानत प्रार्थना पत्र को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने निरस्त कर दिया।

### फिर भेजा गया रिमाइंडर

मोहनी हत्याकांड में डीएनए जांच रिपोर्ट अधर में लटकी हुई है, जिसके कारण मृत अधिवक्ता का मृत्यु प्रमाण पत्र भी नहीं बन पा रहा है। कई बार महिला के पति ने अधिकारियों से शिकायत की। तेलंगाना से रिपोर्ट मंगाने के लिए फिर से रिमाइंडर भेजा गया है।

> न्यायालय में प्रार्थना पत्र दाखिल किया गया । आरोपी अधिवक्ता की ओर से दाखिल प्रार्थना पत्र पर सुनवाई हुई और जमानत की अर्जी जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय से निरस्त कर दी गई है।
> **-संजीव यदुवंशी**, जिला शासकीय अधिवक्ता अपराध

> आरोपी अधिवक्ता मुनाजिर रफी की जमानत अर्जी पर सुनवाई हुई। मैं विवेचना कर रहा हूं। मुझे भी बुलाया गया। जमानत अर्जी न्यायालय की ओर से निरस्त कर दी गई है।
> **-लोकेश भाटी**, कोतवाली प्रभारी

# ई-स्कूटी की लिमिट से अधिक स्पीड पर एक लाख का जुर्माना

## परिवहन विभाग ने चेकिंग के दौरान ई-स्कूटी में पकड़ी गड़बड़ी

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** ई-स्कूटी की स्पीड लिमिट से अधिक होने पर परिवहन विभाग ने कंपनी के खिलाफ एक लाख रुपये का जुर्माना डाला है। परिवहन विभाग की टीम ने नकटिया रोड पर चेकिंग के दौरान ई-स्कूटी को रोकने पर खेल पकड़ा तो पता चला कि मानक के विपरीत स्कूटी को बनाकर बेचा गया था। जिले में इस तरह की कार्रवाई से ई-स्कूटी बेचने वालों में खलबली मच गई है।

मोटर वाहन अधिनियम के अनुसार बैट्री चलित ई-स्कूटी की अधिकतम स्पीड 25 किमी प्रति घंटे से कम होनी चाहिए। वहीं उसमें लगी मोटर की क्षमता 250 वाट से कम और वजन 60 किलोग्राम से कम होना चाहिए। मंगलवार को नकटिया रोड पर पीटीओ रमेश प्रजापति टीम के साथ चेकिंग कर रहे थे। चेकिंग के दौरान एक ई-स्कूटी 40 किमी से अधिक स्पीड पर चलती मिली। ई-स्कूटी की जांच में प्रथम दृष्टया निर्माता स्तर पर मानक त्रुटि होना पाया गया। उसके बाद वाहन बनाने वाली कंपनी मंत्र ई बाइक्स, आदमपुर हिसार के खिलाफ एक लाख रुपये के चालान की कार्रवाई की गई। जांच में पाया कि ई-स्कूटी की बिक्री उड़लाजागीर स्थित राजा इंटरप्राइजेज ने की थी। आरटीओ प्रवर्तन दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि ई-स्कूटी न साइकिल और न बाइक का विकल्प है। इसके लिए निर्धारित स्पीड मानक का निर्माण स्तर पर उल्लंघन चलाने वाले के लिए घातक हो सकता है।

- **25 किलोमीटर प्रतिघंटे की अधिक थी स्पीड, जिले में ऐसी पहली कार्रवाई से मची खलबली**

### ड्राइविंग ट्रेनिंग देने वाले वाहन का 42,550 का चालान

डीडीपुरम रोड पर बुधवार को चेकिंग के दौरान एक ड्राइविंग ट्रेनिंग देने वाले वाहन को रोका गया। जिसमें पाया गया कि ड्राइविंग ट्रेनिंग वाहन का दिसंबर 2023 से फिटनेस, 2022 से बीमा, 2023 से परमिट समाप्त है। इसके बाद भी कृष्णा ड्राइविंग ट्रेनिंग स्कूल के नाम से लोगों को ड्राइविंग ट्रेनिंग देने का काम किया जा रहा था। इस पर गाड़ी को सीज करके 42,550 का चालान किया गया।

# पत्नी को जहरीला पदार्थ दे हत्या के दोषी पति को उम्रकैद

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** छह वर्ष पूर्व पत्नी को जहरीला पदार्थ देकर हत्या करने के आरोपी थाना बिशारतगंज के ग्राम निसोई निवासी अभिषेक उर्फ सनी को अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेन्द्र त्रिपाठी ने आजीवन कारावास की सजा सुनाई और 60 हजार रुपये जुर्मानालगाया। सास विनोद कुमारी और दो ननद रूबी व सोनी को बरी कर दिया।

सरकारी वकील सुनील कुमार पांडेय के अनुसार बदायूं के निभैरा सरवरपुर निवासी विवेक कुमार सिंह ने बरेली के थाना बिशारतगंज में तहरीर देकर बताया कि उन्होंने बहन आरती की शादी करीब 2 वर्ष पूर्व अभिषेक उर्फ सनी के साथ की थी। बताया कि बहन को उसके ससुराल वाले दहेज के लिए प्रताड़ित करते थे। 11 सितम्बर 2018 को शाम सूचना मिली कि आरती की मृत्यु हो गई है। उन्होंने बहन के पति, सास, ननद व ननदोई पर दहेज हत्या का आरोप लगाया था। अदालत ने परीक्षण में अभिषेक को दहेज हत्या के आरोप से मुक्त करते हुए जहर देकर हत्या का आरोपी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई । शासकीय अधिवक्ता ने 10 गवाह पेश किए थे।

अपर सत्र न्यायाधीश ज्ञानेंद्र त्रिपाठी ने कहा कि पति की जिम्मेदारी पत्नी के प्रति अत्यंत महत्वपूर्ण है। पति का पत्नी को भी परिवार के अन्य सदस्यों की तरह संरक्षण, सुरक्षा देने का दायित्व है, इस मामले में अभियुक्त पत्नी के प्रति अपने दायित्व का निर्वाहन नहीं कर सका है। इसलिए सजा का हकदार है।

# मेडिकल कालेज में खेलते रहे डॉक्टर, बच्ची ने तोड़ दिया दम

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** राजकीय मेडिकल कालेज में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिताओं के चलते स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। बुधवार को एक ग्रामीण अपनी पुत्री के इलाज को इधर-उधर भटकता रहा। डॉक्टर नहीं मिले तो बच्ची की हालत बिगड़ गयी और कुछ ही देर में उसकी मौत हो गयी।

राजकीय मेडिकल कालेज में तीन दिन से खेल कूद प्रतियोगिताएं चल रही हैं। मरीजों को देखने वाला कोई नहीं है। वे दवा के लिए इधर-उधर भटक रहे हैं। बुधवार को ब्लॉक जगत के ग्राम थल्लिया नगला निवासी नाजिम सात वर्षीय बीमार पुत्री सोफिया को लेकर राजकीय मेडिकल कालेज पहुंचा। नाजिम पर्चा बनवाने के बाद ओपीडी में गया जहां डॉक्टर नहीं मिले। नाजिम काफी देर तक पुत्री को लेकर इधर-उधर दौड़ता रहा। उसे डाक्टर मिले न ही किसी स्टाफ ने देखा। सोफिया की हालत बिगड़ गयी और कुछ ही देर में मौत हो गयी। सोफिया की मौत के बाद मेडिकल कालेज में खलबली मच गयी। कुछ डाक्टर पहुंचे तो लोगों ने उन्हें दौड़ा दिया। हंगामा होने के बाद खेल बंद कर दिए गए। बाद में रोता-बिलखता नाजिम औ उसकी पत्नी पुत्री का शव लेकर घर चला गया।

- **राजकीय मेडिकल कालेज में तीन दिन से बदहाल हैं स्वास्थ्य सेवाएं**

> राजकीय मेडिकल कालेज में खेल प्रतियोगिताएं हो रही हैं। आज किसी बच्ची की मौत की बात सामने आयी है लेकिन पीड़ित से बात नहीं हुई। डाक्टर मरीजों को देख रहे हैं। बच्ची की मौत का क्या कारण रहा इसकी जांच कराई जाएगी।
> -डा. मुक्त्याज हुसैन, प्रभारी प्राचार्य

# साइबर ठगों ने खाते से उड़ाए 15 हजार रुपये

**बरेली, अमृत विचार :** संजयनगर निवासी राहुल पटेल के खाते से साइबर ठगों ने 15099 रुपये निकाल लिए। राहुल की शिकायत पर साइबर सेल ने 10 हजार रुपये होल्ड करा दिए।

थाना बारादरी पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है। राहुल ने बताया कि उनका खाता एचडीएफसी बैंक की प्रियदर्शनी नगर शाखा में है। 1 अगस्त को दो यूपीआई आइडी से उनके नंबर पर ओटीपी आए। उन्होंने न तो किसी को ओटीपी बताए और न ही लिंक पर क्लिक किया, इसके बावजूद दो बार में उनके खाते से 15099 रुपये कट गए।

# राइस मिल के लाइसेंस निलंबित करने पर हंगामा

बरेली कार्यालय

**अमृत विचार:** विकास भवन के सभागार में बुधवार शाम जिला उद्योग बंधु की बैठक में सुप्रीम एग्रो राइस इंडस्ट्रीज रिछा में छापा मारकर चंद घंटे में तीनों लाइसेंस निलंबित करने का मुद्दा छाया रहा। राइस मिल मालिक आरिफ ने कृषि उत्पादन मंडी के अफसरों पर उत्पीड़न करने का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। यह कार्रवाई जिलाधिकारी और मंडलायुक्त से अनुमति बिना लिए गई थी जबकि इंडस्ट्री का निरीक्षण करने से पहले दोनों अधिकारियों की अनुमति जरूरी होती है।

बैठक की अध्यक्षता कर रहे मुख्य विकास अधिकारी जग प्रवेश ने उपायुक्त उद्योग को प्रकरण की जांच करने के लिए कमेटी गठित करने के निर्देश दिए और जांच रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई करने का आश्वासन दिया। हालांकि राइस मिल का लाइसेंस मंडी सचिव नरेंद्र कुमार गंगवार और सभापति/एसडीएम बहेड़ी रत्निका श्रीवास्तव के हस्ताक्षर से निलंबित किया गया है।बैठक में उपायुक्त उद्योग ने बताया कि डेरी क्राफ्ट इंडिया लिमिटेड को मेगा फूड पार्क में भूखंड आवंटित है। भूखंड से नदी तक दूरी 30 मीटर है, जो अत्यंत चिंताजनक है। सहायक अभियंता बाढ़ खंड ने बताया कि प्लाट ए-2 के पास कटान रोकने के लिए कटाव निरोधक कार्य शुरू करा दिया है। जिसमें 12 नग ईसी बैग कटर का निर्माण कराया जा रहा है। क्षेत्रीय प्रबंधक यूपीसीडा के प्रतिनिधि ने बताया कि बांध बनाने के लिए उत्तराखंड में पड़ रही भूमि के संबंध में मुड़िया मुकर्रमपुर के संक्रमणीय भूमिधर किसानों से सहमति के बाद (दो किसानों को छोड़कर) ग्राम सतसुईया, तहसील किच्छा के किसानों से सहमति पत्र पर हस्ताक्षर की कार्रवाई की जा रही है। बैठक में उद्यमी राजेश गुप्ता, अभिनव अग्रवाल, मयूर धीरवानी, तनुज भसीन, पवन अरोड़ा समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

- **जिला उद्योग बंधु समिति की बैठक में उद्यमियों ने की शिकायत**
- **डीएम और मंडलायुक्त से अनुमति लिए बिना ही छापा मारने का आरोप**

## सार-संक्षेप

### बहराइच में राहत सामग्री नहीं ले जाने देने का आरोप

**बरेली, अमृत विचार :** दरगाह आला हजरत के संगठन जमात रजा मुस्तफा ने बहराइच में राहत सामग्री नहीं ले जाने देने का आरोप लगाया है। इस संबंध में संगठन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सलमान मियां ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को पत्र लिखा है।पत्र में सलमान मियां ने कहा है कि बहराइच हिंसा में मानवीय हानि हुई है। बीमार लोगों को उपचार नहीं मिल पा रहा है। खाने की कमी के कारण लोग बीमार हो रहे हैं। चारा नहीं मिलने से पशु भूखे मर रहे हैं। स्थानीय लोगों के कारोबार बंद पड़े हैं। हर तबके का इंसान परेशान है। ऐसे में जो संस्थाएं राहत सामग्री लेकर बहराइच पहुंच रही हैं, उन्हें पुलिस अंदर नहीं जाने दे रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री से मांग करते हुए कहा कि हिंसा में जिन लोगों के घर जलाए गए हैं उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मकान दिया जाए। इसके अलावा जिलाधिकारी को निर्देशित किया जाए कि जो लोग राहत सामग्री लेकर पहुंच रहे हैं, उन्हें वहां जाने की अनुमति दी जाए।

### त्योहारों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की जाए: आईजी

**बरेली, अमृत विचार :** आगामी त्योहारों पर सुरक्षा और कानून व्यवस्था के संबंध में आईजी डॉ. राकेश सिंह ने रेंज के सभी जिलों के एसएसपी और एसपी के साथ कार्यालय में बुधवार को बैठक की। बैठक में उन्होंने त्योहारों पर पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था करने के निर्देश दिए। उन्होंने गोकशी की घटनाओं पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए।उन्होंने मुख्यमंत्री की समीक्षा बैठक के निर्धारित 13 बिंदुओं की समीक्षा की। उन्होंने आपराधिक मामलों में माफिया के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए लंबित विवेचनाओं के निस्तारण समेत हत्या लूट, डकैती, दुष्कर्म, दहेज हत्या, पॉक्सो एक्ट, अपहरण, गोकशी, धर्मांतरण और सांप्रदायिक मामलों में सख्त कार्रवाई करने को कहा। इसके अलावा ऑपरेशन कन्विक्शन, ऑपरेशन क्लीन, ऑपरेशन त्रिनेत्र, मिशन शक्ति अभियान को प्रभारी तरीके से चलाने के निर्देश दिए। इस मौके पर एसएसपी अनुराग आर्य समेत अन्य जिलों के पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।

### किशोरी का अपहरण कर दुष्कर्म के दोषी को 20 वर्ष की कैद

**रामपुर,अमृत विचार :** किशोरी का अपहरण करके उसके साथ दुष्कर्म करने के मामले में कोर्ट ने दोषी को 20 वर्ष की कैद की सजा सुनाई है। साथ ही 1 लाख 10 हजार का जुर्माना लगाया है। स्वार थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी ग्रामीण की बेटी को 13 दिसंबर 2022 को गांव घोसीपुरा निवासी मुतीउर्ररहमान बहला फुसलाकर ले गया था। इस मामले में 14 दिसंबर 2022 को मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने किशोरी को बरामद कर लिया था। किशोरी के बयानों के आधार पर दुष्कर्म की धारा बढ़ाई गई थी। पुलिस ने कोर्ट में चार्जशीट दाखिल कर दी थी। इस मामले की सुनवाई एडीजे-8 की कोर्ट में चल रही थी। विशेष लोक अभियोजक सुमित शर्मा ने बताया कि दोषी मुतीउर्ररहमान को 20 वर्ष की सजा सुनाई गई है। उस पर 1.10 लाख का जुर्माना लगाया है।

### परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप, पोस्टमार्टम में हादसे में मौत की पुष्टि

**बदायूं, अमृत विचार :** थाना मुजरिया क्षेत्र के गांव जाहिदपुर घंसुलिया निवासी बुजुर्ग की मौत हो गई थी। परिजनों ने गांव निवासी युवक पर हत्या का आरोप लगाया था। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया जिसमें सड़क हादसे से मौत होने की पुष्टि हुई है।गांव निवासी साहब सिंह (55) की सोमवार को मौत हो गई थी। मृतक के बेटे नरोत्तम ने पुलिस को बताया कि गांव निवासी हरवीर सिंह से उनकी रंजिश चल रही है। सोमवार सुबह वह उनके घर आया और पिता को शराब पिलाई। इसके बाद बाइक पर बैठाकर गांव राजपुर बरौलिया की ओर ले गया। आरोप लगाया कि हरवीर ने उनके पिता के साथ मारपीट की जिसकी वजह से वह बेसुध हो गए थे। इसके बाद उन्हें मरणासन्न हालत में घर पर फेंककर भाग गया। कुछ देर के बाद पिता की मौत हो गई थी। थाना मुजरिया के प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि पोस्टमार्टम में सड़क हादसे में मौत की पुष्टि हुई। बहरहाल अभी तहरीर नहीं मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

### नालियों में भरा गंदा पानी, बढ़ रहे मच्छर

**बदायूं, अमृत विचार :** स्वास्थ्य विभाग जिले भर में संचारी रोग नियंत्रण अभियान के साथ ही स्वच्छता अभियान भी चला रहा है। हर गांव शहर तक अभियान चलाए जाने का ढिंढोरा पीटा जा रहा है। लेकिन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय परिसर में नाली में गंदा पानी भरा हुआ है जिसमें लार्वा पल रहा है। यह लार्वा स्वास्थ्य विभाग को बीमार कर रहा है साथ ही यहां आने वाले लोगों को भी खतरे में डाल रहा है।

# चाइनीज मांझे से दो साल की बच्ची का गाल और गर्दन कटी

रामपुर कार्यालय

**अमृत विचार:** चाइनीज मांझे से 2 साल की बच्ची का गाल और गर्दन कट गई। बच्ची को बचाने के प्रयास में उसकी मां की उगंली भी कट गई। विरोध करने पर पतंगबाजों ने दंपति व महिला के भाई को मारापीटा। इस मामले में महिला की तहरीर पर पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

सिविल लाइन थाना क्षेत्र की नवाज कॉलोनी निवासी गुलरेज, पत्नी तरन्नुम और दो साल की बेटी आरूफा गुलरेज के साथ बुधवार दोपहर 3:30 बजे बाइक से गेट से बरेली गेट की ओर जा रहे थे। नैनीताल रोड पर एक बाइक एजेंसी के सामने चाइनीज मांझे से आरूफा का गाल और गर्दन कट गई। उसे हटाने के प्रयास में तरन्नुम के हाथ की उगंली भी कट गई। दंपती पतंग उड़ाने वाले को तलाशते हुए मस्जिद जहीरुद्दीन के पास पहुंचे तो पतंग उड़ाने वाले शाहनवाज को मांझा एकत्र करते देखा लिया। शिकायत की तो शाहनवाज, जमीर, रिजवान, यामीन ने दंपती और महिला के भाई को पीटा। घायल बच्ची को जिला अस्पताल में भर्ती कराया। पुलिस ने 4 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज की है।

- **बचाने के प्रयास में मां भी घायल, विरोध करने पर पतंगबाजों ने दंपती व महिला के भाई को पीटा**



घायल बच्ची।

# एलआइयू बन प्रेमी युगल से ठगी का आरोपी युवक चंदौसी में पकड़ा

कार्यालय संवाददाता, बदायूं

**अमृत विचार :** तकरीबन पांच महीने पहले एक होटल में प्रेमी युगल पकड़ने का मामला सामने आया था जिसका वीडियो भी वायरल हुआ था। युवती के ममेरे भाई और अन्य ने युवक से पांच लाख रुपये झटक लिए थे। दोबारा रुपये मांगे तो रिपोर्ट दर्ज कराई गई । आरोपी चंदौसी में एलआइयू कर्मी बनकर वसूली करने के मामले में पकड़ा गया है।

अगस्त 2024 में एक युवक ने बिसौली पुलिस को तहरीर देकर बताया था कि वह और एक युवती होटल में थे। युवती पक्ष के लोग पहुंचे और वीडियो बनाया। युवक के अनुसार उसका और युवती का परिवार व्यापार में साझेदार है। आरोपी पक्ष पूरे व्यापार पर कब्जा जमाना चाहता है। उन्होंने वीडियो दिखाकर पांच लाख रुपये भी ठग लिए। युवती के परिजनों ने उन दोनों की गोद भराई की रस्म अदा कराकर फोटो खींच लिए। बाद में दुष्कर्म और दहेज उत्पीड़न में रिपोर्ट दर्ज करा दी। 10 अगस्त को युवक पक्ष ने भी तहरीर दी जिस पर पुलिस ने युवती पक्ष के लोगों पर ठगी, षड्यंत्र करने, धमकाने, आइटी एक्ट के अंतर्गत रिपोर्ट दर्ज कीथी। युवक पक्ष ने पुलिस अधिकारियों को बताया कि होटल में वीडियो बनाने वाले मामले में युवती के ममेरे भाई ने षड्यंत्र रचा था। अब वह चंदौसी में ठगी और वसूली के मामले में पकड़ा गया है। जो एलआइयू कर्मी बनकर प्रेमी युगल से ठगी कर रहा था। पहले से दर्ज मामले कोर्ट में विचाराधीन हैं। कोर्ट के आदेश पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

- **फुफेरी बहन के साथ होटल में पकड़े जाने पर ममेरे भाई ने की थी पांच लाख की ठगी**

**कार्यालय ग्राम पंचायत नरहरपुर गोरी खेड़ा, वि.खं. भदपुरा, बरेली**

**निविदा/कुटेशन सूचना**

समस्त अधिकृत फर्मों एवं विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत नरहरपुर गोरी खेड़ा में मनरेगा योजना के अन्तर्गत निम्न कार्य हेतु स्थल पर सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत फर्मों से निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती है।

| क्र.सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम | लम्बाई | मटेरियल |
|---|---|---|---|---|
| 1. | ग्राम नरहरपुर में समुदाय के लिए पशुशेड में अतिरिक्त शेड निर्माण कार्य | रेत, बजरी, बजरफुट, सीमेंट,ईट, ईट रोड़ा, पाइप चादर, सरिया आदि | 30 मी. | 933163.00 |

उक्त कार्य हेतु सील बंद कुटेशन/निविदा 24.10.2024 से 28.10.2024 तक ग्राम पंचायत कार्यालय में दोपहर 2:00 बजे तक डाली जा सकती है। वह उसी दिन 28.10.2024 को दोपहर 3:00 बजे निविदा/कुटेशन दाताओं अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष खोली जायेगी। सामग्री की दरें स्टीमेट की दरों से अधिक स्वीकार्य नहीं होंगी।

ग्राम प्रधान-नीरा सिंह | सचिव-राजू सिंह

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना सं. 63/2024**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मंडल रेल प्रबंधक (इंजी.) पूर्वोत्तर रेलवे, इज्जतनगर निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से "खुली" निविदा आमंत्रित करते है:-

**क्रम सं.-1,** कार्य का विवरण: (1) कासगंज स्टेशन पर कोचिंग डिपो के लिये भवन एवं स्टेबलिंग लाइन का प्रावधान (इज्जतनगर डिवीजन में कासगंज के स्वीकृत कार्य के अन्तर्गत एम. एंड पी. की खरीद, कोचिंग डिपो में सर्विस बिल्डिंग का विस्तार एवं एन.एम.जी. के लिये 01 स्टेबलिंग लाइन एवं 02 स्पर लाइनों का प्रावधान।) (2) फर्रुखाबाद में रनिंग रूम का प्रावधान। (3) कानपुर-अनवरगंज में 5 बिस्तरों वाले आर.पी.एफ. पोस्ट का प्रावधान। (4) हाथरस सिटी में आर.पी.एफ. पोस्ट का प्रावधान। अनुमानित लागत रूपयों में: ₹ 3,26,74,642.56, बयाना राशि रूपयों में: ₹ 3,13,400/-, निविदा प्रपत्र का मूल्य: शून्य, स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि 12 माह।

**(1)** ई-निविदा दिनांक 18-11-2024 को 15:00 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे।

**(2)** ई-निविदा की प्रस्तुति हेतु पूर्ण विवरण भारतीय रेलवे के IREPS वेबसाइट ***www.ireps.gov.in*** पर देखें।

मण्डल रेल प्रबन्धक (इन्जी.), इज्जतनगर

मुजाधि/डब्लू-277

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**पब्लिक नोटिस**

मेरे मुवक्किल Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd शाखा बरेली की ओर से सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राफिया हसीब पत्नी मो. इरफान निवासी कस्बा धौरा टांडा तहसील व जिला बरेली की है वह एक किता मकान रकवा 104.51 वर्गमी गाटा सं. 148 लगायत 160 का भाग ग्राम बिहारमान नगला बरेली में स्थित है को बिलाल हसन उर्फ मो. बिलाल हसन से खरीद करने के उपरांत मेरे मुवक्किल से ऋण ले रहे है। उक्त सम्पत्ति से सम्बन्धित दो किता बैनामा दिनांक 12.11.2001 जिसकी की रजिस्ट्री बही नं. 1 जिल्द 1977 पृष्ठ 229 से 246 क्र.सं. 9789 जो कि श्रीमती सुधा सक्सेना के हक में थी व बैनामा दिनांक 02.07.2012 जिसकी की रजिस्ट्री बही नं. 1 जिल्द 5520 पृष्ठ 177 से 206 क्र.सं. 8356 जो कि तौफीक अहमद के हक में थी कचहरी किसी काम से जाते समय रास्ते में कही गिर गयी काफी ढूँढने पर भी नही मिली। उक्त की प्रथम सूचना रिपोर्ट दिनांक 23.10.2024 को दर्ज करा दी गयी है। उक्त से सम्बन्धित किसी व्यक्ति या किसी संस्था/बैंक को कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 7 दिन के अन्दर समस्त दस्तावेजों के साथ मेरे या Cholamandalam Investment and Finance Co. Ltd शाखा बरेली के कार्यालय में प्रस्तुत की जा सकती है उक्त काल में कोई आपत्ति प्राप्त नही होती है तो यह मानते हुये कि किसी को कोई आपत्ति नही है उक्त ऋण श्रीमती राफिया हसीब पत्नी मो. इरफान निवासी कस्बा धौरा टांडा तहसील व जिला बरेली को प्रदान कर दिया जायेगा ।

**सुशान्त सक्सेना एडवोकेट**
**पैनल एडवोकेट**
**बगिया चैम्बर नं. 1. निकट पोस्ट आफिस सिविल कोर्ट कम्पाउण्ड, बरेली ।**
**मो. नं. 9837205613**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**खुली ई-निविदा सूचना सं इज्जत/इलै./ओटी/22/2024 दि. 21.10.2024**

निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा भारत के राष्ट्रपति की ओर से मण्डल रेल प्रबन्धक/विद्युत/पूर्वोत्तर रेलवे/इज्जतनगर द्वारा आमंत्रित की जाती है।

**क्रम सं 1:- कार्य का नाम:** इज्जतनगर मंडल के रेलवे स्टेशन और सर्विस बिल्डिंग पर ऑन-ग्रिड रूफटॉप सोलर सिस्टम (बैटरी बैकअप के बिना) का प्रावधान। अनुमानित लागत रू में: ₹ 5,78,94,220.65, धरोहर राशि रू में: ₹ 4,39,500.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू में: शुन्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 14.11.2024, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: छः माह।

**क्रम सं 2:- कार्य का नाम:** इज्जतनगर मंडल के सी.से.इंजी/वि/पश्चिम सेक्शन के आवासीय क्वार्टरों पर ऑन-ग्रिड रूफटॉप सोलर सिस्टम (बैटरी बैकअप के बिना) का प्रावधान। अनुमानित लागत रू में: ₹ 5,23,78,118.94, धरोहर राशि रू में: ₹ 4,11,900.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू में: शुन्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 14.11.2024, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: छः माह।

**क्रम सं 3:- कार्य का नाम:** इज्जतनगर मंडल में लेवल क्रॉसिंग क्वार्टरों सहित आवासीय क्वार्टरों पर ऑन-ग्रिड रूफटॉप सौर प्रणाली (बैटरी बैकअप के बिना) का प्रावधान। अनुमानित लागत रू में: ₹ 4,60,17,208.86, धरोहर राशि रू में: ₹ 3,80,100.00, निविदा प्रपत्र का मूल्य रू में: शुन्य, ई-निविदा जमा करने की अन्तिम तिथि व समय: 14.11.2024, 15.00 बजे तक, स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से कार्य पूर्ण करने की अवधि: छः माह।

इस निविदा के लिए किसी भी तरह के मैनुअल प्रस्तावों की अनुमति नहीं है और किसी भी तरह के प्राप्त मैनुअल प्रस्ताव को नजरअंदाज कर दिया जाएगा। पूर्ण विवरण वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** पर अपलोड कर दिया गया है। निविदादाता के पास क्लास-III डिजीटल हस्ताक्षर प्रमाण पत्र होना आवश्यक है और IREPS पोर्टल पर रजिस्टर होना चाहिए। केवल पंजीकृत निविदादाता ही ई-टेण्डरिंग में भाग ले सकते है। सभी आवश्यक दस्तावेज ई-निविदा में भाग लेने के समय अपलोड किये जाने चाहिये।

**वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर(सा.)**
**मुजाधि/विद्युत-158** **इज्जतनगर**

गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

**सेक्शन-1**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत।**
**पता:-कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, पीलीभीत।**
**-:: निविदा आमन्त्रण सूचना ::-**

पत्रांक- 579/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2024-25 दिनांक- 09-10-2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड- पीलीभीत के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए0, बी0, सी0 एवं डी0 सीमा के अनुरूप, श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

1- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण।

| क्र0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | क्रिटिकल गैप्स योजना के अन्तर्गत | | | | |
| 1 | पीलीभीत | ग्राम पंडरी की गौशाला की बाउण्ड्री चेनलिंक फैंसिंग कार्य विकास खण्ड मरौरी। | 5.805 | 0.116 | 765.00 | 2 माह |

2- निविदा सूचना (एन0आई0टी0) में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 11.11.2024 से 16.11.2024 तक।

3- निविदाऐं कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली अथवा ज़िलाधिकारी कार्यालय पीलीभीत में जिनके पते निविदा सूचना (एन0आई0टी0) स्तम्ब 8 एवं 9 में अंकित है, को निविदि पेटिका में डाले जाने की अंतिम तिथि- 17.11.2024/दोपहर 12.00 बजे तक।

4- निविदा खोलने की तिथि-17.11.2024/दोपहर 3.00 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत के कार्यालय से सम्पर्क करें।

**(इं0 राजेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत।**

**UP-221187 दिनांक 23.10.2024**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**सेक्शन-1**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत।**
**पता:-कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, पीलीभीत।**
**-:: अल्पकालीन ई-निविदा सूचना ::-**

पत्रांक- 582/ग्रा0अ0वि0/ई-निविदा/पत्रां0सं0-/बाण्ड क्लर्क/2024-25 दिनांक- 10.10.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत में भवन/मार्ग निर्माण कार्य हेतु, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए0, बी0, सी0 एवं डी0 सीमा के अनुरूप, श्रेणी के निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

1- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण।

| क्र0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (लाख में) | निविदा प्रपत्र का (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | राजस्व विभाग के अन्तर्गत | | | | |
| 1 | पीलीभीत। | तहसील बीसलपुर के 924 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य। | 13.04 | 0.26 | 854.00 | 3 माह |

2- वेबसाइट पर बिड डाक्यूमेंन्ट की उपलब्धता की तिथि-11.11.2024

3- ई-निविदा के माध्यम से निविदा करने की अन्तिम तिथि/समय 18.11.2024/दोपहर 12.00 बजे तक।

4- ई-निविदा के माध्यम से निविदा खोलने की तिथि 3/समय 18.11.2024/दोपहर 4:00 बजे।

5- निविदा आमन्त्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज-09 के अनुसार परिशिष्ट/शुद्धि-पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार-पत्र में प्रकाशित नही किया जाएगा। सभी संभावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है। कि नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखें।

अधिक जानकारी के लिए कृपया वेबसाइट http://etender.up.nic.in पर लॉग ऑन करे और बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**(राजेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत।**

**UP-221167 दिनांक 23.10.2024**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

**सेक्शन-1**

**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत।**
**पता:-कलैक्ट्रेट कम्पाउण्ड, पीलीभीत।**
**-:: निविदा आमन्त्रण सूचना ::-**

पत्रांक- 583/ग्रा0अ0वि0/निविदा/2024-25 दिनांक-10.10.2024

महामहिम राज्यपाल, उ0प्र0 की ओर से अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड- पीलीभीत के द्वारा ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, उत्तर प्रदेश में पात्र पंजीकृत ए0, बी0, सी0, डी0 एवं ई0 सीमा के अनुरूप, श्रेणी के निविदादाताओं से नीचे दर्शाये गये कार्यो हेतु प्रतिशत दर पर निविदा आमन्त्रित की जाती है। निविदादाता किसी भी कार्य अथवा सभी कार्यो के लिये निविदा डाल सकता है।

1- तालिका के अनुसार कार्यो का विवरण।

| क्र0 | जनपद का नाम | कार्य का नाम | कुल लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू0 में) | कार्य पूर्ण करने की अवधि (वर्षा ऋतु सहित) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| | | राजस्व विभाग के अन्तर्गत | | | | |
| 1 | पीलीभीत। | तहसील पीलीभीत के 571 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य। | 8.06 | 0.16 | 854.00 | 3 माह |
| 2 | पीलीभीत। | तहसील कलीनगर के 337 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य। | 4.76 | 0.10 | 854.00 | 3 माह |
| 3 | पीलीभीत। | तहसील अमरिया के 470 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य। | 6.63 | 0.13 | 854.00 | 3 माह |
| 4 | पीलीभीत। | तहसील पूरनपुर के 568 (रूपये 1411.55 प्रति ग्राम) ग्रामों में स्थापित किये जाने वाले सीमा स्तम्भों का निर्माण कार्य। | 8.02 | 0.16 | 854 | 3 माह |

2- निविदा सूचना (एन0आई0टी0) में अंकित कार्यालय में बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 11.11.2024 से 16.11.2024 तक।

3- निविदाऐं कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत, अधीक्षण अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, परिमण्डल बरेली अथवा ज़िलाधिकारी कार्यालय पीलीभीत में जिनके पते निविदा सूचना (एन0आई0टी0) स्तम्ब 8 एवं 9 में अंकित है, को निविदि पेटिका में डाले जाने की अंतिम तिथि- 17.11.2024/दोपहर 12.00 बजे तक।

4- निविदा खोलने की तिथि-17.11.2024/दोपहर 3.00 बजे।

अधिक जानकारी के लिए कृपया अधिशासी अभियन्ता, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत के कार्यालय से सम्पर्क करें।

**(इं0 राजेश कुमार)**
**अधिशासी अभियन्ता,**
**ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग, प्रखण्ड-पीलीभीत।**

**UP-221180 दिनांक 23.10.2024**
**विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।**

## राजनीतिक लाभ के लिए दंगा करा रही है भाजपा : अखिलेश

**लखनऊ, अमृत विचार :** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा राजनीतिक लाभ के लिए दंगा करा रही है। सपा प्रमुख ने बुधवार को जारी बयान में कहा कि बहराइच हिंसा के मामले में हर दिन नए खुलासे हो रहे हैं, जिनसे भाजपा मुँह दिखाने लायक नहीं रही है। भाजपा के विधायक ही भाजपाइयों पर साज़िश करने की एफ़आइआर करा रहे हैं और दंगाई छुपे कैमरे के सामने सच उगल रहे हैं।

उधर, समाजवादी पार्टी ने भारत निर्वाचन आयोग से मुजफ्फरनगर सीट से मीरापुर विधानसभा सीट के रिटर्निंग अफसर सुबोध कुमार को तत्काल हटाने की मांग की है। इस सिलसिले में बुधवार को सपा ने मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा को ज्ञापन सौंपा। सपा के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल की ओर से कहा गया है कि मुजफ्फरनगर में भाजपा के प्रभारी मंत्री सोमेन्द्र तोमर के अति करीबी रिश्तेदार रिटर्निंग ऑफिसर सुबोध कुमार को तत्काल प्रभाव से रिटर्निंग ऑफिसर के पद से हटाया जाए।

# श्रीकृष्ण जन्मभूमि, शाही ईदगाह मामले में मुस्लिम पक्ष की रिकॉल अर्जी खारिज

## उच्च न्यायालय ने विवाद से जुड़े मुकदमों को एक साथ लाने का निर्देश दिया था

विधि संवाददाता, प्रयागराज

- अब सभी 15 मुकदमों की सुनवाई एक साथ की जाएगी



**अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने मथुरा स्थित श्रीकृष्ण जन्मभूमि और शाही ईदगाह विवाद मामले में मुस्लिम पक्ष की ओर से दाखिल रिकॉल अर्जी खारिज कर दी है। अब सभी 15 मुकदमों को एक साथ सुना जाएगा। 11 जनवरी 2024 को उच्च न्यायालय ने श्रीकृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह मस्जिद विवाद से जुड़े 15 मुकदमों को एक साथ लाने का निर्देश दिया था।

यह आदेश हिंदू वादियों द्वारा सिविल प्रक्रिया संहिता के आदेश 4-ए के तहत दायर एक आवेदन पर 'न्याय के हित में' पारित किया गया था। इन सभी मुकदमों में मथुरा के कटरा केशव देव मंदिर के 13.37 एकड़ के परिसर से शाही ईदगाह मस्जिद को हटाने की मांग की गई है। अतिरिक्त प्रार्थनाओं में शाही ईदगाह परिसर पर कब्ज़ा करने और वहाँ स्थित वर्तमान संरचना को ध्वस्त करने की मांग शामिल है। इसके विरोध में मुस्लिम पक्ष की ओर से रिकॉल आवेदन दाखिल किया गया था, जिसमें यह प्रार्थना की गई थी की वादी की ओर से भ्रामक प्रार्थना पत्र वादों को समेकित करने के लिए दिया गया, प्रश्नगत आदेश पारित करने से पहले विपक्षी संख्या दो को नहीं सुना गया था, जिन वादों को समेकित किया गया है वे समेकित नहीं किए जा सकते क्योंकि उन वादों में मांगा गया अनुतोष भिन्न-भिन्न है। गत 16 अक्टूबर को दोनों पक्षकारों के अधिवक्ताओं को सुनने के बाद कोर्ट ने फैसला सुरक्षित कर लिया था।

मामले की सुनवाई के दौरान न्यायमूर्ति मयंक कुमार जैन की एकलपीठ ने सुन्नी वक्फ बोर्ड, ईदगाह मस्जिद समिति और अन्य विपक्षियों के रुख को ध्यान में रखते हुए कहा कि इन मुकदमों में कार्यवाही शुरू की जा सकती है और न्यायालय का समय बचाने, पक्षकारों को होने वाले खर्च से बचाने और परस्पर विरोधी निर्णयों से बचने के लिए न्याय के हित में इन मुकदमों को समेकित करना उचित है। मुख्य रूप से कोर्ट ने कहा कि समेकित वादों में संधि पत्र दिनांक 12 अक्टूबर 1968 को चुनौती का आधार बनाया गया है, जिसके आधार पर वादकारण उत्पन्न हुआ है। इस आधार पर सभी वादों में मूल रूप से वादकारण समान है, सभी वादों में विपक्षी समान है, सभी समेकित वादों में तथ्य भी समान है।

इसके अलावा कोर्ट ने यह भी कहा कि समेकित किए जाने से पक्षकारों के अधिकारों एवं दायित्वों पर कोई प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ता है और ना ही उन्हें किसी प्रकार की हानि है। इस वर्ष मार्च में सुप्रीम कोर्ट ने सभी 15 मुकदमों को एकीकृत करने के इलाहाबाद हाईकोर्ट के आदेश को चुनौती देने वाली एक नई याचिका का निस्तारण कर शाही मस्जिद ईदगाह ट्रस्ट प्रबंधन समिति को उच्च न्यायालय के समक्ष अपने लंबित रिकॉल आवेदन को आगे बढ़ाने की स्वतंत्रता दे दी थी। अंत में कोर्ट ने आगामी 6 नवंबर को मुकदमे की अगली सुनवाई की तिथि सुनिश्चित की है।

## बेटे को बचाने के नाम पर 40 हजार रुपये ठगे

**बाराबंकी, अमृत विचार:** व्हाट्सएप पर वीडियो कॉल कर बेटे के फंसने से बचाने के लिए एक व्यक्ति से ऑनलाइन चालीस हजार रुपये ले लिए गए। ठगी का एहसास होने पर पीड़ित ने साइबर क्राइम की वेबसाइट पर शिकायत की। जिससे उसका भुगतान जहां का तहां रुक गया। आगे की कार्रवाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के ग्राम तकिया मजरे सुढ़ियामऊ निवासी समसुद्दीन पुत्र फकीर अली ने थाना रामनगर पुलिस को शिकायती पत्र देकर कहा कि 22 अगस्त की दोपहर उसके मोबाइल के व्हाट्सएप पर वीडियो एवं ऑडियो कॉल के माध्यम से बताया गया कि उसके पुत्र ने गलत काम किया है अगर उसे बचाना चाहते हो तो फोन पे ऐप के माध्यम से 40 हजार तत्काल भेज दो। डर के मारे पीड़ित ने नंबर पर फोन पर के माध्यम से 40 हजार रुपए भेज दिए। इसके बाद घर पर कॉल करके जानकारी की तो पता चला कि उसके साथ धोखाधड़ी करते हुए अज्ञात व्यक्ति ने साइबर ठगी की है।

## बहराइच ध्वस्तीकरण मामले में जवाब न आने से कोर्ट नाराज

विधि संवाददाता, लखनऊ


- लखनऊ बेंच ने कहा-जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण, उसका दो दिन में दें ब्यौरा

**अमृत विचार :** हाईकोर्ट की लखनऊ बेंच ने बहराइच के महाराजगंज में लोक निर्माण विभाग के सड़क पर कथित अतिक्रमण को हटाने के विरुद्ध दाखिल जनहित याचिका पर सुनवाई के दौरान नाराजगी जतायी है। न्यायालय ने कहा कि हमने रविवार को पारित आदेश में स्पष्ट रूप से पूछा था कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण की बात कही जा रही है उसकी कैटेगरी क्या है वहां कितने घर बने हुए हैं।

न्यायालय ने कहा कि उक्त स्पष्ट आदेश के बावजूद उपरोक्त बिंदुओं पर राज्य सरकार की ओर से कोई जानकारी उपलब्ध नहीं कराई गई। न्यायालय ने मामले की अगली सुनवाई के लिए 4 नवंबर की तिथि नियत की है, साथ ही दो दिनों में विस्तृत जवाब दाखिल करने का आदेश भी दिया है। यह आदेश न्यायमूर्ति एआर मसूदी व न्यायमूर्ति सुभाष विद्यार्थी की खंडपीठ ने एसोसिएशन फॉर प्रोटेक्शन ऑफ सिविल राइट्स की जनहित याचिका पर पारित किया। उल्लेखनीय है कि पिछली सुनवाई के दौरान न्यायालय ने ध्वस्तीकरण की नोटिस से प्रभावित लोगों को जवाब देने के लिए 15 दिन का समय देने का आदेश दिया था। साथ ही न्यायालय ने मुख्य स्थाई अधिवक्ता को आदेश दिया था कि वह मामले में सरकार से विस्तृत निर्देश प्राप्त करें कि जिस सड़क पर कथित अतिक्रमण का आरोप है उस सड़क की कैटेगरी क्या है। न्यायालय ने इस संबंध में भी अवगत कराने को कहा था कि कुंडसार-महसी-नानपारा-महाराजगंज रोड के किलोमीटर 38 पर कितने घर बने हैं और इस सड़क के संबंध में कौन से नियम लागू होते हैं। न्यायालय ने कहा कि तथ्यों के संबंध में पूछे गए इन प्रश्नों का कोई जवाब नहीं दिया गया और मात्र पोषणीयता पर आपत्ति दाखिल की जा रही है। इन टिप्पणियों के साथ न्यायालय ने पोषणीयता पर आपत्ति के साथ-साथ विस्तृत जवाब कोर्ट की रजिस्ट्री में दाखिल करने का आदेश सरकारी वकील को दिया है।

# एमआई बिल्डर के ठिकानों पर आयकर छापा





राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- राजधानी लखनऊ समेत ग्रुप के 16 ठिकानों पर छापेमारी
- आयकर की कार्रवाई से हड़कंप टैक्स चोरी को लेकर जांच जारी

**अमृत विचार :** आयकर विभाग की टीम ने बुधवार को एमआई बिल्डर के 16 ठिकानों पर छापा मारा। प्रदेश के बड़े बिल्डरों में शामिल एमआई ग्रुप के कादिर अली के प्रदेश भर में स्थित करीब 16 ठिकानों पर आयकर विभाग का छापा देर शाम तक चलता रहा।

लखनऊ में एमआई ग्रुप के कई रियल एस्टेट प्रोजेक्ट चल रहे हैं। सूत्रों के अनुसार, एमआई ग्रुप के मालिक कादिर अली के गोमतीनगर आवास, ऑफिस एमआई रशेल कोर्ट और विस्तार में छापे मारे जा रहे हैं। हजरतगंज के न्यू जनपथ बाजार के 5वें फ्लोर पर भी आईटी की छापेमारी जारी रही।

इस दौरान सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। सूत्रों का दावा है कि बिल्डर की ओर से ब्लैक मनी को सफेद करने और बोगस कंपनियों के नाम पर टैक्स चोरी की सूचना के बाद कार्रवाई हुई है। अधिकारियों के निर्देश पर आयकर विभाग ने विभिन्न टीमों का गठन किया और कई ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की। इससे बिल्डर और प्रॉपर्टी कारोबारियों में अफरा-तफरी मची गई है। एमआई ग्रुप दिल्ली-एनसीआर और लखनऊ में होम टाउन एवं सोसाइटी बनाने से जुड़ा है।

## ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ सामग्री पोस्ट करने के आरोपी वकील को राहत

**प्रयागराज, अमृत विचार :** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने ब्राह्मण समुदाय के खिलाफ ऑनलाइन अभद्र सामग्री पोस्ट करने के आरोपी वकील बरसातू राम सरोज को राहत देते हुए मामले को 7 फरवरी 2025 के लिए सूचीबद्ध कर कहा कि इस मामले पर विचार करने की आवश्यकता है।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अरविंद सिंह सांगवान और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने याचिका पर विचार करते हुए पारित किया। मालूम हो कि याची/अधिवक्ता ने उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को रद करने की मांग करते हुए हाईकोर्ट के समक्ष एक याचिका दाखिल की। बता दें कि बीएनएस की धारा 353 (2) में धर्म, जाति, जन्म स्थान, निवास, भाषा, जाति या समुदाय या किसी भी अन्य आधार पर, विभिन्न धार्मिक, नस्लीय, भाषाई या क्षेत्रीय समूहों या जातियों या समुदायों के बीच दुश्मनी, घृणा या दुर्भावना की भावना पैदा करने या बढ़ावा देने के इरादे से इलेक्ट्रॉनिक माध्यमों सहित, झूठी सूचना, अफवाह या भयावह समाचार युक्त कोई भी बयान या रिपोर्ट बनाने, प्रकाशित करने या प्रसारित करने के लिए दंड का प्रावधान है। सवर्ण सेना के जिला अध्यक्ष प्रवीण तिवारी द्वारा दर्ज प्राथमिकी में आरोप लगाया गया है कि 25 सितंबर 2024 को याची ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर ब्राह्मण समुदाय के बारे में 'अभद्र' टिप्पणी की। हालांकि याची के अधिवक्ता ने बताया कि प्राथमिकी में यह नहीं बताया गया है कि याची ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर किस तरह की पोस्ट की है। यह भी तर्क दिया गया कि प्राथमिकी में यह बताया गया है कि याची को बार एसोसिएशन से निकाल दिया गया था।

# बुजुर्ग, बेटे को दौड़ा-दौड़ा कर पीटा

संवाददाता, अमेठी

- पुलिस की मौजूदगी में सपा नेता के बेटे प्रदीप यादव और साथियों की सीओ ऑफिस के सामने दबंगई

**अमृत विचार :** अमेठी तहसील के अंदर सीओ कार्यालय के सामने सपा नेता के बेटे द्वारा एक बुजुर्ग और उसके बेटे को दौड़ा दौड़ा कर पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। इसमें मारपीट के दौरान पुलिस के मूकदर्शक बनी दिखाई दे रही है। हालांकि अमृत विचार ऐसे किसी वीडियो की पुष्टि नहीं करता।


बताया जा रहा है कि जमीनी विवाद को लेकर सपा नेता शिव प्रताप यादव अपने पुत्र प्रदीप यादव के साथ तहसील गए थे। उन पर पूर्व प्रधान रामजस यादव ने अपनी बेशकीमती जमीन पर कब्जा करने का आरोप लगाते हुए तहसील में शिकायत की थी। सीओ कार्यालय के सामने दोनों पक्ष आमने-सामने हो गए। इस सपा नेता के पुत्र प्रदीप यादव ने गालीगलौज के बाद बुजुर्ग पूर्व प्रधान और उसके बेटे को लात-घूंसों से पीटना शुरू कर दिया। खास बात यह कि उस दौरान वहां मौजूद पुलिस मूकदर्शक बन तमाशा देखती रही। उसने बुजुर्ग और उसके बेटे को बचाने के कोई प्रयास नहीं किए।

बाद में अमेठी कोतवाली के सूबेदार का पुरवा मजरे गंगौली गांव के पूर्व प्रधान रामजस यादव ने बताया कि वह बेटे के साथ मुकदमे के सिलसिले में तहसील आये थे। आरोप है कि इसी बीच सपा नेता प्रदीप कुमार व उसके पिता शिव प्रताप यादव ने साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज की और विरोध करने पर उन्हें पीटा। पीड़ित ने कोतवाली में तहरीर दी है। अमेठी कोतवाल बृजेश सिंह ने बताया कि पूर्व प्रधान रामजस यादव की तहरीर पर रिपोर्ट दर्ज की गई है।

## वर्ग पहेली-231

**बाएं से दाएं**
4. मेंढक।
5. आरोपित, कथित, जिसपर अभियोग लगा हो।
6. 1. मनोभाव, मन 2. मन में उत्पन्न संकल्प 3. मन में सोचा या विचारा हुआ।, मन से, मन के द्वारा।
7. जीरा।

**ऊपर से नीचे**
1. 1. बहादुरी, वीरता 2. रणकौशल।
2. 1. पहने हुए आभूषणों के परस्पर टकराने से उत्पन्न होने वाली ध्वनि 2. घुंघरू की आवाज़।
3. 1. पुराना धर्म या परंपरागत धर्म 2. वर्तमान हिंदू धर्म जिसके संबंध में उसके अनुयायियों का विश्वास है कि यह बहुत प्राचीन काल से चला आ रहा है तथा विभिन्न देवी-देवताओं की पूजा-उपासना; मूर्तिपूजा, पुराण, तंत्र, तीर्थ, श्राद्ध तथा तर्पण आदि इसके प्रमुख अंग हैं, पारंपरिक हिंदू धर्म।
6. 1. पीटना 2. जान लेना, हत्या करना, प्राण लेना 3. प्रहार करना, चोट पहुंचाना 4. पछाड़ना 5. पकड़ना, हराना 6. कूटना, ठोंकना 7. प्रभावहीन कर देना।



## वर्ग पहेली -230 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 ह | ■ | ■ | 2 ख | ■ | 3 अ |
| र | ■ | ■ | ट | ■ | यो |
| 4 म | हा | वी | र | ■ | गि |
| ल | ■ | ■ | 5 प | 6 द | क |
| ■ | 7 माँ | नी | ट | र | ■ |
| 8 झा | ■ | ■ | र | ■ | 9 जी |
| 10 वा | इ | न | ■ | 11 खा | जा |

# शराब की दुकान दिलाने का झांसा दे सेवानिवृत्त आईएएस से ठगे 1 करोड़

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- जालसाज ने खुद को पुलिस का पूर्व अधिकारी बताया था, दंपती पर रिपोर्ट दर्ज

**अमृत विचार :** अंग्रेजी शराब की तीन दुकानों का लाइसेंस दिलाने का झांसा देकर जालसाज दंपति ने सेवानिवृत्त आईएएस से 1 करोड़ रुपये ठग लिए। रुपये मांगने पर रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। उसने खुद को पुलिस का पूर्व अधिकारी बताया था। सेवानिवृत्त आईएएस की तहरीर पर गोमतीनगर पुलिस ने बुधवार को रिपोर्ट दर्ज कर ली है। इंस्पेक्टर राजेश त्रिपाठी ने बताया कि जांच की जा रही है।

विशेष सचिव पद से सेवानिवृत्त आईएएस हरि प्रसाद सिंह परिवार के साथ विपुलखंड-2 में रहते हैं। उन्होंने बताया कि 2 मई 2024 में चिनहट के गणेशपुर रहमानपुर निवासी राकेश शर्मा से मुलाकात हुई थी। बातचीत में उसने स्वयं को पूर्व पुलिस अधिकारी बताया। नौकरी के समय से जानने की बात कहकर फोन नंबर लिया और घर आकर मिलने की बात कही। अगले दिन फोन किया और पत्नी शकुंतला को लेकर घर आ गया। उसने आबकारी विभाग में गहरी पैठ होने और शराब की शराब की 84 दुकानें होने की जानकादी दी। बताया कि अंग्रेजी शराब की दुकान पर सप्लाई के लिए शकुंतला के नाम एफएल-2 का भी लाइसेंस है।

राकेश ने हरि प्रसाद को भी दुकान लेने के लिए प्रोत्साहित किया। कहा कि, कई आईपीएस और आईएएस अधिकारियों के रिश्तेदारों को दुकान दिलाई हैं। कुछ दिन बाद दोनों दोबारा आए। विज्ञापन दिखाते हुए शाहनजफ रोड पर 2 और वृंदावन योजना में 1 दुकान दिलाने का झांसा दिया। उसकी बातों में फंस कर हरि प्रसाद ने हामी भर दी। उन्होंने मई और सितंबर के बीच जालसाज दंपति ने चेक व नकद करीब 1 करोड़ रुपये दिए। बेटे के पारिवारिक मामले को खत्म कराने के लिए भी रुपये दिए।

कुछ दिन बाद सेवानिवृत्त आईएएस ने दबाव बनाया तो आरोपी ने तीन दुकानों लाइसेंस की कॉपी थमा दी। पड़ताल कराने में लाइसेंस जाली निकले। रुपये वापस मांगने पर जालसाज दंपति ने पूर्व आईएएस को रिपोर्ट दर्ज कराने की धमकी दी। पूर्व आईएएस की शिकायत पर गोमतीनगर पुलिस ने जालसाज दंपति के खिलाफ जाली दस्तावेज के आधार पर धोखाधड़ी करने और धमकी की रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

## सार-संक्षेप

### नीट यूजी की तीसरी काउंसिलिंग शुरू, 29 को सीट आवंटन

**लखनऊ, अमृत विचार :** मेडिकल व डेंटल कॉलेजों में एमबीबीएस और बीडीएस की रिक्त सीटों पर दाखिले के लिए अंतिम मौके के साथ तीसरी काउंसिलिंग बुधवार 23 अक्टूबर से शुरू हो गयी है। इस स्ट्रे वैकेंसी राउंड की ऑन लाइन काउंसिलिंग में केवल वो अभ्यर्थी ही प्रतिभाग कर सकते हैं, जिन्हें पूर्व में संपन्न हो चुकी काउसिलिंग में सीट आवंटित न हुई हो। चिकित्सा शिक्षा महानिदेशक किंजल सिंह ने निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि काउंसिलिंग में अभ्यर्थी स्वयं के बैंक खाते से ही धरोहर राशि जमा करें, ताकि सीट आवंटित न होने की दशा में धरोहर राशि उसी बैंक खाते में वापस हो सके।

### दिवाली से पहले सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम संभव

**लखनऊ, अमृत विचार :** उप्र. सिपाही भर्ती परीक्षा के परिणाम दिवाली से पहले जारी होने की उम्मीद है। 60 हजार से अधिक पदों के लिए हुई इस भर्ती परीक्षा की उत्तर कुंजी पहले ही जारी की जा चुकी हैं। हालांकि सिपाही भर्ती परीक्षा का परिणाम जारी होने की तारीख की आधिकारिक घोषणा नहीं की गई है, लेकिन मुख्यमंत्री के सोशल मीडिया अकाऊंट की एक पोस्ट में जल्द से जल्द नतीजे तैयारी करने के सख्त निर्देश दिए गए थे। पोस्ट में बोर्ड को निर्देश था कि इस माह के अंत तक नतीजे जारी करने की तैयारी करें।

### फूड एण्ड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी को 16.45 करोड़ स्वीकृत

लखनऊ, अमृत विचार : प्रदेश सरकार ने कृषोन्नति योजना के तहत संचालित उपयोजना फूड एण्ड न्यूट्रिशन सिक्योरिटी के लिए अनुदान का राज्यांश 16.45 करोड़ रुपये की वित्तीय स्वीकृति प्रदान कर दी है। पिछले दिनों केन्द्र सरकार ने नई कृषोन्नोति योजना बनाकर प्रदेश में संचालित करीब दर्जन भर योजनाओं को इस योजना के अन्तर्गत कर दिया था ताकि किसी योजना में वित्तीय संकट की दशा में दूसरी योजना की बची राशि का उपयोग हो सके।

## सुडोकू-144

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 7 | | | | 8 | 2 |
| | 4 | | | | 6 | 9 | | 5 |
| | 1 | 2 | | 8 | | | | 6 |
| 3 | 6 | | | | | | 1 | 4 |
| | | | 4 | | 5 | | | |
| 1 | 9 | | | | | | 2 | 8 |
| 5 | | | | 6 | | 3 | 4 | |
| 9 | | 7 | 2 | | | | 6 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | | |

## सुडोकू - 143 का हल


| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 1 | 2 | 9 |
| 1 | 2 | 4 | 9 | 8 | 7 | 6 | 5 | 3 |
| 9 | 5 | 3 | 6 | 2 | 1 | 7 | 4 | 8 |
| 6 | 4 | 1 | 5 | 9 | 8 | 3 | 7 | 2 |
| 7 | 9 | 2 | 4 | 6 | 3 | 8 | 1 | 5 |
| 3 | 8 | 5 | 7 | 1 | 2 | 9 | 6 | 4 |
| 2 | 7 | 6 | 8 | 3 | 5 | 4 | 9 | 1 |
| 5 | 3 | 9 | 1 | 4 | 6 | 2 | 8 | 7 |
| 4 | 1 | 8 | 2 | 7 | 9 | 5 | 3 | 6 |

## आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 24 अक्टूबर गुरुवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-कार्तिक, पक्ष-कृष्ण पक्ष, तिथि-अष्टमी 25 अक्टूबर 01.58 तक तत्पश्चात नवमी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**-दक्षिण। **ऋतु**-हेमंत।
चन्द्रबल- वृषभ, कर्क, कन्या, तुला, मकर, कुंभ।
ताराबल-भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुनर्वसु, पुष्य, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, विशाखा, अनुराधा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-पुनर्वसु 06.15 तक तत्पश्चात पुष्य।

**मेष** – आज आपको अभिमानी व्यवहार से बचना चाहिए। संपत्ति विवाद होने आशंका है। मैनेजमेंट छात्रों का प्रदर्शन पढ़ाई में बहुत ही अच्छा रहेगा। कार्यक्षेत्र में परिवर्तन करने से आपको बचना चाहिए। आत्मविश्वास में कमी के कारण काम बिगड़ सकते हैं।

**वृष** – आज समाज में आपका वर्चस्व बढ़ेगा। नए प्रकार के अनुसंधान में आप रुचि लेंगे। आपके जीवन पर जीवनसाथी का काफी प्रभाव रहेगा। पिता के स्वास्थ्य की कुछ चिंता हो सकती है। व्यापार में अभिनव प्रयोग कर सकते हैं।

**मिथुन** – आज ऐसे लोगों से दूर रहें, जो आपको अतिवादी प्रतिक्रिया के लिए उकसाते हों। अटकी हुई पेमेंट आपको मिल सकती है। व्यापार में आमदनी बढ़ने के योग बन रहे हैं। आपकी नेतृत्व क्षमता में वृद्धि होगी। लोग आपकी कार्यशैली की प्रशंसा करेंगे।

**कर्क** – आज दूसरों से आपको सम्मान मिलेगा। जीवनसाथी का भावनात्मक सहयोग मिलने से काफी प्रसन्न रहेंगे। पुराने अनुभवों की सीख काम आएगी। नई विधाओं को सीखने को लेकर प्रयत्नशील रहेंगे। प्रेम संबंधों के लिए दिन बहुत ही अच्छा रहेगा।

**सिंह** – आज आपको त्वरित निर्णय लेने से बचना चाहिए। अधिकारी वर्ग के प्रति मन में नकारात्मक विचार चलते रहेंगे। अपने धन का दुरुपयोग न करें। आपके मन में अजीबोगरीब विचार जन्म ले सकते हैं। कष्टकारक यात्रा हो सकती है।

**कन्या** – आज आपकी प्रतिभा में निखार आएगा। नवीन वस्त्र और आभूषण खरीदने का विचार कर सकते हैं। विवाह को लेकर आ रही बाधा दूर होगी। व्यस्तता के बावजूद आप परिवार को समय देंगे। अधिकारियों की कृपा दृष्टि आपके ऊपर रहेगी।

**तुला** – आज पूरा दिन काफी अच्छा रहेगा। नई नौकरी ढूंढ रहे हैं तो दिन अनुकूल है। आपकी सोच काफी सकारात्मक रहेगी। सामाजिक मुद्दों पर खुलकर आप अपनी राय रख सकते हैं। पैतृक संपत्ति प्राप्त हो सकती है।

**वृश्चिक** – आज मार्केटिंग संबंधी गतिविधियों से आपको लाभ होगा। परिजनों के यहां घूमने जा सकते हैं। महिलाएं घरेलू कार्यों से ऊब सकती हैं। कारोबार में आपको नया प्रयोग करने से बचना चाहिए। गुप्त शत्रुओं से आपको सावधान रहना चाहिए।

**धनु** – आज मन में अनचाहे विचारों की भरमार रहेगी। कड़वी जबान का प्रयोग करने से बचें। खानपान की गुणवत्ता का ध्यान रखें। कुछ गुप्त बातें खुलकर सामने आ सकती हैं। स्वास्थ्य बेहतर बनाये रखने के लिए व्यायाम अवश्य करें।

**मकर** – आज व्यर्थ के कार्यों से आपको बचना चाहिए। व्यापार में आपको उत्तम लाभ होगा। परिवार के साथ घूमने के लिए जा सकते हैं। आपकी स्मरणशक्ति काफी प्रखर रहेगी। भोग-विलास के साधनों पर आप काफी धन खर्च कर सकते हैं।

**कुंभ** – आज सब लोगों से विचार-विमर्श कर निर्णय लेंगे, इसीलिए सबके चहेते बने रहेंगे। लोग आपका मजाक उड़ाने की कोशिश करेंगे। चैरिटी से जुड़े कार्यों में भाग ले सकते हैं। आप योजनाबद्ध तरीके से सभी कार्य करेंगे।

**मीन** – आज एक साथ कई काम लेने के कारण मानसिक तनाव हो सकता है। दूसरों की मदद करने का प्रयास करेंगे। संतान के व्यवहार से आप नाराज हो सकते हैं। परिवार के लोग आपसे काफी प्रसन्न रहेंगे। प्रियजनों की समस्याओं का ध्यान रखें।

## आज की फिल्में

B4U MOVIES
- खेल – सुबह : 09.00
- गुडबॉय – शाम : 06.00

&pictures
- खिलाड़ियों का खिलाड़ी – सुबह : 11.15
- अखंडा – रात : 07.30

SONY PIX
- ब्राइटबर्न – सुबह : 11.07
- स्पाइडर मैन – रात : 09.00

ZEE CINEMA
- सीटीमार – सुबह : 11.22
- वीरा द पॉवर – शाम : 04.40

ZEE ACTION
- इंटरनेशनल खिलाड़ी – सुबह : 10.47
- जाल – रात : 07.30

### आज की सुपरहिट फिल्म




जी सिनेमा पर शाम : 04.40 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

पत्नी- तुम बहुत स्वार्थी हो।
पति- भगवान के वास्ते अब बताओ भी, हुआ क्या है?
पत्नी- वो जो तुम्हारे लैपटॉप में एक फोल्डर है, तुम उसका नाम तुम उसका नाम अवर डाक्यूमेंट भी तो रख सकते थे न।
अब पति ने माइक्रोसॉफ्ट को मोडिफिकेशन के लिए मेल किया है।

लड़की से लड़का बोला- डार्लिंग मुझे तुम्हारी आंखों में सारी दुनिया दिखाई देती है।
पीछे से एक बूढ़ा बोला- हमारी गाय नहीं मिल रही, दिखे तो बताना बेटा।

# खिलाड़ियों ने की नियामक बोर्ड में अधिक प्रतिनिधित्व मांग की

नई दिल्ली, एजेंसी

- राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे पर खेल मंत्री ने अधिक प्रतिनिधित्व, सरकारी और निजी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय पर की बातचीत

देश के शीर्ष एथलीटों ने राष्ट्रीय खेल विधेयक के मसौदे पर खेल मंत्री मनसुख मांडविया से परामर्श के दौरान बुधवार को यहां खिलाड़ियों के लिए अधिक प्रतिनिधित्व, सरकारी और निजी हितधारकों के बीच बेहतर समन्वय और प्रस्तावित खेल नियामक संस्था के कार्यक्षेत्र के बारे में बातचीत की।

खेल नियामक बोर्ड की स्थापना मसौदा विधेयक की प्रमुख विशेषताओं में से एक है। इस निकाय के पास भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) और राष्ट्रीय खेल महासंघों को संबद्धता प्रदान करने, नवीनीकृत करने और निलंबित करने का अधिकार होगा। आईओए अध्यक्ष पीटी उषा पहले ही इसकी अत्यधिक शक्तियों पर सवाल उठा चुकी हैं। उन्होंने आगाह किया है कि इसके संविधान को अंतर्राष्ट्रीय ओलंपिक समिति द्वारा सरकारी हस्तक्षेप माना जा सकता है, जिससे भारत को निलंबित किया जा सकता है। मसौदा विधेयक के अनुसार राष्ट्रीय ओलंपिक समिति, राष्ट्रीय खेल महासंघों, राष्ट्रीय पैरालंपिक समिति और उनकी सहयोगी इकाइयों को खेल नियामक बोर्ड द्वारा निर्धारित जानकारी को सार्वजनिक करना होगा। मांडविया के साथ बुधवार की बैठक में मौजूद एक सूत्र ने कहा कि कई खिलाड़ियों और कोचों ने इस कदम का स्वागत किया लेकिन उन्होंने नियामक संस्था में अधिक प्रतिनिधित्व की मांग की। मसौदा विधेयक में पांच सदस्यीय नियामक संस्था में सिर्फ एक खेल रत्न और एक द्रोणाचार्य पुरस्कार विजेता का प्रावधान है, जबकि सचिव (खेल) इसके अध्यक्ष होंगे और महानिदेशक (भारतीय खेल प्राधिकरण) इसके पदेन सदस्य होंगे।

पांचवां सदस्य राष्ट्रीय खेल विश्वविद्यालय का कुलपति होगा। इस सूत्र ने गोपनीयता की शर्त पर बताया इस बैठक में शारीरिक या ऑनलाइन तरीके से लगभग 130 खिलाड़ी और कोच ने हिस्सा लिया। इसमें से ज्यादातर ने नियामक संस्था का समर्थन किया। इसमें खिलाड़ियों और कोचों की अधिक भागीदारी की मांग की गई।



### गठन के बाद स्वायत्त करेगी काम : मांडविया

मांडविया से जब पूछा गया कि क्या प्रस्तावित नियामक संस्था को सरकार द्वारा नियंत्रित किया जाएगा, तो उन्होंने कहा कि यह स्वायत्त होगी। सरकार द्वारा निकाय का गठन हो जाने के बाद, यह स्वायत्त रूप से कार्य करेगी। निकाय की शक्तियों के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि यह सब विधेयक में परिभाषित है। बैठक में मौजूद एक अन्य सूत्र ने कहा कि निशानेबाजी के एक प्रमुख कोच ने राष्ट्रीय खेल महासंघों द्वारा अपना वोट बैंक बढ़ाने के लिए अस्तित्व में नहीं होने वाले राज्य संघों को मान्यता देने पर गंभीर चिंता व्यक्त की। उन्होंने मंत्री से कहा कि ऐसे राज्य हैं जो केवल चुनाव परिणाम अपने पक्ष में करने के लिए मतदान के अधिकार के लिए हैं।

# एनआईएस पटियाला में जल्द ही लगवाएं मोंडोट्रैक : नीरज चोपड़ा

नई दिल्ली, एजेंसी



- वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करता है

खेल मंत्री मनसुख मांडविया के साथ राष्ट्रीय खेल विधेयक पर चर्चा के दौरान भारत के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी नीरज चोपड़ा ने सरकार से पटियाला स्थित राष्ट्रीय खेल संस्थान में मोंडोट्रैक को जल्दी लगाने की मांग की।

मोंडोट्रैक एक नई सतह है जिसका उपयोग ट्रैक स्पर्धाओं के लिए किया जा रहा है। ऐसा माना जाता है कि यह प्रदर्शन के स्तर को बढ़ाने के साथ चोट की संभावना को कम करता है। पेरिस ओलंपिक और ब्रसेल्स में आयोजित डायमंड लीग के फाइनल में ट्रैक स्पर्धाओं का आयोजन इसी पर किया गया था। दुनिया भर के शीर्ष खिलाड़ियों ने सराहना की थी। वल्केनाइज्ड रबर से बना यह ट्रैक खिलाड़ियों के चोटिल होने की संभावनाओं को कम करने के साथ उनकी गति को बढ़ाता है। यह खिलाड़ियों के लिए लय बनाये रखने में मददगार होता है और उन्हें कम थकान महसूस होती है। बैठक में चोपड़ा ने मोंडोट्रैक की आवश्यकता के बारे में जोर दिया।

## खेल डायरी

### जोहोर कप: ऑस्ट्रेलिया से हारा भारत लेकिन शीर्ष पर

**जोहोर बाहरू (मलेशिया)।** ऑस्ट्रेलिया ने भारत की जूनियर पुरुष हॉकी टीम के अजेय अभियान पर विराम लगाते हुए बुधवार को यहां सुल्तान ऑफ जोहोर हॉकी टूर्नामेंट में 4-0 से जीत दर्ज की। भारत की अग्रिम पंक्ति को ऑस्ट्रेलिया के डिफेंस को भेदने के लिए जूझना पड़ा जबकि पैट्रिक एंड्रयू (29वें मिनट) ने विरोधी टीम का खाता खोला जिसके बाद डेकिन स्टेंगर (33वें, 39वें और 53वें मिनट) ने हैट्रिक बनाकर टीम की आसान जीत सुनिश्चित की। इस हार के बावजूद भारत नौ अंक के साथ अंक तालिका में शीर्ष पर चल रहा है जबकि ऑस्ट्रेलिया सात अंक के साथ तीसरे स्थान पर है। न्यूजीलैंड आठ अंक के साथ दूसरे पायदान पर है। भारत ने अब तक तीन मुकाबले जीते हैं और राउंड रोबिन में उसे एक मैच और खेलना है।

### बांग्लादेश ने भारतीय महिला फुटबॉल टीम को हराया

**काठमांडू।** भारतीय फुटबॉल टीम को सैफ महिला चैम्पियनशिप 2024 के ग्रुप चरण के अपने आखिरी मैच में बुधवार को यहां बांग्लादेश से 1-3 से हार का सामना करना पड़ा। दोनों टीमें पहले ही सेमीफाइनल का टिकट पक्का कर चुकी थी। बांग्लादेश ने ग्रुप ए में शीर्ष स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल का टिकट कटाया किया जबकि भारतीय टीम दूसरे स्थान के साथ अंतिम चार में पहुंची। बांग्लादेश के लिए तोहुरा खातून (29वां और 42वां मिनट) ने दो गोल किये जबकि अफीदा खांडेकर (18 वां मिनट) ने एक गोल दागा। भारत के लिए मैच का इकलौता गोल कप्तान बाला देवी ने हेडर की मदद से किया। भारत को मिडफील्डर अंजू तमांग के चोटिल होने से भी झटका लगा। मैच के 27वें मिनट में उनके मैदान से बाहर जाने से टीम को परेशानी का सामना करना पड़ा। बांग्लादेश के खिलाफ यह भारत की लगातार दूसरी हार है।

### त्रिपुरा के खिलाफ रणजी मैच में नहीं खेलेंगे श्रेयस

**मुंबई।** मुंबई के सीनियर बल्लेबाज श्रेयस अय्यर निजी कारणों से त्रिपुरा के खिलाफ अगरतला में 26 अक्टूबर से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी के तीसरे दौर के मैच में नहीं खेलेंगे। मुंबई क्रिकेट संघ ने बुधवार को पीटीआई को बताया कि अय्यर ने मुंबई की सीनियर चयन समिति से कुछ दिन का विश्राम देने की अपील की थी जिसे स्वीकार कर लिया गया है। मुंबई ने अभी तक वर्तमान सत्र में जो तीन घरेलू मैच खेले हैं उन सभी में यह 29 वर्षीय बल्लेबाज टीम का हिस्सा था। इनमें शेष भारत के खिलाफ खेला गया ईरानी कप का मैच भी शामिल है जिसमें अय्यर ने 57 और आठ रन बनाए थे। अय्यर ने पिछले सप्ताह महाराष्ट्र के खिलाफ रणजी ट्रॉफी के दूसरे दौर के मैच में 142 रन की पारी खेली थी जिससे मुंबई इस टूर्नामेंट में सत्र की पहली जीत दर्ज करने में सफल रहा था।

### डब्ल्यूटीटी चैंपियन्स के प्री क्वार्टर फाइनल में मनिका

**मोंटपेलियर (फ्रांस)।** भारत की स्टार टेबल टेनिस खिलाड़ी मनिका बत्रा ने बुधवार को यहां एकतरफा मुकाबले में अमेरिका की लिली झेंग को 3-0 से हराकर डब्ल्यूटीटी चैंपियंस के महिला एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। पेरिस ओलंपिक के एकल प्री क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनकर इतिहास रचने वाली मनिका ने 22 मिनट से भी कम समय में 11-4, 11-8, 12-10 से आसान जीत दर्ज की। पेरिस खेलों में प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाने वाली चार बार की ओलंपियन झेंग ने तीसरे गेम में मनिका को कड़ी टक्कर दी लेकिन भारतीय खिलाड़ी ने धैर्य बरकरार रखते हुए जीत दर्ज की। मनिका ने झेंग के 22 अंक की तुलना में कुल 34 अंक बनाए।

### बोवेस ने लिस्ट ए क्रिकेट में लगाया सबसे तेज दोहरा शतक



**वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज चाड बोवेस ने बुधवार को केवल 103 गेंद पर दोहरा शतक जड़कर लिस्ट ए क्रिकेट में नया रिकॉर्ड बनाया। बोवेस ने खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज दोहरा शतक लगाने का रिकॉर्ड अपने नाम किया जो इससे पहले भारत के नारायण जगदीसन और ऑस्ट्रेलिया के ट्रैविस हेड के नाम दर्ज था। दक्षिण अफ्रीका में जन्मे न्यूजीलैंड के बल्लेबाज बोवेस ने फोर्ड ट्रॉफी में कैंटरबरी की तरफ से ओटागो के खिलाफ खेलते हुए यह उपलब्धि हासिल की। वह आखिर में 110 गेंद पर 205 रन बनाकर आउट हुए जो लिस्ट ए क्रिकेट में उनका सर्वोच्च स्कोर भी है।

भारत को श्रृंखला में वापसी करने के लिए करना होगा टीम का सही चयन, आज से शुरू होगा मुकाबला

# दूसरे टेस्ट में जीत के लिए उतरेगी टीम इंडिया

पुणे, एजेंसी

पहले मैच में अप्रत्याशित हार से आहत भारत को अगर न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन टेस्ट मैच की श्रृंखला में वापसी करनी है तो उसे गुरुवार से यहां शुरू होने वाले दूसरे मैच में सही तरह से चयन करके संतुलित टीम मैदान पर उतारनी होगी। भारत बेंगलुरु में खेले गए पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में केवल 46 रन पर आउट हो गया था। उसने दूसरी पारी में अच्छा खेल दिखाया लेकिन इसके बावजूद उसे आठ विकेट से हार का सामना करना पड़ा। भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैंपियनशिप की तालिका में अभी शीर्ष पर है, पहले मैच में हार के कारण उसे कुछ अंक गंवाने पड़े।

अगले महीने पांच टेस्ट मैच की श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया के दौरे पर जाने से पहले रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम की प्राथमिकता न्यूजीलैंड के खिलाफ अगले दो मैच में अच्छा प्रदर्शन करना होगा। यहां एमसीए स्टेडियम की पिच को भारत की स्थिति को देखकर तैयार किया गया है। इस पर घास नहीं है और इसे काली मिट्टी से तैयार किया गया है जिस पर न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों को बेंगलुरु जैसी उछाल नहीं मिलेगी। न्यूजीलैंड के तेज गेंदबाजों विलियम ओरूर्के, मैट हेनरी और टिम साउदी ने पहले मैच में भारतीय बल्लेबाजों को खासा परेशान किया था। ऐसे में भारत टर्निंग विकेट तैयार कर सकता है लेकिन अतीत में उसका यह दांव उल्टा भी पड़ चुका है। ऑस्ट्रेलिया ने आठ साल पहले यहां टर्निंग विकेट पर भारत को 333 रन से हराया था। इसी टीम ने पिछले साल इंदौर में खेले गए मैच में भारतीय टीम नौ विकेट से पराजित किया था। शुभमन वापसी करने के लिए तैयार है तथा राहुल और सरफराज में से किसी एक को उनके लिए जगह खाली करनी होगी।



दूसरे टेस्ट से पहले अभ्यास सत्र में रणनीति बनाती न्यूजीलैंड की टीम। ● एजेंसी



### विकेटकीपिंग करेंगे पंत, बुमराह के कार्यभार पर पुणे टेस्ट के बाद होगा फैसला : गंभीर

**पुणे।** भारत के मुख्य कोच गौतम गंभीर ने कहा है कि ऋषभ पंत को फिटनेस की कोई समस्या नहीं है और वह विकेटकीपिंग करेंगे जबकि जसप्रीत बुमराह के कार्यभार पर न्यूजीलैंड के खिलाफ बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे दूसरे टेस्ट के बाद फैसला लिया जाएगा। पंत को बेंगलुरू में पहले टेस्ट के दूसरे दिन चोट लगी थी और उनकी जगह ध्रुव जुरेल ने विकेटकीपिंग की थी। पंत ने वापसी करके 99 रन बनाए लेकिन विकेटकीपिंग नहीं की। गंभीर ने कहा वह कल विकेटकीपिंग करेगा। बुमराह ने इस सत्र में भारत में तीनों टेस्ट खेले और अब ऑस्ट्रेलिया दौरे में भी ज्यादा समय नहीं है तो भारतीय टीम दूसरे टेस्ट के बाद उन्हें आराम दे सकती है। गंभीर ने कहा एक बार श्रृंखला पूरी होने के बाद हमारे पास 10 या 12 दिन होंगे जिसके बाद ऑस्ट्रेलिया में पहला टेस्ट शुरू होगा। हमारे तेज गेंदबाजों को भी अच्छा ब्रेक मिल जाएगा लेकिन इस टेस्ट के बाद बुमराह के बारे में फैसला लेंगे। हमें पता है कि ऑस्ट्रेलिया का लंबा और महत्वपूर्ण दौरा होना है। कार्यभार प्रबंधन इस टेस्ट मैच के नतीजे और इस पर निर्भर करेगा कि उन्हें कितनी गेंदबाजी करनी पड़ रही है।

**मैच : सुबह 09:30 बजे**

**भारत :** रोहित शर्मा (कप्तान), जसप्रीत बुमराह (उप-कप्तान), यशस्वी जयसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल, सरफराज खान, ऋषभ पंत (विकेटकीपर), ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रविचंद्रन अश्विन, रविंद्र जड़ेजा, अक्षर पटेल, कुलदीप यादव, मोहम्मद सिराज, आकाश दीप, वाशिंगटन सुंदर।

**न्यूजीलैंड :** टॉम लैथम (कप्तान), डेवोन कॉनवे, केन विलियमसन, मार्क चैपमैन, विल यंग, डेरिल मिशेल, ग्लेन फिलिप्स, माइकल ब्रेसवेल, मिशेल सेंटनर, रचिन रवींद्र, टॉम ब्लंडेल (विकेटकीपर), अजाज पटेल, मैट हेनरी, टिम साउदी,, विलियम ओरूर्के, जैकब डफी।

### हमें स्पिनरों का करना होगा बेहतर इस्तेमाल : लाथम

**पुणे।** न्यूजीलैंड के कप्तान टॉम लाथम ने बुधवार को यहां कहा कि भारत के खिलाफ दूसरे टेस्ट में स्पिन-अनुकूल पिच को लेकर न्यूजीलैंड को किसी भी पूर्व निर्धारित सोच से बचते हुए अपने गेंदबाजी विकल्पों का प्रभावी उपयोग करने पर ध्यान देना होगा। तीन मैचों की श्रृंखला में बेंगलुरु में खेले गये शुरुआती टेस्ट में आठ विकेट से जीत के बाद न्यूजीलैंड ने 1-0 की महत्वपूर्ण बढ़त बना ली है। न्यूजीलैंड ने बेंगलुरू टेस्ट में भारतीय टीम को पहली पारी में 46 रन पर आउट कर दिया। भारत ने दूसरी पारी में मजबूत जज्बा दिखाया लेकिन टीम न्यूजीलैंड को 36 साल बार भारतीय सरजमीं पर जीत दर्ज करने से रोकने में नाकाम रही। लाथम ने दूसरे टेस्ट मैच की पूर्व संध्या पर कहा हमें परिस्थितियों से जल्दी सामंजस्य बैठाना होगा। अगर पिच से गेंद को अधिक टर्न मिलती है तो हमारी टीम में चार स्पिनर हैं। हम हालांकि पहले से निर्धारित सोच के साथ मैच में उतरने से बचना चाहेंगे। लाथम ने स्वीकार किया कि उन्होंने इस बात पर विचार किया है कि स्पिनरों का उपयोग कैसे किया जाए।

### आईसीसी की टेस्ट रैंकिंग में विराट कोहली से आगे निकले ऋषभ पंत

**दुबई।** ऋषभ पंत बुधवार को जारी आईसीसी की बल्लेबाजों के लिए टेस्ट रैंकिंग में अपने सुपरस्टार भारतीय साथी विराट कोहली को पीछे छोड़कर छठे स्थान पर पहुंच गए। पंत ने न्यूजीलैंड के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की दूसरी पारी में 99 रन बनाए थे जिससे उन्हें रैंकिंग में तीन स्थान का फायदा हुआ। दूसरी तरफ कोहली 70 रन बनाने के बावजूद एक पायदान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल चौथे स्थान पर भारत के सर्वोच्च रैंकिंग वाले बल्लेबाज बने हुए हैं। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा दो पायदान नीचे गिरकर श्रीलंका के दिमुथ करुणारत्ने के साथ संयुक्त 15वें स्थान पर हैं। इंग्लैंड के स्टार बल्लेबाज जो रूट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। न्यूजीलैंड के रचिन रवींद्र और डेवोन कॉनवे ने बल्लेबाजी रैंकिंग में लंबी छलांग लगाई जबकि उनके साथी मैट हेनरी गेंदबाजों की रैंकिंग में शीर्ष 10 में पहुंच गए हैं।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे विश्व कप की तैयारी करने उतरेंगीं महिलाएं

अहमदाबाद, एजेंसी

- महिला टी-20 विश्व कप के बाद न्यूजीलैंड के खिलाफ वनडे श्रृंखला का पहला मैच आज

भारतीय महिला टीम टी-20 विश्व कप के निराशाजनक प्रदर्शन को भुलाकर न्यूजीलैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाली तीन एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट मैच की श्रृंखला से अगले साल होने वाले वनडे विश्व कप की तैयारी शुरू करेगी जिसमें हरमनप्रीत कौर की कप्तानी भी दांव पर लगी होगी।

हरमनप्रीत के लिए यह श्रृंखला काफी महत्वपूर्ण है क्योंकि हाल में संयुक्त अरब अमीरात में खेले गए टी-20 विश्व कप में उनकी कप्तानी की काफी आलोचना हुई थी, भले ही उन्होंने भारत की तरफ से सर्वाधिक रन बनाए थे। भारत इस टूर्नामेंट में ग्रुप चरण से बाहर हो गया था। भारतीय टीम जहां टी-20 विश्व कप की निराशा को भुलाकर नए सिरे से शुरुआत करने की कोशिश करेगी वहीं न्यूजीलैंड की टीम उससे प्रेरित होकर अपना विजय अभियान जारी रखना चाहेगी। कीवी टीम ने पूरे टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करके खिताब जीता था। 35 वर्षीय हरमनप्रीत की कप्तानी की हाल में काफी आलोचना हुई थी लेकिन इसके बावजूद उन्हें इस पद पर बरकरार रखा गया है। भारतीय टीम में तेजल, साइमा और प्रिया के रूप में कुछ नए चेहरों को भी शामिल किया है।

# टी-20: जिम्बाब्वे के 344 रन सबसे बड़े स्कोर का रिकॉर्ड

**नैरोबी।** जिम्बाब्वे ने टी-20 विश्व कप के अफ्रीका क्वालीफायर में बुधवार को यहां गाम्बिया के खिलाफ चार विकेट पर 344 रन के साथ क्रिकेट के सबसे छोटे अंतर्राष्ट्रीय प्रारूप में सबसे बड़े स्कोर का विश्व रिकॉर्ड कायम किया। इंडियन प्रीमियर लीग में पंजाब किंग्स के लिए खेलने वाले टीम के कप्तान सिकंदर रजा ने ग्रुप बी के इस मैच में 43 गेंद में 15 छक्कों की मदद से नाबाद 133 रन बनाकर जिम्बाब्वे को विश्व रिकॉर्ड स्कोर तक पहुंचाने करने में अहम योगदान दिया।

जिम्बाब्वे ने नेपाल के रिकॉर्ड को पीछे छोड़ा जिसने पिछले साल एशियाई खेलों में मंगोलिया के खिलाफ 314 रन बनाए थे। जिम्बाब्वे ने इस मैच में 27 छक्के और 30 चौके लगाए। रजा के 15 छक्के हालांकि किसी टी-20 पारी में सर्वाधिक छक्कों का विश्व रिकॉर्ड नहीं है, यह रिकॉर्ड एस्टोनिया के साहिल चौहान के नाम है। साहिल ने साइप्रस के खिलाफ 18 छक्के लगाए थे। जिम्बाब्वे इसके साथ ही सबसे ज्यादा स्कोर बनाने वाली टीम बन गई। मूसा 4 ओवर में 93 रन लुटा कर सबसे महंगे गेंदबाज बने।



द्विपक्षीय श्रृंखला के पहले मैच में गेंद के लिए प्रयास करते दोनों टीमों के खिलाड़ी। ● एजेंसी

# जर्मनी ने भारत को 0-2 से हराया

**नई दिल्ली।** भारतीय पुरुष हॉकी टीम को दो मैचों की द्विपक्षीय श्रृंखला के पहले मैच में बुधवार को यहां जर्मनी के खिलाफ 0-2 से शिकस्त का सामना करना पड़ा।

पेरिस ओलंपिक के रजत पदक विजेता जर्मनी की ओर से मेजर ध्यान चंद राष्ट्रीय स्टेडियम में हेनरिक मर्टगेन्स ने तीसरे मिनट में पहला गोल दागा जबकि लुकास विंडफेडर ने 30वें मिनट में मेहमान टीम की बढ़त को 2-0 कर दिया जो अंत में निर्णायक स्कोर साबित हुआ। पेरिस ओलंपिक के कांस्य पदक विजेता भारत ने कई मौके बनाए लेकिन टीम को गोल करने में सफलता नहीं मिली। श्रृंखला का दूसरा मैच गुरुवार को यहीं खेला जाएगा।

## बॉलीवुड हलचल



# सोनम बनीं डिओर की नई ब्रांड एम्बेसडर

**मुंबई।** फ्रांस की प्रतिष्ठित लक्जरी फैशन हाउस डिओर ने ग्लोबल फैशन आइकन, अभिनेत्री और निर्माता सोनम कपूर को अपना ब्रांड एम्बेसडर बनाया है। सोनम कपूर अब मारिया ग्राजिया चिउरी द्वारा तैयार की गई डिओर की कलेक्शंस का प्रतिनिधित्व करेंगी। अपने नए एम्बेसडर के रूप में डिओर के साथ अपनी साझेदारी पर बात करते हुए सोनम कपूर ने कहा यह मेरे लिए एक सम्मान की बात है कि मैं डिओर की कहानी का हिस्सा बन रही हूं, जो फैशन की दुनिया में रचनात्मकता और एलिगेंस को फिर से परिभाषित कर रहा है। उनकी प्रत्येक कलेक्शन बारीक कारीगरी और धरोहर का उत्सव है, जो मेरे स्टाइल के साथ गहरे स्तर पर मेल खाता है। यह साझेदारी डिओर और भारत के बीच सांस्कृतिक समन्वय का एक और महत्वपूर्ण कदम है, और मैं उत्साहित हूं कि हम इसे आगे कहाँ ले जाएंगे।

### प्रभास के जन्मदिन पर रिलीज हुआ द राजा साब का मोशन पोस्टर

मुंबई। दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास के जन्मदिन पर उनकी आने वाली फिल्म द राजा साब का मोशन पोस्टर रिलीज किया गया है। मोशन पोस्टर में जंगल के बीच में पियानो पर बर्थडे की धुन बज रही है, उसके बाद जंगल में घूमते हुए एक रहस्यमयी व्यक्ति को दिखाया गया है, जो दर्शकों को एक पुराने महल में ले जाता है, जहां प्रभास का भव्य रूप आखिरकार सामने आता है। प्रभास एक पुराने महल की भव्य पृष्ठभूमि के सामने काले रंग की पोशाक में सिंहासन पर बैठे हुए दिखाई दे रहे हैं। पोस्टर में टैगलाइन भी है, हॉरर इज द न्यू ह्यूमर, उसके बाद हैप्पी बर्थडे, रिबेल साब। प्रभास ने पोस्टर को इंस्टाग्राम पर भी शेयर करते हुए लिखा, यह कुछ रोमांच और रोमांच का समय है। 10 अप्रैल, 2025 को सिनेमाघरों में मिलते हैं। मारुति द्वारा निर्देशित और पीपल मीडिया फैक्ट्री के बैनर तले विश्व प्रसाद द्वारा निर्मित, थमन एस द्वारा संगीत के साथ, फिल्म द राजा साब 10 अप्रैल, 2025 को पांच भाषाओं तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम में सिनेमाघरों में रिलीज के लिए तैयार है। फिल्म में मालविका मोहनन, निधि अग्रवाल और रिद्धि कुमार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं।

### इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया में बोमन को द मेहता बॉयज के लिए सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार

**मुंबई।** बॉलीवुड के जानेमाने चरित्र अभिनेता बोमन ईरानी ने द मेहता बॉयज के लिए प्रतिष्ठित इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिबल ऑफ साउथ एशिया (इफ्सा) टोरंटो सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता है। बोमन ईरानी ने अपने निर्देशन की पहली फिल्म द मेहता बॉयज के लिए लगातार दो पुरस्कार जीते हैं। उन्हें इस फिल्म में उनके बेहतरीन काम के लिए इफ्सा टोरंटो फिल्म फेस्टिवल में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता फीचर फिल्म का पुरस्कार दिया गया है। द मेहता बॉयज को अमेजन प्राइम वीडियो पर रिलीज किया जाएगा। कहानी एक पिता और बेटे के इर्द-गिर्द घूमती है, जो एक-दूसरे से 48 घंटे तक एक-दूसरे के साथ रहने को मजबूर हैं। द मेहता बॉयज में बोमन ईरानी, अविनाश तिवारी और श्रेया चौधरी मुख्य भूमिका में हैं और यह बोमन ईरानी और ऑस्कर विजेता लेखक एलेक्स दिनलेरिस द्वारा सह-लिखित है तथा ईरानी मूवीटोन के दानेश ईरानी और चकबोल्ड लिमिटेड की अनिकता बत्रा ने इसे निर्मित किया है।

# डोमिनिक ने हार के साथ टेनिस को कहा अलविदा

**वियना।** डोमिनिक थिएम ने अर्स्टे बैंक ओपन के पहले दौर में लुसियानो डार्डेरी से 7-6 (6), 6-2 से हार के साथ अपने पेशेवर टेनिस करियर को अलविदा कहा।



अमेरिकी ओपन में 2020 के चैंपियन थिएम ने पहले ही घोषणा कर दी थी कि इस टूर्नामेंट के बाद वह टेनिस से संन्यास ले लेंगे। वह पिछले कुछ समय से कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। ऑस्ट्रिया के इस खिलाड़ी ने अपने घरेलू दर्शकों के सामने अच्छी शुरुआत की और पहले सेट में एक समय वह 4-2 से आगे चल रहे थे लेकिन इसका फायदा नहीं उठा पाए। जब वह सेंटर कोर्ट से बाहर निकल रहे थे तो दर्शकों ने तालियों के साथ उनको विदाई दी। थिएम तीन ग्रैंड स्लैम, 2018 और 2019 फ्रेंच ओपन और 2020 ऑस्ट्रेलियाई ओपन मे उपविजेता भी रहे थे।

# स्पिनरों के लिए मददगार पिच पर इंग्लैंड से श्रृंखला जीतने उतरेगा पाकिस्तान

- तीन मैच की टेस्ट श्रृंखला का आखिरी मुकाबला आज से

**रावलपिंडी।** स्पिनरों के कमाल से दूसरा टेस्ट मैच जीतकर उत्साह से भरी पाकिस्तान की टीम इंग्लैंड के खिलाफ गुरुवार से यहां शुरू होने वाले तीसरे और अंतिम टेस्ट मैच में धीमी गति के गेंदबाजों के लिए अनुकूल पिच पर जीत दर्ज करके तीन मैच की श्रृंखला अपने नाम करने की कोशिश करेगी। पाकिस्तान के कप्तान शान मसूद पहले ही स्पष्ट कर चुके हैं कि इंग्लैंड के आक्रामक बल्लेबाजों पर लगाम कसने के लिए टीम को स्पिनरों की मददगार पिच की जरूरत पड़ेगी।

मैदानकर्मी इस बात को ध्यान में रखते हुए पिछले कुछ दिनों से विकेट को सुखाने के लिए हर संभव प्रयास कर रहे हैं। बाएं हाथ के स्पिनर नोमान अली और ऑफ स्पिनर साजिद खान ने मुल्तान में दूसरे टेस्ट में टर्न लेते विकेट पर इंग्लैंड के सभी 20 विकेट लिए, जिससे पाकिस्तान ने यह मैच जीतकर श्रृंखला 1-1 से बराबर की। हैरी ब्रूक के तिहरे शतक और जो रूट के करियर की सर्वश्रेष्ठ 262 रन की पारी की मदद से इंग्लैंड ने सात विकेट पर 823 रन का रिकॉर्ड स्कोर बनाकर श्रृंखला का पहला मैच पारी के अंतर से जीता था।

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक शंभू दयाल वाजपेयी द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उ.प्र.), पिन कोड-243006 से मुद्रित एवं 932 कटरा चांद खां, भारत पेट्रोल पंप के सामने पीलीभीत बाईपास रोड बरेली (उ.प्र.) पिन कोड-243005 से प्रकाशित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, स्थानीय संपादक- नवीन गुप्ता* 0581-4000222 (कार्यालय), ईमेल-amritvichar120@gmail.com, info@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2019/78502, *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी। (नोट-सभी विवादों का न्यायक्षेत्र बरेली होगा)।

